हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • शनिवार • 17.05.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 292 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### राज्य सेवा के 114 अफसर एसडीओ रैंक में प्रोन्नत

**रांची :** राज्य सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के 114 अफसरों को एसडीओ रैंक में प्रोन्नति दे दी है। कार्मिक ने शुक्रवार को इसका आदेश जारी कर दिया। जारी आदेश में कहा गया है कि उनका पद अपग्रेड करते हुए कहा गया है, वे जहां हैं वहीं पदस्थापित रहेंगे।
इसमें दिलीप कुमार और हरि उरांव की प्रोन्नति उनके खिलाफ सीबीआइ और एसीबी में दर्ज मामले से प्रभावित होगी। यह प्रोन्नति वंदना भारती बनाम राज्य सरकार, समीर कच्छप बनाम झारखंड सरकार और संजय पांडेय बनाम झारखंड सरकार के फैसलों से प्रभावित होगी।

### कैट ने तुर्किये और अजरबैजान के साथ व्यापार के बहिष्कार का किया ऐलान

**नयी दिल्ली :** व्यापारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने शुक्रवार को तुर्किये और अजरबैजान के साथ सभी कारोबारी और पर्यटन संबंधों को खत्म करने का ऐलान किया। कैट द्वारा राजधानी नई दिल?ली के होटल ललित में आयोजित राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन में देशभर से आए 125 से अधिक शीर्ष व्यापारिक नेताओं ने सर्वसम्मति से दोनों देशों के साथ सभी कारोबारी और पर्यटन संबंधों को खत्म करने का संकल्प लिया। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि देश के 24 राज्यों से आए 125 से अधिक व्यापारी प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन में तुर्किये और अजरबैजान के साथ सभी कारोबारी और पर्यटन संबंधों को खत्म करने का निर्णय लिया है। इस सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लाल, राष्ट्रीय सह-संयोजक अश्विनी महाजन और कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया और अन्य कारोबारी नेता मौजूद थे। खंडेलवाल ने बताया कि राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन में देशभर से आए हुए 125 से ज्यादा शीर्ष व्यापारिक नेताओं ने सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया है कि भारत का व्यापारिक समुदाय तुर्किये और अजरबैजान के साथ हर प्रकार के व्यापार एवं व्यावसायिक संबंधों का पूर्ण बहिष्कार करेगा, जिसमें यात्रा और पर्यटन भी शामिल है।

# नया मल्टी एजेन्सी सेंटर देश को गंभीर खतरों से निपटने के लिए बनायेगा मजबूत : शाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां नॉर्थ ब्लॉक में नए मल्टी एजेन्सी सेंटर (एमएसी) का उदघाटन किया और कहा कि यह आतंकवाद, उग्रवाद, संगठित अपराध और साइबर हमलों जैसे गंभीर खतरों से निपटने में देश के प्रयासों को मजबूती प्रदान करेगा।
श्री शाह ने इस अवसर पर कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर प्रधानमंत्री की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, खुफिया एजेंसियों की सटीक सूचना और तीनों सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का अद्वितीय प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी तीनों सेनाओं, सीमा सुरक्षा बल और सभी सुरक्षा एजेंसियों पर गर्व है। हाल ही में, छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा से लगते क्षेत्र में केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों द्वारा चलाए गए ऐतिहासिक नक्सल विरोधी ऑपरेशनों के बारे में केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ ये ऐतिहासिक अभियान सुरक्षाबलों के बेहतरीन समन्वय को दशार्ते हैं। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार का समन्वय ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी देखने को मिला जिससे पता चलता है कि खुफिया एजेंसियों तथा तीनों सशस्त्र सेनाओं द्वारा कार्य को अंजाम देने की प्रक्रिया और सोच में काफी बेहतर समन्वय है।
केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि यह नया सेंटर जटिल और परस्पर रूप से जुड़ी मौजूदा राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में सभी एजेंसियों के प्रयासों को मजबूत करेगा और एक निर्बाध तथा एकीकृत प्लेटफार्म प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि नया नेटवर्क, आतंकवाद, उग्रवाद, संगठित अपराध और साइबर हमलों जैसे गंभीर खतरों से निपटने में देश के प्रयासों को मजबूती प्रदान करेगा। श्री शाह ने सेंटर की प्रशंसा करते हुए हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर से जुड़े कार्यों को रिकॉर्ड समय में सफलतापूर्वक पूरा करने पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों के पास जो महत्वपूर्ण डाटाबेस एकाकीपन में काम कर रहे हैं, उन्हें भी इस प्लेटफार्म पर जोड़ा जाना चाहिए जिससे नए सेंटर के पास उपलब्ध डाटा का फायदा उठाया जा सके। भारत के सबसे अग्रणी केन्द्र के रूप में एमएसी वर्ष 2001 से अस्तित्व में है इसने खुफिया, सुरक्षा, कानून प्रवर्तन और जांच एजेंसियों को आपस में जोड़ने का काम किया है। पांच सौ करोड़ रुपए की लागत से तैयार नए नेटवर्क में अनेक बदलाव किए गए हैं। यह देश भर में फैला है जिसमें देश के द्वीपीय हिस्से, उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र और ऊंचे पहाड़ी क्षेत्र भी शामिल हैं। इसमें दूरदराज के क्षेत्रों के जिला पुलिस अधीक्षक तक संपर्क सुविधा दी गई है।



### ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री के दृढ़ निश्चय, सटीक खुफिया जानकारी को दर्शाता है : अमित शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प, विभिन्न एजेंसियों द्वारा सटीक खुफिया जानकारी जुटाने और भारतीय सशस्त्र बलों की अचूक मारक क्षमता का प्रतिबिंब है। उन्होंने विभिन्न एजेंसियों के बीच खुफिया जानकारी साझा करने के लिए दिल्ली में एक नए बहु-एजेंसी केंद्र का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर मोदी के दृढ़ संकल्प, विभिन्न एजेंसियों द्वारा सटीक खुफिया जानकारी जुटाने और हमारे सशस्त्र बलों की अचूक मारक क्षमता का प्रतिबिंब था। खुफिया ब्यूरो के तहत बहु-एजेंसी केंद्र की स्थापना 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों के बाद की गई थी, जिसका उद्देश्य कानून प्रवर्तन में शामिल विभिन्न हितधारकों के बीच समय पर जानकारी साझा करना था।



रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में बीआईटी मेसरा के कुलपति डॉ इंद्रनील मन्ना ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

# टीएसपीसी कमांडर दिवाकर गंझू सहित दो उग्रवादी गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के बुढ़मू थाना पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटि (टीएसपीसी) कमांडर दिवाकर गंझू सहित दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो देशी पिस्तौल, छह जिंदा गोली, टीएसपीसी का पर्चा, चार राउटर, तीन पावर बैंक, पांच मोबाइल और चार मोबाइल चार्जर सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं।
डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अपने दस्ते के साथ दिवाकर चैनगढ़ा, गम्हरिया में लेवी वसूलने और क्षेत्र में दहशत फैलाने के लिए किसी बड़ी योजना को अंजाम देने के फिराक में है। साथ ही पतरातू की आरे से आने वाले राहगीरों को रोककर उन लोगों का मोबाईल चेक रहे हैं और मारपीट कर रहे हैं। सूचना के बाद खलारी डीएसपी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए बुढ़मू थाना क्षेत्र के चैनगढ़ा, गम्हरिया जंगल से दिवाकर गंझू और अक्षय गंझू को गिरफ्तार किया है जबकि तीन-चार उग्रवादी जंगल झाड़ी का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। दिवाकर उग्रवादी जगु गंझू के कहने पर करीब 15 साल पहले टीएसपीसी संगठन में शामिल हुआ था।

# रांची की साक्षी जैन ने लहराया झारखंड का परचम, फोर्ब्स अंडर 30 में मिली जगह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची की साक्षी जैन ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्हें प्रतिष्ठित फोर्ब्स मैग्जीन की 30 अंडर-30 एशिया सूची में शामिल किया गया है। इस उपलब्धि पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने उन्हें बधाई दी है।



### पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि साक्षी जैन का चयन पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि साक्षी जैन ने सोशल मीडिया मार्केटिंग एंड एडवरटाइजिंग कैटिगरी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। साक्षी जैन चार्टर्ड अकाउंटेंट और कंटेंट क्रिएटर हैं। उन्हें मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर सहित कई अवाड्र्स से सम्मानित किया गया है। फोर्ब्स थर्टी अंडर-30 एशिया में चयन होना उनकी एक और बड़ी उपलब्धि है।

### मारवाड़ी समाज का मान बढ़ा

रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के पदाधिकारियों ने कहा कि साक्षी जैन का चयन मारवाड़ी समाज का मान बढ़ाने वाला है। उन्होंने कहा कि साक्षी जैन ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है।
साक्षी जैन को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। मारवाड़ी सम्मेलन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।
फोर्ब्स थर्टी अंडर-30 एशिया की सूची में चयन के लिए कई चरणों की प्रक्रिया होती है। इसमें आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का मूल्यांकन उनकी उपलब्धियों, नवाचार और उद्योग में उनके प्रभाव के आधार पर किया जाता है।

# बिहार कैबिनेट में 69 एजेंडों पर मुहर, गया शहर का नाम बदला, सरकारी कर्मचारियों को भी बड़ा तोहफा

एजेंसी

**पटना :** बिहार में शुक्रवार को कैबिनेट की अहम बैठक हुई, जिसमें सीएम नीतीश कुमार के साथ तमाम बड़े मंत्री मौजूद रहे। बिहार कैबिनेट में नीतीश सरकार ने 69 एजेंडों पर मुहर लगाई है। इस बैठक में गया शहर का नाम बदलने से लेकर कर्मचारियों के डीए बढ़ाने समेत कई अमह फैसलों पर मुहर लगी है।



### राज्य सरकार पर 1070 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार

इस बैठक में सातवां केंद्रीय वेतनमान तहत वेतन पेंशन पाने वाले सरकारी कर्मियों का को बड़ा तोहफा 53 प्रतिशत से बढ़ा कर 55 प्रतिशत करने का फैसला लिया गया। कुल 2 प्रतिशत प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाया गया है। वहीं छठे वेतनमान के तहत वेतन और पेंशन पाने वाले सरकारी कर्मियों को 6 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाया गया है।
पांचवें वेतनमान के तहत वेतन और पेंशन पाने वाले को 11 प्रतिशत का महंगाई भत्ता बढ़ाया गया है, इसकी स्वीकृति आज कैबिनेट में मिल गई है। महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी से राज्य सरकार पर 1070 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा।
कैबिनेट की मीटिंग में गया शहर का नाम बदलने की स्वीकृति मिल गई है। अब नया नाम गया जी हो गया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से गया शहर का नाम बदलकर गयाजी करने का प्रस्ताव आया था, जिसे बिहार कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है।


### सुशील मोदी की जन्मतिथि पर राजकीय समारोह

इसके साथ ही पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी की प्रत्येक वर्ष 5 जनवरी को राजकीय समारोह को के रूप में जन्मतिथि मनाई जाएगी। इसकी भी कैबिनेट में मंजूरी मिली है। वहीं ऑपरेशन सिंदूर के तहत शहीद होने पर जवानों के परिजनों को 50 लख रुपये दिए जाएंगे। वहीं जीविका दीदी के लिए अलग बैंक होगा, जन्म-मृत्यु का रजिस्ट्रेशन अब गांव स्तर पर पंचायत सचिव के माध्यम से हो सकेगा और नए आंगनबाड़ी केंद्रों को भी मंजूरी दी गई है। पंचायत सरकार भवनों के लिए 27 अरब रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

# पाकिस्तान आतंकियों को दे रहा मदद, आईएमएफ को कर्ज देने से पहले सोचना चाहिए : रक्षा मंत्री

एजेंसी

**भुज :** दो दिवसीय दौरे पर गुजरात पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को भुज एयरबेस पर सैनिकों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया। इस दौरान सेना के तीनों विंग के अधिकारी मौजूद रहे। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक बड़ा और गंभीर दावा करते हुए कहा है कि पाकिस्तान फिर से आतंकवाद के रास्ते पर लौटने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान सरकार लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के ढांचे को दोबारा खड़ा करने में जुट गई है और इसके लिए वह सार्वजनिक धन का इस्तेमाल कर रही है। इसके साथ ही राजनाथ सिंह ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से पाकिस्तान को दिए गए एक अरब डॉलर की सहायता पर पुनर्विचार करने की मांग की है। राजनाथ सिंह शुक्रवार को गुजरात के भुज एयरबेस पहुंचे थे जहां उन्होंने हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय वायुसेना के जवानों की सराहना की। इसी दौरान उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की सख्त कार्रवाई के बाद भी सबक नहीं सीखा है और अब वह अपने आतंक के जाल को दोबारा बुनने की कोशिश कर रहा है।



### आईएमएफ से एक अरब डॉलर की किश्त पर उठाए सवाल

रक्षा मंत्री ने कहा कि आईएमएफ ने पाकिस्तान को 1 अरब डॉलर की सहायता राशि दी है, जिसका एक बड़ा हिस्सा आतंकी गतिविधियों को दोबारा शुरू करने में खर्च हो सकता है। उन्होंने पूछा, क्या यह आईएमएफ द्वारा आतंकवाद के अप्रत्यक्ष वित्तपोषण जैसा नहीं है? उन्होंने यह भी जोड़ा कि भारत ने इस सहायता पर पहले ही आपत्ति जताई थी, लेकिन इसके बावजूद 9 मई को जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर था, आईएमएफ ने पाकिस्तान को यह रकम दे दी।

### मुरीदके और बहावलपुर में फिर से जाल बिछा रहा है पाकिस्तान

राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान सरकार ने मुरीदके और बहावलपुर में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के लिए फिर से ढांचा खड़ा करने के लिए फंड देने की घोषणा की है। ये वही संगठन हैं जो भारत में कई बड़े आतंकी हमलों में शामिल रहे हैं, जिनमें 26/11 का मुंबई हमला भी शामिल है। रक्षा मंत्री ने सबसे चौंकाने वाली बात यह कही कि पाकिस्तान की सरकार संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकी मसूद अजहर पर करीब 140 मिलियन पाकिस्तानी रुपये यानी लगभग 14 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बना रही है। यह रकम वहां के आम नागरिकों से वसूले गए टैक्स से जुटाई जाएगी। रक्षा मंत्री ने सवाल उठाया कि क्या यह आतंक के लिए आर्थिक मदद नहीं है?

### आईएमएफ को देनी चाहिए जवाबदेही

राजनाथ सिंह ने आईएमएफ से मांग की कि वह पाकिस्तान की आर्थिक मदद को लेकर जवाबदेही तय करे। उन्होंने कहा कि अगर कोई देश आतंकवाद को बढ़ावा देने में आर्थिक मदद कर रहा है तो उसके खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए, चाहे वह सीधी मदद हो या फिर कर्ज के रूप में।

# राष्ट्रपति ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य को प्रदान किया ज्ञानपीठ पुरस्कार

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में जगद्गुरु रामभद्राचार्य को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने श्रेष्ठता के प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में जगद्गुरु रामभद्राचार्य को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त करने पर बधाई दी और कहा कि आप अनेक प्रतिभाओं से सम्पन्न हैं तथा आपके योगदान बहुआयामी हैं। आपने शारीरिक दृष्टि से बाधित होने के बावजूद अपनी अंतर्दृष्टि बल्कि दिव्यदृष्टि से साहित्य और समाज की असाधारण सेवा की है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय साहित्य की सभी भाषाओं में भारतीय मिट्टी की सुगंध स्पष्ट रूप से मौजूद है। यह ज्ञानपीठ पुरस्कार भारतीय साहित्य की इसी महत्ता को दर्शाता है। भारतीय ज्ञानपीठ के इन दो शब्दों में भारत के लोगों के ज्ञान और परंपराओं की मूल एकता व्यक्त होती है। यह एकता भारत के लोगों की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और साहित्यिक एकता की अभिव्यक्ति है। वाल्मीकि, व्यास और कालिदास से लेकर रवींद्रनाथ टैगोर जैसे महान कवियों की रचनाएं एक जीवंत भारत की धड़कन को दर्शाती हैं। यह धड़कन भारतीयता का सार है और हमारी भारतीय चेतना की नींव है। राष्ट्रपति ने ज्ञानपीठ पुरस्कार के चयनकर्ताओं और प्रशासकों की सराहना करते हुए कहा कि ज्ञानपीठ पुरस्कार के चयनकर्ताओं ने भारतीय भाषाओं के श्रेष्ठ लेखकों का चयन करके इस पुरस्कार की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है। मैं सभी पूर्व और वर्तमान चयनकर्ताओं, चयन समिति के अध्यक्षों और भारतीय ज्ञानपीठ ट्रस्ट के प्रशासकों की सराहना करती हूं। साहित्य समाज को जोड़ता भी और जगाता भी है। 19वीं सदी के सामाजिक जागरण से लेकर बीसवीं सदी में हमारे स्वाधीनता संग्राम से जन-जन को जोड़ने में कवियों और रचनाकारों ने महानायकों की भूमिका निभाई है।



## एक नजर

### हजारीबाग में फिर से बहाल हुई डायलिसिस सुविधा

**हजारीबाग :** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने आयुष्मान भारत योजना के तहत डायलिसिस सुविधा की बहाली और मरीजों को राहत मिलने के लिए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और हजारीबाग के सिविल सर्जन का आभार व्यक्त किया है। मुन्ना सिंह ने कहा कि हाल ही में डायलिसिस से पीड़ित मरीजों ने निजी अस्पतालों में सुविधा नहीं मिलने की शिकायत की थी, जिसे उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों के समक्ष रखा था। इसके बाद मंत्री और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए व्यवस्था में सुधार किया गया, जिससे मरीजों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि यह सकारात्मक बदलाव जनहित के प्रति सरकार और स्वास्थ्य विभाग की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगे भी इस तरह की समस्याओं पर संवेदनशीलता और तत्परता से कार्रवाई की जाएगी। मुन्ना ने यह भी दोहराया कि कांग्रेस पार्टी जनस्वास्थ्य और आम जनता की भलाई को सर्वोपरि मानती है और इसी मूल उद्देश्य के साथ गरीब, पीड़ित और वंचित वर्ग की आवाज उठाने का कार्य करती रहेगी।

### कलश यात्रा के साथ दनुआ में हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा व रुद्र महायज्ञ प्रारम्भ

**चौपारण :** चोरदाहा पंचायत के ग्राम दनुआ स्थित शिव मंदिर में शुक्रवार से भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्री श्री 108 हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ की शुरूआत हुई। कलशयात्रा में बरही विधायक मनोज कुमार यादव सहित अन्य शामिल हुए। मुख्यपुजारी व अन्य श्रद्धालुओ को कलश देकर यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा में 1001 श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर परिसर से गाजे बाजे के साथ श्रद्धालु कलश उठाकर भलुआ बाराचट्टी के महने नदी पहुंचे, मुख्य यज्ञाचार्य द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरा। उसके बाद श्रद्धालु नगर भ्रमण करते हुए दनुआ शिव मंदिर पहुंचकर कलश को स्थापित किया। विधायक मनोज यादव ने कहा कि यज्ञ करने से गांव में सुख शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। इससे पूर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने अतिथियो को अंगवस्त्र से स्वागत किया। यज्ञाचार्य ओम प्रकाश पांडे नेतृत्व में पंडित नरेश पांडे, चंदशेखर पांडे, महायज्ञ में यजमान के रूप में मदन प्रसाद केशरी, सुरेश प्रसाद केशरी, विजय विश्वकर्मा, महेश विश्वकर्मा,दिलीप केशरी,बाढ़ो साव, महेन्द्र प्रसाद केशरी, कल्लू ठाकुर आयोजन की जानकारी मंदिर समिति के सदस्य सुरेंद्र प्रसाद केशरी ने दी। 17 मई से राम कथा का आयोजन किया जाएगा। यह यज्ञ 24 मई तक चलेगा कलश यात्रा में मुख्यरुप से जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन, स्थानीय पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष सुखेदव पासवान, मुखिया कासिया देवी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजकुमार यादव ,भलुआ पंचायत मुखिया प्रतिनिधि जगदीश यादव, भाजपा नेता विकास यादव, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य रामस्वरूप पासवान, अशोक केसरी, अशोक पासवान, बैजनाथ गंजू, उत्तम गंजू विजय पासवान, जितेंद्र ठठेरा पंकज ठठेरा, तेजू पासवान, कपूर पासवान, रामवृक्ष यादव, दूधेश्वर यादव,सतेन्द्र केशरी, कृष्ण केशरी, ब्रजमोहन केशरी, विजय साव, प्रकाश केशरी, ब्रजेश गुप्ता, प्रेंस केशरी, पिंटू विश्वकर्मा, अरुण विश्वकर्मा आदि शामिल थे।

# नशाखोरी के पदार्थ खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करें पुलिस पदाधिकारी : एसपी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस गोष्ठी में हजारीबाग पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारीयों एवं पुलिस पदाधिकारियों को विभिन्न बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिया गया। जिसमें वर्ष 2020 तक जितने भी कांड लंबित है उन सभी कांडों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन, एनडीपीएस से संबंधित जितने भी कांड लंबित है उन सभी कांडों को निष्पादन, महिला प्रताड़ना एवं हिंसा तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित कांडों में अविलंब कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर उन कांडों



का निष्पादन , पिछले माह में घटित सभी महत्वपूर्ण अपराधिक कांडों की समीक्षा की गयी तथा सभी कांडों के त्वरित निष्पादन, वर्ष 2024 के पूर्व जितने भी कांड लंबित है उन सभी कांडों को प्राथमिकता के आधार पर अविलंब निष्पादन, सभी थानों में जितने भी जमानती तथा गैरजमानती वारंट, इश्तेहार एवं कुर्की- जब्ती हेतु लंबित है। उसे एक विशेष अभियान चलाकर निष्पादन , सिविल कोर्ट के सुरक्षा की नियमित रूप समीक्षा करते हुए सुरक्षा से संबंधित सभी मानकों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित, नशाखोरी के पदार्थ खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश , विभिन्न सोशल मिडिया की मोनिटरिंग करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनन कार्रवाई करने, संगठित अपराध गिरोहों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों तथा साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले व्यक्तियों के खिलाफ CCA एवं NSA के तहत कार्रवाई करने का निर्देश, सरकारी जमीन से संबंधित जितने भी मामले थाना में लंबित है उन्हें यथाशीघ्र संबंधित अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर उसका निष्पादन, अवैध कोयला, बालू एवं पत्थर उत्खनन पर पूर्णत रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके लिए संबंधित अंचल अधिकारी एवं जिला खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन पर कार्रवाई करने, सभी थाना प्रभारी को साइबर से संबंधित जितने भी कांड लंबित है उसे प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करते हुए उसमें शामिल अभियुक्त की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देश, आर्म्स एक्ट के पुराने कांडों में जितने भी अभियुक्त जेल से बाहर हुए हैं उन सभी अभियुक्त को को सत्यापन कर उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश, सभी थाना प्रभारी अपने अपने थानों में आम पब्लिक की समस्याओं को सुने एवं उसकी समस्याओं को समय पर निष्पादित करना शामिल है ।

## दनुवा में कंटेनर और ट्रेलर की टक्कर में दो की दर्दनाक मौत


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** झारखंड-बिहार सीमा से सटे चौपारण की कुख्यात दनुआ घाटी एक बार फिर भीषण सड़क दुर्घटना का गवाह बनी है। शुक्रवार की अहले सुबह घाटी में हुए एक दर्दनाक हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुर्घटना इतनी भयावह थी कि मृतकों के शव घंटों तक वाहन के मलबे में फंसे रहे। हादसा कंटेनर संख्या आरजे 10 जीबी 1310 और एक ट्रेलर संख्या आरजे 40 जीए 2246 के बीच हुई जोरदार टक्कर से हुआ। दोनों वाहन झारखंड से बिहार की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेलर में लोहे की भारी रिंगें लदी हुई थीं और वह आगे चल रही थी, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने अनियंत्रित होकर ट्रेलर में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कंटेनर के चालक और उपचालक केबिन में ही दबकर बुरी तरह घायल हो गए और कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान उत्तर प्रदेश के रहने वाले कैलाश सिंह (पिता - मलखान सिंह) और दिनेश कुमार (पिता - डूंगर सिंह) के रूप में हुई है। दोनों ही कंटेनर में सवार थे। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन शवों को निकालने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। घटनास्थल पर जमा स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि दनुआ घाटी में लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं, लेकिन न तो गति नियंत्रण के लिए कोई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं और न ही घाटी में सड़क सुरक्षा के उपाय किए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि घाटी में न तो ट्रैफिक सिग्नल है और न ही किसी प्रकार की मॉनिटरिंग। ओवरलोडेड और तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही पर भी कोई नियंत्रण नहीं है। खराब सड़कें, तीव्र मोड़, तेज ढलान और वाहनों की अनियंत्रित गति इस क्षेत्र को अत्यंत खतरनाक बना रही है।

## स्थानीय निवासियों और प्रभावित लोगों की समस्याओं को नजर अंदाज न किया जाए : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** केरेडारी प्रखंड के बेंगवारी पंचायत के रैयतों तथा खनन परियोजना केरेंडारी (एनटीपीसी) के अधिकारियों के साथ उपायुक्त नैंसी सहाय ने आज शुक्रवार को कार्यालय सभाकक्ष में वार्ता की। बैठक में मुख्यतः शुद्ध पेयजल प्रदूषण, रोजगार, कृषि, सड़क, ब्लास्टिंग के समय स्थानीय लोगों की समस्या,महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने समेत कई मुद्दे पर निर्णायक चर्चा किया गया। केरेडारी का बेंगवारी पंचायत माइनिंग अधिग्रहण क्षेत्र में नहीं आता है,लेकिन सीमावर्ती पंचायतों में हो रहे खनन कार्यों के कारण यह पंचायत प्रत्यक्ष रूप से पूर्णतः प्रभावित है। खनन कार्य के कारण बेंगवारी पंचायत में शुद्ध पेयजल की समस्या,जमीनी जल स्तर में कमी,नदियों के सुख जाने से कृषि कार्य की समस्या उत्पन्न हो गई है,इन्हीं बिंदुओं के निराकरण को लेकर बेंगवारी पंचायत के रैयतों ने



उपायुक्त के साथ बैठक की। उपरोक्त विषय को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय ने एनटीपीसी के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रैयतों को शुद्ध पेयजल मिले यह सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रहे*,इस विषय पर किसी प्रकार का तर्क वितर्क स्वागत योग्य नहीं है। यह मनुष्य के स्वास्थ्य से जुड़ा है इसलिए इसे सर्वोच्च प्राथमिकता मिले। एनटीपीसी के द्वारा इन रैयतों को टैंकर के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे पेयजल की जांच कराकर रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि कंपनी इस बात का ख्याल रखे कि स्थानीयों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित न होना पड़े। उन्होंने पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करानें को लेकर प्रभावित लोगों के घरों का आकलन कर डीप बोरिंग हेतु सर्वे कराने का निर्देश दिया। सड़क के किनारे बसे होने के कारण ट्रकों से कोयले की ढुलाई के दौरान अत्यधिक कोल डस्ट और प्रदूषण के लिए ग्रीन नेट लगाने के उपायुक्त के निर्देश पर एनटीपीसी के द्वारा सहमति प्रदान की गई। कृषि को लेकर उपायुक्त ने कहा कई क्षेत्रों में कोल खनन के कारण जल स्तर कम होने तथा नदियों के सुख जाने से स्थानियों के कृषि कार्य प्रभावित हुए है उन्हें मर्चरिंग,ड्रिप सिंचाई, लिफ्ट सिंचाई के माध्यम से कृषि कार्य हेतु किस प्रकार की सुविधाओं को बहाल किया जा सकता है ।

## खबर का हुआ असर : आयुष्मान भारत योजना के तहत शुरू हुआ पीड़ित लाभार्थियों का इलाज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** आयुष्मान भारत योजना भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में एक है। इस योजना का लाभ हजारीबाग में मरीज को नहीं मिल रहा था। इस खबर को दैनिक प्रत्यूष नवबिहार में बड़ी प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था जिसके खबर का असर देखने को मिला है। हजारीबाग सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर एसपी सिंह ने जानकारी दिया कि यह योजना हजारीबाग में सभी अस्पतालों में शुरू कर दी है। अस्पताल प्रबंधकों को आश्वासन दिया गया है कि सरकार बकाया राशि का भुगतान जल्द से जल्द कर दिया जाएगा। आयुष्मान भारत योजना एक ऐसी योजना जो गरीब व्यक्तियों के लिए वरदान से काम नहीं है। इस योजना के तहत 5 लाख रुपया तक का निशुल्क स्वास्थ्य लाभ आयुष्मान कार्ड धारकों को दिया जाता है। सरकारी पैसा का भुगतान नहीं होने के कारण हजारीबाग के 20 अस्पतालों ने आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभार्थियों का इलाज बंद कर दिया था। इस खबर को बड़ी प्रमुखता के साथ दैनिक प्रत्यूष नवबिहार प्रकाशित किया था इसका असर हुआ है कि सभी अस्पताल को आश्वासन दिया गया है कि जो भी पैसा का भुगतान नहीं किया गया है सरकार एक माह के अंदर भुगतान कर देगी। आश्वासन मिलने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने भी इलाज प्रारंभ कर दिया है। जैसे ही यह बात प्रकाश में आई तो लाभुक भी अस्पताल पहुंचना शुरू कर दिए हैं। हजारीबाग सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर एसपी सिंह ने जानकारी दिया कि योजना का लाभ मिलना मरीज को शुरू हो गया है। जो कुछ समस्या थी उसका समाधान भी बहुत जल्द कर लिया जाएगा। सभी अस्पताल प्रबंधकों ने आश्वासन भी दिया है कि कार्ड धारक को यह सुविधा दी जाएगी। मरीज ने बताया कि पिछले 10 दिनों से हजारीबाग में यह सेवा बंद थी। जिस कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। खासकर डायलिसिस के मरीज को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जैसे ही यह सुविधा शुरू हुआ तो मरीजों को राहत मिला है। उन्होंने सरकार से मांग की है इस योजना को हमेशा जारी रखें ताकि स्वास्थ्य लाभ गरीबों को मिल पाए।

## झारखंड विधानसभा की आवास समिति ने हजारीबाग जिले का दौरा किया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड विधानसभा आवास समिति ने शुक्रवार को हजारीबाग जिले का दौरा किया। समिति के सभापति सह विधायक दशरथ गागराई और समिति के सदस्य सह सदर विधायक ने शुक्रवार को परिसदन भवन में जिले के सरकारी भवनों, आवासों और बुनियादी संरचनाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने विद्युत, शिक्षा, स्वास्थ्य, भवन निर्माण, ग्रामीण विकास, पथ निर्माण, जल संसाधन, कृषि एवं पशुपालन, कल्याण, नगर निगम, उत्पाद, परिवहन, वन, राजस्व एवं भूमि सुधार, खनन, एनएच सहित अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने पिछले तीन वर्षों के दौरान हुए मरम्मत कार्यों, नये भवन निमार्णों और उनसे संबंधित पत्राचार की जानकारी संबंधित विभागों से ली। सभापति ने सरकारी छात्रावास, विद्यालयों एवं छात्रावासों की वर्तमान स्थिति, विगत वर्षों में हुए मरम्मत कार्य की जानकारी ली एवं अधूरे पड़े भवनों का निर्माण शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। बैठक में बभनवे में बन रही पावर ग्रिड में आ रही समस्या को दूर करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में समिति के सभापति दशरथ गागराई ने कहा कि झारखंड विधानसभा समिति को इस बैठक में कुछ विभाग से असंतोष प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की जिम्मेवारी होगी कि आगे से जो भी विधानसभा की टीम आएगी, उस बैठक में सभी विभागों को पूरी तैयारी के साथ बैठक में भेजना सुनिश्चित करेगी।

# कटकमसांडी कोल साइडिंग में चट्टी बरियातू ने की 1000वीं कोयला रैक की रवानगी, टारगेट पूरा कर बनाया रिकॉर्ड

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कटकमसांडी :** कटकमसांडी रेलवे साइडिंग में चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना के अंतर्गत (पियनम) कंपनी के द्वारा 15 मई 2025 को कटकमसांडी रेलवे साइडिंग से 1000 वें कोयला रैक भेज कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इसके साथ ही परियोजना ने गुरुवार को महज कुछ दिनों के रिकॉर्ड समय में 1000 कोयला रैक भेज कर एक मील का पत्थर हासिल किया। चट्टी बरियातू परियोजना के निदेशक पवन कुमार रावत ने इस उपलब्धि पर सभी कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा की आज देश का हर चौथा बल्ब एनटीपीसी

> ▸ देश कर हर चौथा बल्ब एनटीपीसी की बिजली से रौशन : पवन कुमार

की बिजली से रौशन है और हमारी परियोजना का योगदान इसमे बहुत अहम रहा है। उन्होंने ये कहा कि जो टीम सारणेश्वर ट्रांसपोर्ट कोल प्राइवेट लिमिटेड ने कड़ी मेहनत से अपना एक लक्ष्य निर्धारित करने और टीम के साथ लक्ष्य हासिल करने की संस्कृति विकसित की है। इसी उपलक्ष्य के दौरान आज परियोजना का हेड नवीन कुमार गुप्ता और सारणेश्वर ट्रांसपोर्ट के मालिक आशुतोष सिंह उर्फ मोनू सिंह ने



कटकमसांडी के बिरहोर टंडा में बसे आदिम जनजाति के बच्चों को अपने हाथों से मिठाई डब्बा का वितरण किया गया। आशुतोष सिंह ने बताया कि इस भीष्ण गर्मी में आदिम जनजाति के लिए मेरे कंपनी यानी सारणेश्वर ट्रांसपोर्ट कोल प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा बेहतरीन व्यवस्था दिया जाएगा ताकि इस भीष्ण गर्मी में आदिम जनजाति का इस गर्मी का एहसास न हो। उन्होंने ओर भी कहा कि आदिम जनजाति के मोहल्ला में पीने का पानी शौचालय रहने का अच्छा सुविधा दिया जाएगा। उन्होंने ओर कहा कि कटकमसांडी में कुछ ऐसे आवासीय विद्यालय है जिसमें एक अच्छा व्यवस्था दिया जाएगा। मौके पर HOD डिस्पेच पवन कुमार रावत, मनोज बेहरा, शक्ति अग्रवाल, दिवाकर मिश्रा, विजय पंजीयरा, स्टेशन मास्टर मुकेश कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार गुप्ता, मोहन साव, अरुण पांडे, विकाश सिंह, शंकर सिंह, अनुज कुमार शर्मा, गौतम ठाकुर,अजीत पांडे, बिपिन पांडे, रौशन पांडे, रोहित पांडे एवं सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### एनक्वास की टीम पहुंची हजारीबाग, पसई आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण




**हजारीबाग :** केंद्रीय नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेशन (एनक्वास) टीम ने शुक्रवार को हजारीबाग के पसई स्थित आरोग्य मंदिर में मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का मूल्यांकन किया। भारत सरकार की टीम ने सिविल सर्जन डॉक्टर एसपी सिंह से मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। टीम ने वहां की व्यवस्था को बारीकी से देखा और संबंधित अभिलेखों की जांच की। टीम ने अस्पताल के लेबर रूम, ओपीडी, वेस्ट मैनेजमेंट, वार्ड में मरीजों की व्यवस्था, औषधि वितरण कक्ष के रखरखाव, इमरजेंसी सेवा, पानी की गुणवत्ता व उसके रिकॉर्ड का अध्ययन किया।

### भीषण गर्मी को देखते सर्वधर्म मानवता मंच ने प्याऊ शिविर का किया आयोजन



**हजारीबाग :** सर्वधर्म मानवता मंच के तत्वावधान में सयुंक्त बिहार की प्रथम महिला स्वतंत्रता सेनानी सरस्वती देवी की याद में प्याऊ शिविर का आयोजन किया गया । प्याऊ शिविर का विधिवत उद्घाटन सयुंक्त रूप से मुख्य अतिथि आरटीओ विजय कुमार तथा डीटीओ बैजनाथ कामती साहब ने किया। एक माह तक चलने वाली प्याऊ शिविर का नेतृत्व सर्वधर्म मानवता मंच के जिला कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. भैया असीम कुमार ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सर्वधर्म मानवता मंच के संस्थापक-सह-केन्द्रीय अध्यक्ष निसार खान ने कहा कि भुखों को खाना खिलाना और प्यासे को पानी पिलाना बड़ा ही पुण्य का कार्य है उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए प्याऊ शिविर में सत्तू का शर्बत चीनी का शर्बत गिला चना और खीरा का वितरण और विशेष कर बिन बोलता हुआ जानवरों के लिए पानी की व्यव्स्था समाजिक कार्यकर्ता डॉ. भैया असीम कुमार द्वारा की गई है वो काबील-ए-तारीफ है। उन्होंने कहा कि सर्वधर्म मानवता मंच की ओर से और आगे भी समाजिक कार्य किए जाएंगे। मौके पर प्रो. सुकल्याण मोईत्रा, सेवानिवृत्त शिक्षक ताजउद्दीन, तरंग ग्रुप के अध्यक्ष अमित गुप्ता, जे जे ए जिला अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता, गायक कलाकार आकाश सुबोध, तुलसी प्रसाद गुप्ता, भैया मुकेश, सोएब अहमद, रमेश प्रसाद गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, रोहित कुमार के अतिरिक्त शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सीतागढ़ स्थित आईटीआई कॉलेज पर ग्रामीणों ने लगाया अवैध कब्जा का आरोप



**हजारीबाग :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत गुड़वा मौजा में स्थित शिक्षक प्रशिक्षण अभ्यास महाविद्यालय पर वहां के ग्रामीणों ने जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने मुफस्सिल थाना में लिखित आवेदन देकर शिकायत की है। आवेदन के अनुसार मौजा गुड़वा गैर खास खाता नंबर 02 प्लॉट नंबर 632 का कुल 08 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा का आरोप है। इसको लेकर गुरुवार को सभी खाताधारी ने मिलकर सीतागढ़ में एक बैठक की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ग्रामीण ने बताया कि उक्त जमीन को लेकर सीओ सदर को लिखित आवेदन देकर जमीन नापी करने का आवेदन दिया गया है। इसके बावजूद भी ग्रामीणों ने बीएड कॉलेज के प्राचार्य जेम्स एक्का पर रातों रात बाउंड्री करने का आरोप लगाया है। इस मामले को लेकर सैकड़ो लोगों ने आवेदन पर अपना हस्ताक्षर किया है। इस आवाज अतिक्रमण से करीब 200 से 250 लोग प्रभावित हो रहे हैं। इस संबंध में मुफस्सिल थाना प्रभारी कुणाल किशोर ने बताया कि अवैध कब्जे को लेकर उन्हें आवेदन मिला था लेकिन जमीन पर धारा 144 लगा है इसलिए उन्होंने काम रुकवा दिया है।

### रेजांग ला युद्ध की वीरगाथा से जुड़ा पवित्र कलश आज पहुंचेगा हजारीबाग

**हजारीबाग :** सन 1962 में भारत और चीन के बीच लद्दाख के रेजांग ला दर्रे पर जो युद्ध हुआ था, वह आधुनिक सैन्य इतिहास की सबसे वीरतापूर्ण अंतिम लड़ाइयों में गिनी जाती है। यह युद्ध 18 नवम्बर 1962 को हुआ था, जिसमें भारतीय सेना की 13 कुमाऊं रेजिमेंट की चार्ली कंपनी ने अद्वितीय वीरता का प्रदर्शन करते हुए चीनी सेना को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था। इस कंपनी को अहीर कंपनी के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि इसके अधिकांश जवान अहीरवाल क्षेत्र से थे और यादव समुदाय से आते थे। इस ऐतिहासिक युद्ध में मात्र 120 भारतीय सैनिकों ने 1300 से अधिक चीनी सैनिकों का मुकाबला किया। भीषण ठंड, सीमित हथियार और भोजन की कमी के बावजूद भारतीय जवानों ने आखिरी दम तक लड़ाई लड़ी और चीन की सेना को भारी क्षति पहुँचाई। इस लड़ाई में 114 भारतीय जवान शहीद हो गए थे, लेकिन उन्होंने जिस पराक्रम और बलिदान का परिचय दिया, वह आज भी भारतीय सेना और देशवासियों के लिए गर्व का विषय है। मरणोपरांत इन सभी शहीद जवानों को वीर चक्र और सेना मेडल जैसे सैन्य सम्मानों से सम्मानित किया गया था। इन्हीं शहीदों की स्मृति में रेजांग ला की पावन धरती की मिट्टी से भरे एक कलश को अखिल भारतीय यादव महासभा द्वारा पूरे देश में भ्रमण कराया जा रहा है। इस पवित्र कलश का उद्देश्य देशवासियों को इन वीर शहीदों के बलिदान की याद दिलाना और उनके प्रति सम्मान प्रकट करना है। लोग जगह-जगह इस कलश का स्वागत कर रहे हैं और श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। इसी क्रम में यह पवित्र कलश आज 17 मई को हजारीबाग पहुँचेगा। श्री कृष्ण बलराम सेवा संगठन हजारीबाग के अध्यक्ष शंभू यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कलश आज संध्या 7 बजे भारत माता चौक पहुँचेगा। वहाँ से इसे एक शोभायात्रा के रूप में हुरहुरु स्थित विवेकानंद स्कूल, बड़ा बाजार होते हुए ग्वाल टोली चौक के हरि हनुमान मंदिर प्रांगण में लाया जाएगा। इस दौरान संगठन के सदस्यों और आम जनता द्वारा पवित्र कलश का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया जाएगा। 18 मई, रविवार को सुबह 9 बजे, हजारीबाग स्टेडियम से यह कलश नगर भ्रमण के लिए निकलेगा जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल होंगे।

# बिहार आई बैंक ट्रस्ट का नाम बदलें : राज्यपाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की अध्यक्षता में शुक्रवार को बिहार आई बैंक ट्रस्ट की राज भवन में बैठक हुई। बैठक में ट्रस्ट की वर्तमान गतिविधियों, भावी योजनाओं और संगठनात्मक स्वरूप पर विस्तृत चर्चा की गई। राज्यपाल ने उक्त अवसर पर कहा कि झारखंड राज्य के गठन को दो दशक से अधिक समय बीत चुका है, इसके बावजूद ट्रस्ट का नाम अब भी बिहार आई बैंक ट्रस्ट ही है। उन्होंने इसके नाम में शीघ्र परिवर्तन के लिए निर्देशित किया। राज्यपाल ने सभी ट्रस्टी से कहा कि यह ट्रस्ट लोगों को बेहतर नेत्र उपचार की सुविधा उपलब्ध कराकर समाज में एक विशिष्ट पहचान स्थापित करे। उन्होंने कहा कि बिहार आई बैंक ट्रस्ट नेत्र रोगों के उपचार एवं नेत्रदान को बढ़ावा



देने के लिए जन-जागरूकता कार्यक्रमों को भी बढ़ावा दें। राज्यपाल ने कहा कि उनके द्वारा बरेली में प्रतिवर्ष नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है और हजारों लोगों के नेत्र का निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाता है। बैठक में बिहार आई बैंक ट्रस्ट में आयुष्मान भारत योजना का लाभ लोगों को प्रदान करने तथा ट्रस्ट की वित्तीय स्थिति और संसाधनों के विविध स्रोतों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, वित्त विभाग के सचिव प्रशांत कुमार, संयुक्त सचिव, राज्यपाल सचिवालय अर्चना मेहता, ट्रस्ट की सचिव डॉ. प्रोन्नति सिन्हा सहित अन्य ट्रस्टी उपस्थित थे।

## सिक्किम अपने प्राकृतिक सौंदर्य और शांत वातावरण के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है : राज्यपाल

**रांची** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को राज भवन में आयोजित सिक्किम राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम में झारखंड में निवास कर रहे सिक्किमवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिमालय की गोद में स्थित सिक्किम अपने प्राकृतिक सौंदर्य और शांत वातावरण के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। खुशियों की धरती के रूप में विख्यात यह राज्य केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि अपने नागरिकों के अदम्य साहस, जीवंत संस्कृति और अनुकरणीय विकास का प्रतीक है। राज्यपाल महोदय ने कहा कि सिक्किम जैविक कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में देशभर में एक अनुकरणीय उदाहरण बनकर उभरा है। यह भारत का पहला ऐसा राज्य है, जिसने पूरी तरह से जैविक खेती को अपनाया। इको-टूरिज्म, स्वच्छ ऊर्जा और सतत विकास की अवधारणाओं को व्यवहार में लाकर सिक्किम ने यह सिद्ध किया है कि आधुनिकता और प्रकृति के बीच संतुलन संभव है। राज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देकर सिक्किम ने न केवल अपनी आर्थिकी को सशक्त किया है, बल्कि संपूर्ण भारत के लिए हरित पर्यटन का एक आदर्श प्रस्तुत किया है। राज्यपाल महोदय ने यह भी कहा कि सिक्किम अपनी सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक कलाओं और लोक पर्वों को संरक्षण प्रदान करते हुए आधुनिक विकास के मार्ग पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी सिक्किम का भ्रमण कर चुके हैं। इस अवसर पर स्वागत संबोधन करते राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी ने कहा कि सिक्किम आज राज्य की स्थापना के 50वां वर्षगांठ मना रहा है।

## एक नजर

### भाजपा के नेता लगातार कर रहे सेना का अपमान : कांग्रेस

**रांची** : भाजपा के नेता लगातार देश की सेना का अपमान कर रहे हैं। भाजपा नेताओं ने इसे लेकर एक अभियान छेड़ रखा है। यह बातें प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सोनाल शांति ने शुक्रवार को कही। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि देश की सेना और सैनिक मोदी के चरणों में नतमस्तक हैं। यह बात पूरी तरह बर्दाश्त के बाहर है। उन्होंने कहा कि सेना के शौर्य और विजय का श्रेय लूटने के फेर में प्रधानमंत्री की चापलूसी करने की सारी सीमाओं को भाजपा नेता लांघ चुके हैं। उन्होंने कहा कि यदि चापलूसी की ओलंपिक प्रतिस्पर्धा होती तो पूरे विश्व में सबसे ज्यादा स्वर्ण पदकों के साथ भाजपा के चापलूसवीर पहले पायदान पर होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं का राजनीतिक और चारित्रिक संस्कार पूरे देश के सामने प्रतिदिन उजागर हो रहा है। पहले मंत्री विजय शाह ने सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी का अपमान किया। इसके बाद भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य ने तिरंगे का अपमान किया और अब मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सेना और सैनिकों के बारे में अपमानजनक बातें कही। बावजूद इसके भाजपा की ओर से ऐसे नेताओं पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जाती है।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आया जवान, अस्पताल में तोड़ा दम

**रांची** : नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आए सीआरपीएफ 26 बटालियन के सेकंड कमान अफसर एम प्रबो सिंह शहीद हो गए हैं। रांची पुलिस मुख्यालय से शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों के खिलाफ पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में लगातार अभियान जारी है। गुरुवार देर शाम को अभिनान के दौरान छोटानागरा थानान्तर्गत बलिबा के आसपास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से सीआरपीएफ 26 बटालियन के सेकंड कमान अफसर एम प्रबो सिंह, सहायक समादेष्टा सुबीर कुमार मंडल, सुरेश भगत और चंदलाल हांसदा गंभीर रूप से झुलस गये। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान सीआरपीएफ 26 बटालियन के सेकंड कमान अफसर एम प्रबो सिंह शहीद हो गए। सहायक समादेष्टा सुबीर कुमार मंडल, सुरेश भगत और चंदलाल हांसदा की स्थिति है। इन्हें बेहतर इलाज के लिये रांची लाया गया।

### नेता प्रतिपक्ष ने कांके सीओ पर लगाए आरोप डीसी को लिखा पत्र

**रांची** : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची डीसी को पत्र लिखकर कांके अंचलाधिकारी के खिलाफ जांच कराने और कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। मरांडी ने शुक्रवार को आरोप लगाया है कि कांके अंचलाधिकारी ने स्वार्थवश अवैध तरीके से दोहरा जमाबंदी कायम किया है। आरोप है कि कांके अंचलाधिकारी जय कुमार राम ने निजी स्वार्थवश लेन-देन के आधार पर 03/04/2025 को वर्णित जमीन की दोहरी जमाबंदी सलीमा खातून के नाम से कर दी है, जो पूर्णतः गलत है। इस जमीन का लगान रसीद निर्गत करने का आदेश भी दिया गया है। आरोप है कि जमीन दलालों ने विवादित भूमि पर कब्जा कर बेचने की कोशिश की और जमीन मालिकों के साथ लाठी और डंडे से मारपीट की। इस मामले में अनुमंडल न्यायालय में वाद लंबित है और यथास्थिति बनाए रखने का आदेश है। मरांडी ने मांग की है कि कांके अंचलाधिकारी के खिलाफ जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करते हुए सेवा से बर्खास्त करने की अनुशंसा की जाए।

# गुरुजी के विचारों से भटक गया झामुमो : सुदेश महतो



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा है कि गुरुजी शिबू सोरेन के मूल सोच और विचारधारा से झामुमो भटक चुका है। गुरुजी शराब को समाज के लिए घातक मानते थे, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि खनिज संसाधनों से भरे-पूरे राज्य में शराब बेचकर राज्य का खजाना भरने की बात हेमंत सरकार कर रही है। सुदेश ने यह बातें शुक्रवार को पार्टी के हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह के बाद मीडिया से बात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की कथनी और करनी में भेद दिख रहा है। पेसा कानून के संबंध में भी राज्य सरकार का रवैया स्पष्ट नहीं है। सुदेश ने कहा कि पेसा कानून को हुबहू लागू किया जाना चाहिए ताकि जनता की भावनाओं का सम्मान हो सके। उन्होंने कहा कि जेपीएससी को पटरी पर लाने में सरकार विफल रही है। इससे पूर्व आजसू पार्टी के मिलन समारोह में कई बुद्धिजीवी और युवाओं ने पार्टी का दामन थामा। सुदेश महतो और झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने पार्टी का पट्टा पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया। पार्टी में शामिल होने वालों में संजय साहू, डॉ अमित कुमार साहू, डॉ अभिषेक झा, डॉ अंबुज मिश्रा, मोहित गोप, देवेंद्र साहू सहित अन्य शामिल हैं।

# हम सभी देशवासियों को अपनी बहादुर सेना पर गर्व : सुप्रियो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भटटाचार्य ने भाजपा पर देश की सेना को अमर्यादित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हम सभी देशवासियों को अपनी बहादुर सेना पर गर्व है, लेकिन भाजपा के नेता बार-बार सेना का अपमान कर रहे हैं, जिसे भाजपा का शीर्ष नेतृत्व संरक्षण दे रहा है। सुप्रियो शुक्रवार को पार्टी के हरमू स्थित कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के मंत्री बिजय शाह की ओर से की गई सेना पर टिप्पणी पर भाजपा की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। उनपर मुकदमा दर्ज करना तो दूर उन्हें मंत्रीपरिषद से बर्खास्त तक नहीं किया गया। सुप्रियो ने कहा कि भाजपा देश




की महिला, किसान और अल्पसंख्यकों के खिलाफ बोलने के लिए प्रोत्साहित करती है। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन के समय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री का बेटा नौ किसानों को अपनी गाडी से कुचल देता है, लेकिन उसपर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई। वहीं भाजपा सांसद ब्रजभूषण सिंह ने महिला पहलवानों पर अत्याचार किया, लेकिन सांसद पर भी भाजपा की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ऑपरेशन सिंदूर में सेना के पराक्रम को धूमिल कर दिया। पाकिस्तासन तीन टुकडों में बंट जाता। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने राष्ट्रपति से इन मामलों पर हस्तटक्षेप करते हुए कार्रवाई की मांग की।

# फुटपाथ दुकानदारों के पक्ष में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को पत्र लिखा है। पत्र के जरिये उन्होंने मोरहाबादी में सब्जी और फल बेचने वाले फुटपाथ दुकानदारों पर हुई अमानवीय कार्रवाई की कड़ी शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि काफी लंबे समय से यहां फुटपाथ पर सब्जी और फल की दुकान लगाई जा रही है, परंतु दो दिन पूर्व इन दुकानदारों पर की गई कार्रवाई मानवता को शर्मसार करने वाली है। वहां से सैकड़ों परिवारों का लालन-पालन होता है। लोग फल-सब्जी बेचकर अपना घर चलाते हैं। उन्हें स्थायित्व प्रदान करने के बजाय यह कार्रवाई बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इन दुकानदारों में ज्यादातर संख्या



ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े लोगों की रहती है। कई ग्रामीण किसान खुद की उपजाई सब्जी, फल और फसल बेचने के लिए यहां आते हैं। उनके आर्थिक स्वावलंबन की पूरी निर्भरता इसी फुटपाथ की दुकानदारी से होती है। दो दिन पूर्व नगर निगम और पुलिस के जरिये इन्हें हटाने के नाम पर इनके साथ बर्बरतापूर्ण कार्रवाई की गई है। इनके फल और सब्जी को उठाकर फेंक दिया गया। उसे जब्त करने के नाम पर अमानवीय कृत्य किया गया। यह कार्रवाई बेहद गलत है। यह वर्तमान समय की जरूरत है कि मोरहाबादी के फुटपाथ दुकानदारों को स्थायी व्यवस्था देना चाहिए। इससे सरकार को राजस्व की प्राप्ति भी होगी और इनके रोजगार के लिए स्थायी समाधान भी हो पाएगा। राज्य सरकार को इस बात पर गंभीरता दिखानी चाहिए कि ऐसी अन्यायपूर्ण कार्रवाई नहीं हो। इन दुकानदारों की रोजी रोजगार पर संकट नहीं हो। उनके समक्ष परिवार के लालन पालन का संकट नहीं हो। उनके बच्चों की फीस भरने में समस्या नहीं हो। सेठ ने कहा कि इसका अविलंब स्थायी समाधान निकालने के लिए मुख्यमंत्री आवश्यक निर्देश जारी करें।

# प्रशासन ने बिना किसी पूर्व सूचना के हटाई दुकानें : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मोरहाबादी मैदान से बिना किसी पूर्व सूचना के दुकानों को हटाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यहां गरीब और आदिवासी समाज के सैकड़ों लोग दुकान लगाकर अपना जीविकोपार्जन करते हैं लेकिन देर रात नगर निगम और लालपुर थाना की टीम ने बगैर किसी पूर्व सूचना के सभी दुकानों को ध्वस्त कर दिया। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को लिखा कि यदि दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा था। तो उन्हें नोटिस देकर दुकान खाली करने का निर्देश दिया जा सकता था लेकिन आधी रात को की गयी कार्रवाई प्रशासन की मंशा पर सवाल खड़े कर रही है। उन्होंने कहा कि राजधानी रांची के ही मेन रोड में एकरा मस्जिद से डेली मार्केट तक सड़क पर हजारों दुकानें लगती



हैं, जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित होता है और आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री बताएं कि आपका प्रशासन इन जगहों पर अतिक्रमण हटाने की हिम्मत क्यों नहीं जुटा पाती? उन्होंने कहा कि मोरहाबादी मैदान के पास प्रशासन द्वारा गैरकानूनी ढंग से गरीब, आदिवासियों की दुकानों को क्षति पहुंचाई गई है। डीसी रांची तत्काल नुकसान का आंकलन कर सभी दुकानदारों को उचित मुआवजा उपलब्ध कराते हुए उनके पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# चेंबर ने ईएसआईसी अस्पताल के स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को नामकुम स्थित 220 बेड के नवनिर्मित ईएसआईसी अस्पताल का दौरा किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अस्पताल में बीमितों के ईलाज की सुविधा, मरीजों की देखभाल और स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस अस्पताल की व्यवस्था को चेंबर ने संतोषजनक पाया। 220 बेड के नवनिर्मित अस्पताल के चालू होने से प्रदेश में बीमितों के लिए एक अतिरिक्त ईएसआइसी अस्पताल की सुविधा उपलब्ध होने पर प्रतिनिधिमंडल ने संतोष व्यक्त किया। इस क्रम में ईएसआइसी के क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन के साथ वार्ता भी की गई। मौके पर चेंबर अध्यक्ष



परेश गट्टानी ने अस्पताल से सटे हुए भूखंड पर 50 सीट वाले मेडिकल कॉलेज खोलने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस भूखंड का उपयोग मेडिकल कॉलेज खोलने में करना चाहिए। इससे बीमितों के ईलाज की सुविधा में बढोत्तरी के साथ ही स्वास्थ्य क्षेत्र में अध्ययनरत विद्यार्थियों को शिक्षा में प्राथमिकता मिलेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार का सृजन भी होगा।

**टीओपी स्थापित करने की भी जरूरत**

अस्पताल निरीक्षण के क्रम में अस्पताल के पास एक टीओपी स्थापित करने की भी जरूरत महसूस की गई। यह देखा गया कि अस्पताल से सात किमी दूर पर थाना स्थित है। इससे दुर्घटना के मामले में कानूनी प्रक्रियाओं में अनावश्यक विलंब हो सकती है। यह कहा गया कि अस्पताल परिसर में ही एक छोटा कमरा बना हुआ है, जब तक टीओपी की स्थापना नहीं हो जाती तब तक अस्पताल परिसर के रूम में ही सक्षम पुलिस पदाधिकारी की पदस्थापना करने पर जिला प्रशासन को विचार करना चाहिए। वहीं मौके पर चेंबर के महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि 220 बेड के अतिरिक्त अस्पताल के चालू होने से इएसआईसी लाभार्थियों की चिकित्सा आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकेगा। कार्यकारिणी सदस्य संजय अखौरी ने कहा कि यह उन्नत अस्पताल स्पेशलिटी और सुपर स्पेशलिटी देखभाल भी दे रहा है। इससे रांची और पडोसी जिलों के निवासियों के लिए उन्नत स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। मौके पर ईएसआईसी के क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन, अस्पताल निरीक्षक डॉ संजीत कुमार, अशोक सावंता, अभिषेक कुमार, चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्र, कार्यकारिणी सदस्य और इएसआईसी में रांची जिला के मनोनित सदस्य संजय अखौरी, श्रम एवं ईएसआइसी उप समिति चेयरमेन प्रमोद सारस्वत के अलावा डॉक्टर्स उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड में तापमान हुआ 43 डिग्री के पार 17 से राहत की उम्मीद



**रांची** : झारखंड में तापमान बढ़कर 43 डिग्री के पार पहुंच गया है। पलामू में तापमान शुक्रवार को 43 .3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने 17 मई से गर्मी से राहत मिलने की सम्भावना व्यक्त की है। विभाग के अनुसार 17 मई को राज्य के पश्चिमी जिलों को छोड़कर शेष हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। बारिश होने के बाद तपमान में कमी आने की उम्मीद है। वहीं राज्य के कुछ जिलों में तापमान 41 डिग्री के पार पहुंच गया है। राज्य के जिन जिलों में तापमान 41 डिग्री के करीब पहुंच गया है। इनमें गढवा 41.8, गोड्डा 41.6 और सरायकेला-खरसांवा में तापमान 41.9 डिग्री शामिल है। वहीं कुछ जिलों में तापमान 40 डिग्री के करीब है। इनमें जमशेदपुर में 39 .5, चाईबासा 39 .4, चतरा 39 .2, हजारीबाग 39 डिग्री तथा जामताड़ा में अधिकतम तापमान 38 .9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने पूर्व में ही मई के अंतिम हफ्ते में राज्य में प्रचंड गर्मी पड़ने की आशंका व्यक्त की थी।

### एसआर डीएवी ने ताइक्वांडो में जीता 12 पदक




**रांची** : जिला ताइक्वांडो संघ की ओर से आयोजित एक दिवसीय रांची जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता में एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल पुंदाग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक, चार रजत पदक तथा पांच कांस्य पदक सहित कुल 12 पदकों पर अपना कब्जा जमाया। विद्यालय में शुक्रवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को प्राचार्य डॉक्टर तापस घोष की ओर से मेडल पहनाकर सम्मान किया गया। विद्यालय की खिलाड़ी सिमरन रानी, जैना फारुकी, आदित्य तिवारी ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं अम्मार अनवर, लक्षिका राज, सीना कुमारी, नंदिनी भारती ने रजत पदक, जबकि आयुर्धा बनर्जी, वर्तिका रानी, प्रियंका बॉयपाई, आकृति सिन्हा और अनुष्का राय ने कांस्य पदक प्राप्त किया। खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग है। वर्तमान समय में इसका महत्त्व दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इसके अभ्यास से शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहा जा सकता है। प्राचार्य ने कहा कि खेल - कूद के क्षेत्र में सुनहरे भविष्य की संभावनाएं हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्कूल के सभी खिलाड़ी आगे चल कर राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर भी विद्यालय का नाम रौशन करेंगे।

### मां की ममता और समर्पण से संवरता है जीवन : प्रेम रंजन




**रांची** : भारतीय रिजर्व बैंक, रांची क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से मातृ दिवस के उपलक्ष्य में होटल कैपिटल हिल में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुस्तक माई रे पर परिचर्चा आयोजित की गई। इसमें डॉ रविभूषण, प्रकाश देवकुलिश, प्रमोद कुमार झा, अनिता रश्मि, राकेश कुमार सिंह, पंकज मित्र, उर्वशी, नियति कल्प और अंशुप्रिया ने अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय रिजर्व बैंक, रांची के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह के उद्घाटन वक्तव्य से हुआ। इस अवसर पर उन्होंने मातृ दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे समाज में मातृत्व के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अनोखा अवसर बताया। उन्होंने कहा कि मां न केवल परिवार की आधारशिला होती है, बल्कि उसकी ममता, त्याग और समर्पण से जीवन संवरता है। मातृ दिवस के आयोजन का उद्देश्य समाज को इस अनमोल रिश्ते के इसके बाद मां से जुड़ी कविताओं, कहानियों, नाट्य प्रस्तुतियों, गीत-संगीत और प्रश्नोत्तरी जैसी विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम से पहले, क्षेत्रीय निदेशक के नेतृत्व में मातृदिवस के अवसर पर टीवीएस सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, जगन्नाथपुर, रांची में पौधरोपण की पहल करते हुए एक पेड़ माता के नाम और एक पेड़ भारत माता के नाम के तहत दो पौधे लगाये गये।

### एसएफसी के मजदूरों की मांगे पूरी करने का मंत्री ने दिया निर्देश



**रांची** : एसएफसी के मजदूरों की हड़ताल शुक्रवार को 10 वें दिन भी जारी रहा। हडताली मजदूरों से मिलने शुक्रवार को झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन के अध्यक्ष ललित नारायण ओझा कडरू स्थित एसएफसी गोदाम पहुंचे। मौके पर मजदूरों ने ओझा से कहा कि ढुलाई कॉन्ट्रैक्टर बदले जाने से मजदूरों का लाखों रुपये संवेदकों के पास बकाया रह गया है। मजदूरों ने कहा कि पैसे का भुगतान नहीं होने से श्रमिकों के घर का चूल्हा जलना भी मुश्किल हो गया है। फीस नहीं देने के कारण मजदूरों के बच्चों को स्कूल से वापस घर भेजा जा रहा है। वहीं हड़ताल की सूचना पर खाद्य आपूर्ति मंत्री इरफान अंसारी कडरू गोदाम पहुंचे और धरना स्थल पर बैठे मजदूरों की समस्याओं को सुना। मौके पर मंत्री ने एसएफसी के प्रबंध निदेशक सहित अन्य पदाधिकारियों को तुरंत श्रमिकों की समस्या के समाधान करने का निर्देश दिया। साथ ही झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन को आश्वस्त किया कि श्रमिकों के जीवन स्तर को बढ़ाने के लिए वे हमेशा सहयोग करेंगे। वहीं मौके पर ललित ओझा ने कहा कि मजदूर वर्ग में आपसी एकता और समन्वय की कमी को दूर करना होगा। नहीं तो आनेवाले दिनों में मजदूरों की स्थिति अच्छी नहीं रहेगी। मौके पर भाजपा नेता संजय जायसवाल, नवीन झा, सूरज चौरसिया, शंभु साव के अलावा कई मजदूर सुरेश राय, नागेश्वर राय, रवि साव, बीरेंद्र, हरिलाल राय सहित अन्य, मौजूद थे।

# बोकारो में तंबाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** सिविल सर्जन बोकारो के आदेशानुसार मध्य विद्यालय योधाडीह एवं मध्य विद्यालय सोलागीडीह बोकारो में तम्बाकू के दुष्प्रभाव एवं तम्बाकू उद्योग के आकर्षण के पीछे का खतरनाक सच के प्रति बच्चों को जागरूक करने हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को तम्बाकू से होने वाले जनित रोगों से अवगत कराया गया साथ ही सभी को तम्बाकू छोडने के परामर्शी सेवा के साथ साथ तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं से अवगत कराया गया।

डा0 सुधा सिंह नोडल पदाधिकारी एन0सी0डी0 बोकारो के द्वारा सभी बच्चों को बताया गया कि तम्बाकू में नशीला पदार्थ निकोटीन होता है जिसका अत्याधिक उपयोग से हृदय और सांस सम्बन्धित बीमारियों के साथ साथ विभिन्न प्रकार के कैंसर होने का सबसे बडा प्रमुख कारण होता है। झारखण्ड में कक्षा 7 से 10 तक में प्रत्येक 100 बच्चों में 5 बच्चे तम्बाकू का उपयोग करते हैं। जिन्हे तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने हेतु लगातार स्कूल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि इस संख्या में कमी लाई जा सके। मो0 असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम बोकारो ने बताया कि झारखण्ड में कुल आबादी का लगभग 88 लाख लोग तम्बाकू का उपयोग किसी न किसी रूप में करते हैं जिसमे तम्बाकू जनित रोगों से झारखण्ड में प्रत्येक वर्ष लगभग 35000 हजार लोगों की मृत्यू होती है। सभी बच्चो को बताया गया कि पैसिव स्मोकिंग या सेकेन्ड हैण्ड स्मोकिंग के सम्पर्क में आने से भी स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पडता है ऐसे में सभी बच्चे ऐसी जगहों पर न खडे हों जहां खुले में धुम्रपान का सेवन किया जाता हो और ऐसे साथी से भी बचें जो धुम्रपान के लिये प्रेरित करते हों। कार्यक्रम के अन्त में सभी बच्चों को शपथ दिलाया गया कि भविष्य में कभी भी तम्बाकू का उपयोग नही करेंगे साथ ही अपने आस पास के लोगों से भी तम्बाकू का उपयोग नही करने के लिये प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में दोनो स्कूल के प्राचार्या केशव चन्द्र महथा, सदानन्द महतो स्वास्थ्य विभाग से जिला परामर्शी मो0 असलम तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, सोशल वर्कर छोटेलाल दास, विद्यालय के शिक्षक, स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे।

## एक नजर

### पार्वती की प्रतिमा का कराया गया नगर भ्रमण



**बोकारो :** सियालजोरी पंचायात के तेतुलिया गांव में चार दिवसीय चड़क पूजा के दूसरे दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने उपवास रखा। तेतुलिया गांव में मां पार्वती की प्रतिमा का भ्रमण कराया गया। पंडित तनमय घौषाल व पाटोनी नंदलाल कुंभकार द्वारा शिव मंदिर से मां पार्वती की प्रतिमा को गांव के सभी घरों में ले जाया गया। ग्रामीणों ने अपने-अपने घरों में मां पार्वती की पूजा-अर्चना की। उनका स्नान किया हुआ जल को आशीर्वाद के रूप में माथे पर रखा। गाजे-बाजे के साथ पाटोनी द्वारा माता पार्वती का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर शिवभक्त (भोगतिया) कमलिया बांध में स्नान कर ढाक की ताल पर नाचते गाते हुए शिवमंदिर पहुंचे। पुजारी ने शिवभक्तों को पुजा अर्चना कराया।शिव भक्तों ने तलाब से लकड़ी का भोक्ता खुंटा को उठा कर शिव मंदिर लाया। ग्रामीण कमिटी ने बताया कि 17 को भोगता मेला लगेगा तथा शिव भक्त 40 फीट उंचाई लकड़ी की खंभा झुला झुलकर आस्था को प्रकट करेंगे। ग्रामीण कलाकार द्वारा आलकाप का आयोजन होगी। 18 को भोगता मेला बासी आलकाप के साथ समापन किया जायेगा। भोगता मेला व चडक पुजा को लेकर कर सोलह आना कमेटी व ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### अर्धनग्न अवस्था में घूम रही मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला

**बोकारो :** शहर के पुलिस लाइन मोड़ क्षेत्र में पिछले कई महीनों से एक मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला को अर्धनग्न अवस्था में भटकते हुए देखा जा रहा है। महिला की मानसिक और शारीरिक स्थिति अत्यंत दयनीय है, जो न केवल क्षेत्र में राहगीरों के लिए असुविधा का कारण बन रही है, बल्कि बच्चों और महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। स्थानीय सामाजिक संस्था के सदस्य अभिजीत कुमार ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि उक्त महिला को अविलंब किसी मानसिक पुनर्वास केंद्र या देखरेख संस्था में स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने कहा कि महिला की यह स्थिति किसी बड़े सड़क हादसे का भी कारण बन सकती है।

उन्होंने उपायुक्त एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि मानवता और सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस महिला को शीघ्र सहायता प्रदान की जाए, ताकि उसे सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिल सके।

### सुंदरम स्टील फैक्ट्री के गेट पर जाम, जिला परिषद सदस्य निशा हेमब्रम ने किया नेतृत्व

**बोकारो :** इंडस्ट्रियल इलाका बियाडा स्थित सुंदरम स्टील प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री के मुख्य गेट को स्थानीय लोगों ने जाम कर दिया। कंपनी के कर्मचारियों के प्रबेश, उनके निकासी को भी प्रभावित कर गेट के समीप धरना पर बैठ गए। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला परिषद सदस्य निशा हेमब्रम ने किया। उन्होंने कहा की सुंदरम स्टील सीएसआर मद के तहत इस इलाके का विकास नहीं करता है, कंपनी के कारण यहां प्रदूषण फैल रहा है, जिसके कारण डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। जिसका परवाह प्रबंधन को नहीं है। स्थानीय लोगों को नियोजन, अन्य सुविधाओं से भी वंचित रखा गया है। जिसको लेकर हम लोग आंदोलित है। कई बार प्रबंधन ने लिखित समझौता किया, लेकिन इसपर खरा उतरने के वजाय धमकियां देना शुरू कर दिया है।

## स्टील सिटी में दूसरे सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने महिला स्वास्थ्य एवं नारी सशक्तिकरण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दृढ़ता से दोहराते हुए संत जेवियर्स स्कूल, बोकारो स्टील सिटी में दूसरे सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण शिविर का सफल आयोजन किया। यह शिविर सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें कुल 50 स्कूली छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु प्रथम डोज का टीका लगाया गया। यह शिविर रोटेरियन डॉ. एस. सी. मुंशी और उनकी विशेषज्ञ चिकित्सा टीम की कुशल निगरानी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा और संचालन क्लब अध्यक्ष रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता के सशक्त नेतृत्व में हुई जिन्होंने इसे एक समर्पित और सुनियोजित सेवा परियोजना का स्वरूप दिया। कार्यक्रम में संत जेवियर्स स्कूल के इंटरैक्ट क्लब ने भी पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन चंद्रिमा रे के मार्गदर्शन में उत्साहपूर्ण भागीदारी निभाई, जिससे शिविर को संगठनात्मक मजबूती और युवाओं का सहयोग प्राप्त हुआ। साथ ही साथ यह इंटरेक्ट क्लब की प्रेरणा और सहभागिता का कारक बना। इस महत्वपूर्ण अवसर पर क्लब के अनेक वरिष्ठ रोटेरियनों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमामय और प्रेरणादायक बनाया। उपस्थित गणमान्यजनों में क्लब अध्यक्ष रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन मनु श्रीवास्तव, रोटेरियन पुष्पा केजरीवाल, पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन घनश्याम दास तथा पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन प्रदीप रे पूरे कार्यक्रम के दौरान सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

## कलाकार संघ व डीडीपीटीए ने निकाला शानदार शौर्य सैनिक सम्मान तिरंगा यात्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** शुक्रवार को कलाकार संघ धनबाद व धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन के संयुक्त तत्वधान में सिटी सेंटर से रणधीर वर्मा चौक तक शौर्य सैनिक सम्मान तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में मुख्य रूप से कलाकार संघ के संरक्षक रणविजय सिंह, कलाकार संघ के संरक्षक व श्री राम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह यात्रा में शामिल हुए। रणविजय सिंह ने कहा भारतीय सेना ने पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले का बदला पाकिस्तान और पीओके में घुसकर तमाम आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर किया है जिससे भारतीय सेना के शौर्य का तहलका पूरे विश्व में गूंजा है। सैनिकों के शौर्य के लिए उन्हें सम्मान देने के लिए यह सम्मान तिरंगा यात्रा निकाला गया है। तिरंगा यात्रा भारत माता के जयकारे लगाते हुए सिटी सेंटर से रणधीर वर्मा चौक तक पहुंचे देश के वीर जवानों को याद करते हुए उनके शौर्य का बखान करते हुए देश के मान सम्मान को भारत माता की जयघोष से बढ़ाया। इस दौरान कलाकार संघ के अध्यक्ष राजू सिंह अनुरागी और उनके साथी कलाकारो के द्वारा गाए देशभक्ति गीतों से देश के वीर जवानों को याद किया। उदय प्रताप सिंह ने कहा पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादी ठिकानों को उड़ाने का भारतीय सेना के पराक्रम की चर्चा पूरे विश्व में हो रही है यह हम हिन्दुस्तानियों के लिए बहुत गर्व की बात है,यह नया भारत है जब भी,जो भी हमारे भारत पर बुरी नजर रखेगा उनको इससे भी कड़ा जवाब दिया जाएगा। मैं सारे देश के तीनों सेनाओं के सैनिकों को इस शौर्य के लिए नमन करता हूं और शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि देता हूं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सिंदूर के सफल नेतृत्व के लिए बधाई देता हूं। तिरंगा यात्रा में मोर्चा संभाले राजू सिंह ने कहा की अगर जरूरत पड़े तो हिंदुस्तान के सुरक्षा के खातिर हम एक हाथ मे माइक तो दुसरे हाथ में एके47 भी उठाना पड़े तो उठा लेंगे।

## भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा, भारतीय सेना के शौर्य को सलाम करने के लिए उमड़े लोग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** भारतीय जनता पार्टी बोकारो जिला के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाला गया तिरंगा यात्रा भारतीय सेना के शौर्य को सलाम करने। पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए शुरू किये गये 'ऑपरेशन सिंदूर" की शानदार सफलता के लिए उनके प्रति आभार जताने के लिए निकाला गया इस तिरंगा यात्रा में बोकारो जिला अध्यक्ष जयदेव राय मौजूद थे जिसमें मुख्य रूप से शामिल धनबाद लोकसभा के सांसद ढुलू महतो ने कहां की ऑपरेशन सिंदूर भारत की सुरक्षा एजेंसियों का एक सशक्त जवाब है। खासतौर पर जिस बहादुरी से कर्नल सोफिया कुरैशी ने इस मिशन को अंजाम दिया, वह सराहनीय है। हमें उन पर गर्व है और भारत के कार्रवाई से पाकिस्तान डरा और सहमा हुआ है कार्यक्रम में साथ ही चंदनकियारी की पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी जी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वादा किया था कि ऐसे लोग, जिन्होंने हमारी बहनों का सिंदूर मिटाया है, उनको मिट्टी में मिला देंगे। हमारी फौज ने आज उनको मिट्टी में मिला दिया है। आज पूरा देश सैनिकों को सैल्यूट कर रहा है। अपनी सेना की वीरता और उनके पराक्रम को सलाम करने के लिए यह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है साथ ही बोकारो विधानसभा के पूर्व विधायक बिरंची नारायण जी ने कहा कि राष्ट्रीय संकट के समय धैर्य और एकता ही भारत की सबसे बड़ी पूंजी होती है। इस माहौल में जवानों के कारण भारत ने पाकिस्तान के हौसले पस्त किए आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को भी निगल जाएगा खोखला हो चुका पाकिस्तान आज जिस प्रकार का दुस्साहस कर रहा है, ऑपरेशन सिंदूर उसका जवाब था। आने वाले समय में यह तय है कि भारत की तरफ जो भी अंगुली उठाएगा और बहन-बेटियों के सम्मान के विरुद्ध सुरक्षा में सेंध लगाने का कार्य करेगा।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से स्कूटी सवार गंभीर रूप से जख्मी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो हवाई अड्डा से चास जाने वाली सड़क पर बोकारो उपयुक्त आवास के पास आज दोपहर को एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने स्कूटी सवार चंदन मेहता को टक्कर मार दी। इस हादसे में चंदन मेहता, जो चास में दवाई होलसेलर की दुकान में सेल्समेन के पद पर कार्यरत हैं, गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, चंदन मेहता अपने कार्य के सिलसिले में दवाई रिटेलर दुकानदारों को दवा पहुंचाने के बाद हवाई अड्डा रोड से अपने ऑफिस लौट रहे थे। जैसे ही वे बोकारो आयुक्त आवास के सामने ठोकर के पास पहुंचे, उन्होंने ब्रेक लगाकर ठोकर पार करने का प्रयास किया। उसी समय पीछे से तेज गति से आ रही सफेद रंग की स्कॉर्पियो (गाड़ी नंबर जे एच 09बीएफ 4499) ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे चंदन मेहता सड़क पर गिर गए। स्कॉर्पियो सवार ने घायल अवस्था में पड़े चंदन मेहता को देखकर सोचा कि उनकी मौत हो गई है और बिना गाड़ी रोके तेज रफ्तार से चास की ओर भाग गया। कुछ देर बाद चंदन मेहता होश में आए और उन्होंने अपने मालिक को फोन किया। इसके बाद दुकान मालिक मौके पर पहुंचकर उन्हें तुरंत अस्पताल भर्ती कराया गया। स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और स्कॉर्पियो चालक की पहचान कर उसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

## राज्यपाल व मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने लिया तैयारियों का जायजा


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा तथा वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने शुक्रवार को बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी में माननीय राज्यपाल व माननीय मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। आगामी 20 मई 2025 को माननीय राज्यपाल सह कुलाधिपति, संतोष कुमार गंगवार तथा माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करकमलों द्वारा यूनिवर्सिटी कैंपस में स्व. बिनोद बिहारी महतो की आदमकद प्रतिमा का अनावरण प्रस्तावित है। इस दौरान उपायुक्त ने माननीय राज्यपाल तथा माननीय मुख्यमंत्री के बरवाअड्डा हवाई पट्टी से युनिवर्सटी आगमन, स्वागत, कार्यक्रम स्थल, स्टेज, डी बॉक्स, मीडिया गैलरी, ग्रीन रूम, परिसर की सुरक्षा, साफ सफाई, बैरिकेडिंग, अतिथियों के बैठक स्थल, निकास द्वार सहित अन्य बिंदुओं का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा तथा यातायात व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सहायक नगर आयुक्त श्री प्रसून कौशिक, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता श्री चंदन कुमार, डीएसपी मुख्यालय एक श्री शंकर कामती, बीबीएमकेयू के वाइस चांसलर सिनियर प्रोफेसर (डॉ)) राम कुमार सिंह, प्रोक्टर डॉ कौशल कुमार, रजिस्ट्रार डॉ डीके सिंह, सीसीडीसी डॉ आरके तिवारी, डॉ इंद्रजीत कुमार, डॉ पवन सिंह, डॉ माशूफ अहमद, डॉ हिमांशु शेखर चंद्र सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कतरास में सड़क सुरक्षा संकट, बिना नंबर और नाबालिग चालकों वाले टोटो बना रहे मौत का माहौल



**धनबाद :** कोयलांचल में इन दिनों खास तौर पर कतरास थाना क्षेत्र में सड़क सुरक्षा की स्थिति दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। क्षेत्र में बड़ी संख्या में बिना नंबर प्लेट वाले टोटो सड़कों पर बेधड़क दौड़ रहे हैं, जिससे आम जनता की जान पर खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इन टोटो चालकों द्वारा क्षमता से अधिक माल और सवारी ढोना आम बात हो गई है। कुछ चालक तेज गति में अनियंत्रित तरीके से वाहन चलाते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना लगातार बनी रहती है। और सबसे खतरनाक पहलू यह है कि कई बार टोटो की स्टीयरिंग नाबालिगों के हाथों में रहती है। हालांकि पुलिस प्रशासन की ओर से 24 घंटे पेट्रोलिंग की जा रही है, लेकिन इन टोटो पर न तो कड़ी नजर रखी जा रही है और न ही कोई कार्रवाई होती दिख रही है। जिला परिवहन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से भी अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इन टोटो चालकों की लापरवाही के कारण कई बार जाम की स्थिति बन जाती है और बच्चों व बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द बिना नंबर के टोटो और नाबालिग चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### ट्रेड यूनियन के 20 को होने वाली एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल 9 जुलाई को होगी : उदय शर्मा



**धनबाद :** राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के संयुक्त महामंत्री उदय शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि ट्रेड यूनियन की 20 मई को होने वाली एक दिनी राष्ट्रव्यापी हड़ताल टल गई है। ट्रेड यूनियन की दिल्ली में आयोजित बैठक में 20 मई पूर्व घोषित हड़ताल को स्थागित करते हुए इसे 9 जुलाई को नई तिथि घोषित की गई है।

ज्ञातव्य हो कि केंद्रीय ट्रेड यूनियन का 18 मार्च 2025 को आयोजित कन्वेंशन में 20 मई को एक दिनी हड़ताल का निर्णय लिया गया था।कोल इंडिया में सक्रिय यूनियन भी हड़ताल की तैयारी में थी।बीएमस को छोड़ 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने हड़ताल का समर्थन किया था।कोल सेक्टर में सक्रिय ट्रेड यूनियन के कई नेताओं ने भी हड़ताल स्थापित होने के संकेत दिए।बैठक के बाद जारी बयान में कहा गया की पहलगाम आतंकी हमले के बाद उत्पन्न स्थिति पर विचार करने के लिए देश के जिम्मेदार देश भक्त नागरिकों के एक अभिन्न अंग हैं के रूप में ट्रेड यूनियन के संयुक्त मंच ने श्रम संहिताओं के कार्य और श्रमिकों किसान की अन्य मांगों को लेकर 9 जुलाई आम हड़ताल की नई तिथि तय की गई है।हड़ताल को लेकर तैयारी जारी है।

### जेपी हॉस्पिटल के निरसा स्थित यूनिट 2 में लगाया गया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण शिविर



**धनबाद :** शुक्रवार को निरसा स्थित जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर यूनिट 2 में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया जिसमें निरसा प्रखंड समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो के लगभग 250 महिला, पुरुष एवं बच्चे की जांच जेपी हॉस्पिटल के डॉ राजकुमार,डॉ सरिता शुक्ला की टीम के द्वारा किया गया। मरीजों को मर्ज के अनुसार नि:शुल्क दवाइयां दी गई। शिविर में उपस्थित जेपी हॉस्पिटल के अध्यक्ष प्रदीप मंडल ने कहा कि जे पी हॉस्पिटल के सामाजिक दायित्व के तहत यह नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया है एवं साथ ही नि:शुल्क दवा वितरण किया गया है। जेपी हॉस्पिटल का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच अभियान समय समय पर निरंतर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित होता है जिसका खास उद्देश्य है कि आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति इलाज से वंचित न हो, उनका पूर्ण रूप से इलाज हो सके एवं निशुल्क दवाइयां मिल सके। स्वास्थ्य शिविर में भागाबांध पंचायत के मुखिया गुहीराम साहनी, वार्ड न. एक की रीता महतो वार्ड न.दो की प्रतिमा बाउरी,वार्ड नंबर तीन के गोपी साहनी, सौरव महतो, राजेश मंडल, पार्थो आचार्यजी, श्रीमती हेंब्रम, निरोती हेंब्रम,अलोकी मरांडी अप्पू मंडल, फरियाद, पप्पू बाउरी, बोलाए बाउरी समेत अन्य शिविर में सेवा के लिए सक्रिय थे।

### पारिवारिक सहायता केंद्र ने मनाई अकलू राम महतो की जयंती, दी श्रद्धांजलि



**बोकारो :** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत पारिवारिक सहायता केंद्र के तत्वाधान में गरीबों के मसीहा समाजवादी नेता पूर्व मंत्री दिवंगत अकलू राम महतो के 78 वीं जयंती समारोह पारिवारिक सहायता केंद्र के अध्यक्ष मदन मोहन महतो के नेतृत्व में सर्वप्रथम अकलू राम महतो की तस्वीर पर माला एवं पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा अकलू राम महतो के सादा जीवन उच्च विचार, शोषित वचित गरीब अल्पसंख्यक दलित के हक एवं अधिकार के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष करते रहे समाजवादी नीति और बिचार को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए सोशल इंजीनियर के रूपम रूप में सामाजिक परिवर्तन के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले विद्वान के विचारधारा को आत्मसात करना ही सच्चीश सच्ची श्रद्धांजलि होगी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जयप्रकाश महतो सुरेश प्रसाद महतो संतोष कुमार महतो समरेश कुमार महतो मनोज कुमार महतो उमेश प्रसाद बादल कोइरी बबलू कुमार एवं अन्य उपस्थित हुए।

# ट्रेड यूनियनों का देशव्यापी हडताल अब नौ जुलाई को

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच की ओर से 20 मई की देशव्यापी आम हड़ताल स्थगित कर दी गई है। अब यह हडताल नौ जुलाई को होगी। यह जानकारी शुक्रवार को कोल्हान के ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने जमशेदपुर स्थित साकची स्थित एटक के कार्यालय में मीडिया को दी। मौके पर कोल्हान के ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच की ओर से कहा गया कि राष्ट्रीय स्तर के ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने वर्तमान स्थिति की समीक्षा के बाद हड़ताल को स्थगित करने का निर्णय लिया है। मंच की ओर से कहा गया कि हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले, पूरे देश में शोक एवं गंभीर चिंता का माहौल पैदा किया है। ट्रेड यूनियनों ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई को समर्थन दिया। मौके पर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में जम्मू-कश्मीर सहित देश भर के मजदूर वर्ग की एकता और एकजुटता की भी सराहना की गई। साथ ही सरकार से मध्य प्रदेश के एक मंत्री की ओर से सेना पर की गई टिप्पणी पर सख्त कार्रवाई करने का भी आग्रह किया गया।

**मजदूर वर्ग पर जारी हैं हमले**

मंच की ओर से बताया गया कि हड़ताल की सूचना मिलने और नियोक्ताओं के प्रबंधन को हड़ताल के लाखों नोटिस मिलने के बावजूद एवं देश में आतंकवादी नरसंहार के कारण उत्पन्न गंभीर स्थिति के बीच में भी, केंद्र और कई राज्य सरकारों के समर्थित नियोक्ता वर्ग मजदूरों पर हमला जारी रखे हुए है। काम के घंटों को एकतरफा बढ़ाया जा रहा है और वैधानिक न्यूनतम मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा लाभों का उल्लंघन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मजदूरों, विशेष रूप से ठेका मजदूरों को मनमाने ढंग से कानूनों का उल्लंघन करके हटाया जा रहा है। यह श्रम संहिताओं को पिछले दरवाजे से थोपने का प्रयास है।

इसके अलावा, ट्रेड यूनियनों की ओर से बार-बार मांग किए जाने के बावजूद, सरकार ने केंद्रीय ट्रेड यूनियनों से मिलने और उनसे परामर्श करने या भारतीय श्रम सम्मेलन आयोजित करने की जहमत नहीं उठाई है। मौके पर कहा गया कि 20 मई को संयुक्त मंच आमबगान मैदान से उपायुक्त कार्यालय तक रैली निकाल कर सभा करेगा और मंच का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त कार्यालय के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपेगा।

## एक नजर

### नाबालिक लड़की को भागने का आरोप में युवक को जेल भेजा गया



**सिल्ली :** सिल्ली थाना अंतर्गत सिल्ली रूगडी टोला निवासी नरोत्तम गोराई उम्र 20 वर्ष नाबालिक लड़की को भागने के आरोप में सिल्ली थाना के द्वारा जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार नरोत्तम गोराई सिल्ली की नाबालिक लड़की को लेकर फरार हो गया था उनके पिता ने सिल्ली थाना में अपने लड़की की खोजबीन को लेकर मामला दर्ज करवाया था। जिसको लेकर सिल्ली थाना के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए लड़का एवं लड़की को बरामद कर थाना लाया गया जहां शुक्रवार की सुबह धारा 137/2 भादवी इठर के तहत नरोत्तम गोराई को जेल भेज दिया गया।

### बहू ने ससुर पर लगाया प्रताड़ना का आरोप बुजुर्ग ने की खुदकुशी

**पलामू :** बहू की ओर से महिला थाने में शिकायत करने के बाद 55 वर्षीय ससुर ने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। यह घटना जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के तेनुडीह गांव के धनीडीह टोला में हुई। महिला ने अपने ससुर पर प्रताड़ित और मारपीट करने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा दिया है। मृतक की पहचान लालमोहन विश्वकर्मा के रूप में हुई है। मृतक की बड़ी बहू शिवानी देवी, पति बीरेंद्र विश्वकर्मा ने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि ससुर उसे लगातार प्रताड़ित करते हैं।

# पटमदा के मादालकोचा में 50 लाख की लागत से बनेगी पुलिया, हुआ शिलान्यास



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के खेड़ूआ पंचायत के चांपीर गांव के मादालकोचा टोला में शुक्रवार को पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू, सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो व जिला पार्षद प्रदीप बेसरा ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। इस संबंध में चंद्रशेखर टुडू ने बताया कि अनाबद्ध निधि से स्वीकृत 50 लाख की लागत से पुलिया सह गार्डवाल का निर्माण मां शेरावाली कंस्ट्रक्शन के रंजन चौधरी व संजय सिंह के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के आने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। वर्तमान में इस टोला के ग्रामीणों को टाटा-पटमदा मुख्य सड़क निकलने के लिए 3 से 4 किमी अधिक दूरी तय करते हुए घूम - घूम कर जाना पड़ता है। इसके निर्माण के बाद आसानी से यह टोला मुख्य सड़क से जुड़ जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मादालकोचा से जिलिंगटांड़ एवं पलमा से जारकी तक सड़क का निर्माण भी कराया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य कुणामी सोरेन, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, हरिहर सिंह, कालीपद महतो, माणिक महतो, महादेव मांडी, शिवनाथ मांडी, तरणि मुर्मू व मानसिंह मुर्मू आदि मौजूद थे।

# एसएस प्लस टू हाई स्कूल में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पटमदा :** एस एस प्लस टू हाई स्कूल पटमदा में शुक्रवार को पोषण पखवाड़ा के उपलक्ष्य में एक भव्य खाद्य मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में स्थानीय एवं पारंपरिक व्यंजनों को प्राथमिकता दी गई।जिनमें उपस्थित पोषक तत्वों की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी गई। इस अवसर पर श्रीनाथ कॉलेज के गणित विभागाध्यक्ष डॉ. तरुण कुमार एवं श्यामल कुमार मंडल, बीआरपी अबनी कुमार महंती, मदन चंद मुख्य रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आवश्यक बताया। मेले में झारखंड के पारंपरिक व्यंजन जैसे गुलगुला, धुस्का विभिन्न प्रकार के पीठा, चिल्ला, अंकुरित चना चाट, पंता भात, नीम आलू की सब्जी, लाल चोलाई भाजी, सहजन भाजी, सलाद, फ्रूट चाट, सत्तू शरबत, बेल शरबत, छांछ, आम पड़ा, आंवला, मुरब्बा एवं होममेड सेरेलैक जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थों को प्रस्तुत किया गया। इस आयोजन से विद्यार्थियों ने न केवल स्वास्थ्यवर्धक खान-पान की महत्ता को समझा, बल्कि पारंपरिक व्यंजनों की ओर भी आकर्षित हुए। पोषण मेला आयोजन को सफल बनाने में प्राचार्य डॉ मिथिलेश कुमार, शिक्षक अल्पा रोशनी, बाखला, अनीता मुर्मू, मिताली बसु ,कौशलेंद्र कुमार सिंह, आशा कुमारी, सरस्वती बास्के, सावित्री हांसदा, भारती कुमारी, तुलसी महतो, रितिका गुंजन धान, हर्षित डेनियल जोसेफ, डोली दे, श्रीमंत प्रमाणिक व राशिद निसार का सराहनीय योगदान रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान में 32वे दिन दुल्हन मेकअप का प्रशिक्षण दिया



**साहिबगंज:** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान साहिबगंज के माध्यम से चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर के 32वे दिन प्रशिक्षुओं को दुल्हन मैकअप सिखाया जा रहा है ताकि गांव में रहकर महिलाएं पार्टी मैकअप दुल्हन मैकअप आने वाले कस्टमर का कर सके,और अपना विमेंस पार्लर चला सके,क्योंकि आज का जो समय है जो फैशन का है जिसमें ब्राइडल मैकअप का प्रचलन ज्यादा है,साथ ही आसेटी में 31 दिवसीय विमेंस गारमेंट्स का भी ट्रेनिंग जारी हैं, जिसमें झारखंड आजीविका सखी मंडल के 35 दीदियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मौके पर आसेटी निदेशक रविन्द्र कुमार,एलडीएम सुधीर कुमार,सीएम क्रेडिट एस बी आई गोपाल प्रसाद अतिथि प्रशिक्षक रीना देवी,चम्पा पाल,राजहंस कुमार,उपेंद्र गोप, सहायक रंजीत कुमार ठाकुर,आकाश कुमार,तौफीक आलम,नीरज शर्मा सुरेन्द्र मुर्मू के आलवे कई लोग उपस्थित थे।

### बाल श्रमिक उन्मूलन समिति, जिला टास्क फोर्स व बंधुआ निगरानी समिति की हुई संयुक्त बैठक



**साहिबगंज:** जिला कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में बाल श्रमिक उन्मूलन समिति, जिला टास्क फोर्स तथा बंधुआ निगरानी समिति की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में पिछले बैठक में दिये गई निर्देश के अनुपालन की जानकारी ली व जिले में बाल श्रम व बंधुआ श्रम से जुड़ी स्थिति की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्ययोजना पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये बैठक में श्रम अधीक्षक धीरेंद्र कुमार महतो, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी एवं अन्य उपस्थित थी। सभी पदाधिकारी ने अपने विभागों की गतिविधियों की जानकारी दी और आपसी समन्वय के साथ अभियान को और प्रभावी बनाने पर सहमति जताई।

### श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र की सत्संग आयोजित



**ईचागढ़ :** गुरुवार को नीमडीह रेलवे फाटक के पास परम प्रेममय श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र की प्रस्तावित मंदिर निर्माण स्थल पर बैशाख संक्रांति के शुभ अवसर पर सत्संग एवं भंडारा का आयोजन किया गया। सत्संग में हजारों आंचलिक गुरुभाई एवं माताऐं उपस्थित हुए। रित्विक गंगा प्रसाद सिंह ने कहा कि सत्संग सुनने से कई आध्यात्मिक लाभ मिलते हैं। यह आत्मा को शुद्ध करता है, नकारात्मकता को कम करता है, सकारात्मक विचारों को बढ़ावा देता है और आत्मिक विकास के लिए एक मार्ग प्रदान करता है। सत्संग में आदर्श लोगों के साथ समय बिताने का मौका मिलता है, जो आत्मिक शुद्धि और विकास में मदद करता है। इस अवसर पर गंगा प्रसाद सिंह,प्रयाग चन्द्र पाण्डेय, सत्येन महतो, शीतल चन्द्र महतो, दीपक कुमार, जगजीवन, शिवराम, देवाशीष महतो आदि उपस्थित थे। पूरे दिन चना, गुड़, चूड़ा, दही प्रसाद वितरण किया गया।

# साइबर सुरक्षा पर छात्र जागरूकता संगोष्ठी का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** आरटीसी पब्लिक स्कूल, अनगड़ा में शुक्रवार को छात्रों के बीच साइबर सुरक्षा एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग विषय पर एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर के कंप्यूटर साइंटिस्ट डॉ. राकेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जो साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित विशेषज्ञ हैं। डॉ. राकेश कुमार ने छात्रों को साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि डिजिटल युग में ऑनलाइन धोखाधड़ी, हैकिंग और डेटा लीक जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में छात्रों को जागरूक और सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मजबूत पासवर्ड का चयन, संदिग्ध लिंक्स से दूरी, और व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने भी छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहाः तकनीक का उपयोग जितना आवश्यक है, उतना ही जरूरी है उसका सुरक्षित और जिम्मेदाराना इस्तेमाल। इस प्रकार की संगोष्ठियाँ छात्रों को डिजिटल दुनिया के प्रति सजग बनाती हैं। संगोष्ठी में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रश्नोत्तर सत्र में महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर डॉ. कुमार ने सरलता व सहजता से दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में साइबर सुरक्षा के प्रति चेतना जागृत करना था, मौके विद्यालय के शिक्षक शिवराज कुमार, सुमंत कुमार, सुभाष कुमार ,उमेश मंडल एवं शिक्षिका स्नेहा शालिनी आदि उपस्थित थे।

# बरमसिया गांव में हुई चोरी में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/बरहेट :** शुक्रवार के अपराह्न पुलिस निरीक्षक नूनू देव राय एवं बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर थाना क्षेत्र के बरमसिया गांव में हुई चोरी की घटना की जानकारी दी। जिसमें बताया गया कि बरमसिया गांव के दिलीप टुडू के घर में बीते दिन अज्ञात चोर द्वारा घर के सामान की चोरी कर ली गई थी। इसकी सूचना बरहेट थाना प्रभारी को दिया गया था जिसपर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना को अंजाम देने वाले चोर को गिरफ्तार कर लिया तथा चोरी गए सामानों को भी बरामद कर लिया। सामान की बरामदगी बरमसिया गाँव के अजहर अंसारी के घर से की गई। बरामद सामान में टीवी सेट, पंखा, बैटरी सहित अन्य सामान शामिल है। थाना प्रभारी पवन कुमार से पुछे जाने पर बताया कि दिलीप टुडू के आवेदन पर बरहेट थाना कांड संख्या 82/25 दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार दिलीप टुडू झारखंड में पुलिस विभाग में अ. नि.के पद पर कार्यरत हैं।

### हथियारों से भरी पानी टंकी जंगल से बरामद


**गिरिडीह :** नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों के नक्सलियों के खिलाफ पुलिस और सीआरपीएफ के जवान लगातार कार्रवाई कर रहे है। इसी क्रम मे शुक्रवार को जिले के नक्सल प्रभावित खुखरा थाना इलाके के चतरो के कानाडीह और गार्दी के घने जंगल मे छिपाकर पानी टंकी में रखे विस्फोटक पदार्थ और हथियारों को पुलिस ने बरामद किया है। बरामद पानी टंकी से हथियार और कारतूस के साथ विस्फोटक पदार्थ जब्त किये गये । खुखरा थाना इलाके से मिले सफलता के बाद एसपी डॉक्टर विमल कुमार, एएसपी सुरजीत कुमार और सीआरपीएफ 154 बटालियन के असिस्टेंट कंमाडेंट दलजीत सिंह भाटी ने प्रेसवार्ता कर कहा की सुरक्षाबलों ने छापेमारी कर जमीन से पानी टंकी को निकाला । जिसमे कई बंदूके ,देशी कट्टा, सेमी आटोमेटिक कट्टा सहित कई हथियार और विस्फोटक पदार्थ जब्त किये गये ।

### वीर सैनिकों के सम्मान में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**खूंटी :** पहलगाम में बेकसूर पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देश के वीर सैनिकों के सम्मान में शुक्रवार को खूंटी में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें राजनेता, समाजसेवी, व्यापारी, विद्यार्थी सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। इस संबंध में भाजपा के पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से भाजपा न केवल ऑपरेशन की सफलता को जन-जन तक पहुंचाना चाहती है, बल्कि देशवासियों में राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना को भी जगाना चाहती है। पार्टी ने सभी कार्यकताओं, सभी इकाइयों, देशभक्त नागरिकों सहित दानी पब्लिक स्कूल और स्पिरिंगडेल पब्लिक स्कूल प्रबंधन को इस तिरंगा यात्रा में सक्रिय भागीदारी के लिए बधाई दी है।

# बॉर्डर पर वन भूमि में ईंट भट्ठे का हो रहा संचालन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** पलामू जिले के तरहसी और नावाजयपुर थाना क्षेत्र के बॉर्डर इलाके में स्थित कनौदी और सोनपुरवा गांव में वर्षों से अवैध रूप से ईंट भट्ठे का संचालन किया जा रहा है। इस भट्ठे का संचालन वन भूमि पर हो रहा हैं, लेकिन वन विभाग चुप्पी साधे हुए है। कनौदी गांव के संजय कुमार सिंह की ओर से 25 वर्ष से ईंट भट्ठे का संचालन करने की जानकारी सामने आयी है। इतने लंबे समय के बावजूद वन विभाग इस ईंट भट्ठे पर कार्रवाई नहीं कर क्षेत्र का आकलन करने में जुटा है।स्थानीय ग्रामीणों की माने तो विभागीय लापरवाही के कारण वन भूमि का दोहन लगातार जारी है और इसके पर्यावरणीय दुष्परिणाम भी सामने आने लगे हैं।

जब इस संबंध में संजय सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जिस भूमि पर भट्ठा संचालित हो रहा है, वह जीएम लैंड (सरकारी भूमि) है। यह भी दावा किया कि भूमि कनौदी निवासी झरी महतो और सकेंद्र साव के नाम पर बंदोबस्त है और उन्हीं की अनुमति से वह भट्ठा चला रहे हैं।

नावाजयपुर क्षेत्र के प्रभारी वनपाल रामाशीष कुमार से शुक्रवार को बातचीत की गई, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि की प्रकृति को लेकर विभाग के पास कोई पुख्ता दस्तावेज नहीं हैं। वन विभाग के सीमांकन पिलर मौजूद न होने के कारण अभी यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि भूमि वन क्षेत्र की है या नहीं। हालांकि, वनपाल ने बताया कि भट्ठा संचालक को दो दिनों का अल्टीमेटम दिया गया है कि वे भूमि का वर्गीकरण (किस्म) संबंधित मापी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। अगर तय समयसीमा में रिपोर्ट नहीं दी जाती है, तो विभागीय अमीन से मापी कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



नाम– नेहा कुमारी, उम्र करीब–25 वर्ष, रंग–गोरा, ऊँचाई– 5 फीट 3 ईंच, पहनावा–कॉलेज ड्रेस, निला पजामा, गुलाबी शूट, काला बैग टांगी हुई है। पहचान चिन्ह–गाल पर जला हुआ का पुराना निशान।

उपरोक्त लापता महिला नेहा कुमारी, उम्र करीब–25 वर्ष, पिता–कामेश्वर यादव, सा0–बचरा, थाना–पीपरवार, जिला–चतरा जो दिनांक–07.05.25 को समय करीब 09 से 10:30 बजे अपने घर बसंत बिहार कॉलोनी से माण्डर कॉलेज में परिक्षा देन गई थी, जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में माण्डर थाना सनहा संख्या–28/2025, दिनांक–07.05.2025, दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID(mc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक, खलारी, रॉची। –9431742777
थाना प्रभारी माण्डर रॉची। –9431706187

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

PR 352659 (Police) 25-26 (D)



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची**

अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –05/2025–26
Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 3. | परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | : | 22.05.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :– | 23.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | 23.05.2025 को अपराह्न 3.30 बजे। |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची। |
| 7. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थानः– | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 8. | कार्यों की विवरणी | :– | |

| क्र | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Special repair of having capacity 2.00 Lakh Gallon Existing RCC sump and other mis work at Pahari Mandir under D.W.& S. Division, Gonda, Ranchi. | 1561244.00 | 32000.00 | 5000.00 | 01 Month |
| 2. | Replacement of 200mm dia. 250mm dia, 300mm dia & 500mm dia Non Functioning sluice valve and provision of 2 Nos 450mm dia scour vlave its allied work at WTP Gonda under D.W.& S. Division. Gonda, Ranchi. | 1882752.00 | 38000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 3. | Emergent repairing of spill way Redial Gate Arm Hinges Pin, repairing rectifying blancing greasing winch machine, steel core wire rope & accessories of hoisting etc. at Gonda Dam under D.W.& S. Division, Gonda, Ranchi. | 186573.00 | 4000.00 | 500.00 | 45 Days |

नियम एवं शर्तें सूचनापट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची

PR 352679 Drinking Water and Sanitation(25-26).D

# राष्ट्रवाद के दौर में राहुल की जातिवादी राजनीति

बिहार की राजनीति एक नए दौर में प्रवेश कर रही है, और इस दौर के केंद्र में इस बार राहुल गांधी हैं। जब पूरा देश 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद राष्ट्रवाद की राजनीति की ओर फिर से झुक गया, राहुल गांधी ने इसके ठीक उलट जातीय जनगणना और सामाजिक न्याय को अपनी राजनीतिक प्राथमिकता बना लिया है। यह वही बिहार है, जिसने कभी मंडल राजनीति की नींव रखी थी और जहां जातीय समीकरण अब भी हर चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। ऐसे में राहुल गांधी का यह फोकस न केवल एक रणनीतिक चुनावी दांव है, बल्कि यह संकेत भी है कि कांग्रेस अब केवल राष्ट्रीय मुद्दों पर नहीं, बल्कि क्षेत्रीय राजनीति की नब्ज पर भी हाथ रखना चाहती है। बीते पांच महीनों में राहुल गांधी बिहार के चार दौरे कर चुके हैं और हर बार उन्होंने अलग-अलग जिलों को चुना है। यह चयन यूं ही नहीं है, बल्कि हर दौरे के पीछे सामाजिक समूहों की स्पष्ट गणना है। दरभंगा में उन्होंने दलित छात्रों से मिलने की कोशिश की, लेकिन प्रशासन ने उन्हें अंबेडकर छात्रावास में जाने की अनुमति नहीं दी। इसके बावजूद राहुल गांधी ने हार नहीं मानी। उन्होंने पदयात्रा शुरू की, पुलिस और प्रशासनिक अफसरों से बहस की और आखिरकार टाउन हॉल में शिक्षा न्याय संवाद के जरिए अपनी बात रखी। यह कोई साधारण राजनीतिक दौरा नहीं था, बल्कि प्रतीकों से भरा हुआ एक बड़ा संदेश था। राहुल गांधी ने दरभंगा में छात्रों से कहा कि देश की 90 फीसदी आबादी के पास कोई अवसर नहीं है। उन्होंने पूछा कि उच्च नौकरशाही में आपके कितने लोग हैं? डॉक्टरी पेशे में आपके कितने लोग हैं? शिक्षा व्यवस्था में आपके कितने लोग हैं? और फिर खुद ही जवाब दिया 'जीरो'। उन्होंने आगे कहा कि मनरेगा की सूची में मजदूरों की संख्या देखिए, वह 90 प्रतिशत आबादी से ही भरी हुई है। लेकिन जब बात सत्ता, संपत्ति और ठेकेदारी की आती है, तो सारा पैसा केवल 8 से 10 प्रतिशत लोगों के पास पहुंच जाता है। राहुल गांधी ने इसे लोकतंत्र की सबसे बड़ी विफलता बताया और कहा कि जब तक सामाजिक रूप से वंचित वर्ग एकजुट नहीं होंगे, तब तक कोई बदलाव संभव नहीं है। राहुल गांधी की यह बात बिहार जैसे राज्य में खास असर डाल सकती है, जहां जातीय आधार पर लोगों की पहचान और उनकी सामाजिक स्थिति गहराई से जुड़ी हुई है। खास बात यह भी है कि राहुल गांधी केवल भाषणों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उन्होंने दलित समाज के साथ वक्त बिताने और उनकी संस्कृति को समझने का प्रयास किया है। पटना के एक मॉल में उन्होंने दलित समाज के लोगों के साथ 'फुले' फिल्म देखी, जो सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा फुले के जीवन पर आधारित है। यह एक संदेश था कि कांग्रेस अब दलित राजनीति को केवल चुनावी गणित नहीं, बल्कि वैचारिक जिम्मेदारी मान रही है। हालांकि, राहुल गांधी का यह अभियान राजनीतिक टकराव से अछूता नहीं रहा। दरभंगा दौरे के दौरान पुलिस प्रशासन ने उन्हें छात्रावास में प्रवेश से रोका, जिसे कांग्रेस ने दलितों से संवाद रोकने की साजिश करार दिया। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर इसे दलित विरोधी रवैया बताते हुए बिहार सरकार पर हमला किया और लिखा कि अगर एक नेता दलित छात्रों से मिलना चाहता है तो उसमें क्या गलत है? दूसरी ओर प्रशासन का कहना है कि भारत में कहीं भी छात्रावासों में राजनीतिक कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी जाती, इसलिए उन्हें टाउन हॉल में अनुमति दी गई थी। बिहार में कांग्रेस की यह सक्रियता महज बीजेपी के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह सहयोगी दल आरजेडी के लिए भी चुनौती बनती जा रही है। दरअसल, जिस प्रकार से राहुल गांधी सीधे तौर पर दलित-पिछड़े वर्ग को संबोधित कर रहे हैं, उससे आरजेडी का परंपरागत वोट बैंक खिसक सकता है। यही कारण है कि कुछ राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि बिहार में कांग्रेस अब आरजेडी को भी राजनीतिक रूप से प्रतिद्वंद्वी मानने लगी है। ठीक वैसे ही जैसे दिल्ली में कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोला, बिहार में आरजेडी पर कांग्रेस की निगाह टिकी है। लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस और आरजेडी की स्थिति लगभग बराबर रही।

# पाकिस्तान कान खोलकर सुनो भारत का संदेश

**डॉ. राघवेंद्र शर्मा**

ऑपरेशन सिंदूर और उसे अंजाम देने वाली भारतीय सेना ने देश के प्रत्येक नागरिक का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की इस कार्रवाई ने इसे ऐसे मुकाम तक पहुंचा दिया है कि भविष्य में पाकिस्तान और वहां बैठे आतंकी भारत पर हमला करना तो दूर उसकी ओर आंख उठा कर देखने का दुस्साहस भी ना कर सकेंगे। भारत सरकार ने शत्रु देश का काफी नुकसान करने के बावजूद अपनी सैन्य कार्रवाई को औपचारिक रूप से युद्ध का नाम नहीं दिया। बावजूद इसके हमारी सीमाओं के आसपास पड़ोसी देश के ड्रोन देखे गए। मिसाइलें गिराने की कोशिशें हुईं। जवाबी कार्रवाई में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के सैन्य संसाधनों को हवा में ही नष्ट किया और शत्रु देश के अनेक एयरबेस उड़ाने में सफल रही। पाकिस्तान में संचालित आतंकियों के अनेक प्रशिक्षण केंद्रों को ध्वस्त किया गया। इस कार्रवाई में 100 से अधिक ऐसे आतंकवादी मारे गए, जो भारत सहित दुनिया की अनेक आतंकवादी घटनाओं में शामिल थे या फिर अनगिनत आतंकवादी घटनाओं के रणनीतिकार रहे।

भारत की जवाबी कार्रवाई में अनेक ऐसे लोग भी मारे गए जो पाकिस्तान सरकार और वहां की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर आतंकवाद की फैक्टरी चला रहे थे। भारतीय सेना की आक्रमकता को देखते हुए तत समय ही यह स्पष्ट हो गया था कि परिस्थितियां औपचारिक युद्ध के मार्ग पर कदम आगे बढ़ा चुकी हैं। इसी से भयाक्रांत पाकिस्तान के हुक्मरान अमेरिकी दरबार में ढोक लगाने को मजबूर हुए। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों देशों के बीच स्वस्फूर्त मध्यस्थता करने के लिए प्रयासरत दिखाई दिए। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी और तीनों सेनाओं के भारतीय प्रमुखों ने तत्काल यह स्पष्ट कर दिया कि यह विशुद्ध दो देशों के बीच का मामला है, इसमें भारत को किसी तीसरे देश की मध्यस्थता कतई स्वीकार नहीं।

यह बात भी स्पष्ट हो चुकी है कि पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारी और वहां के हुक्मरान भारत से सीज फायर की गुहार लगा चुके हैं। इसे भारत का बड़प्पन ही कहा जाएगा कि उसने पाकिस्तान की गिड़गिड़ाहट को नजरअंदाज नहीं किया। लेकिन हमारी सरकार और सेना ने इस बीच एहतियाती इंतजाम ढीले नहीं किए । यह बात साफ है कि पाकिस्तान अस्तित्व में आने के बाद से ही भरोसेमंद देश नहीं रहा है। इस बार भी उसने गैर भरोसेमंद काम ही किया। एक ओर वह अमेरिका को माध्यम बनाकर भारत सरकार की बारगाह में सैन्य कार्रवाई रोकने की गुहार लगाता रहा, तो दूसरी ओर उसने भारतीय सीमा के भीतर सशस्त्र ड्रोन भेजने की हिमाकत की।

अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों का मानना है कि शांति की गुहार लगाकर भारतीय सीमाओं में ड्रोन भेजने की स्थिति पाकिस्तान की सेना और वहां की चुनी हुई सरकार के बीच उठापटक मचने के चलते बनी होगी। पाकिस्तान का इतिहास रहा है, वहां के हुक्मरान अवाम की चिंता किए बगैर खुद की सलामती सुनिश्चित करने और अपना राजनीतिक उल्लू साधने में संलग्न रहते हैं। पाकिस्तान की सेना हमेशा इस ताक में रहती है कि कब सरकार गलती करे और कब उसका तख्ता पलट कर पाकिस्तान में सैन्य शासन स्थापित किया जाए। खैर, यह उनका अंदरूनी मामला है। हमारी सेना ने उन सभी ड्रोन को या तो हवा में ही नष्ट कर दिया या फिर उन्हें निष्क्रिय करके वापस पाकिस्तान की ओर भागने को मजबूर किया। यानी एक बार फिर सिद्ध हुआ कि पाकिस्तान कहता कुछ और करता कुछ है।

जहां तक भारत से मुकाबले की बात है तो पाकिस्तान ने हमेशा मुंह की ही खाई है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ रहे नए भारत की बात की जाए तो इसी कालखंड में सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के माध्यम से पाकिस्तान की अकल ठिकाने लगाई जा चुकी है। अब जब एक बार फिर पाकिस्तान ने अपनी नापाक हरकतों से जम्मू-कश्मीर की भूमि को रक्तरंजित किया, तो भारत का कोप उस पर कुछ ज्यादा ही भारी पड़ गया। इसी के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुश्मन की नापाक हरकतों को ठीक तरह से एक्सपोज किया गया। आसमान से मिसाइलों और सैन्य गतिविधियों की गड़गड़ाहट भले ही शांत पड़ गई हो, फिर भी प्रत्येक भारतीय नागरिक का कर्तव्य है कि वह स्वयं को इन परिस्थितियों से जोड़कर बनाए रखे। ठीक उसी तरह, जैसे भारतीय जनता पार्टी के लाखों पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण जनता के बीच पहुंचकर उन्हें पाकिस्तान पर की गई सैन्य कार्रवाई की उपलब्धियों से अवगत कराने जनता के बीच पहुंच रहे हैं।

एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमें और सजग रहना होगा, क्योंकि भारत समेत किसी भी देश में ऐसे तत्वों की उपस्थिति बनी रहती है जो हमारे बीच रहकर सुरक्षा संबंधी सूचनाओं को दुश्मन देश को भेजने का काम कर सकते हैं अथवा जाति संप्रदाय और समाज के नाम पर तनाव उत्पन्न करने के षडयंत्रों में लगे रहते हैं। सोशल मीडिया को ढाल बनाकर गलत अफवाहें फैलाना आज के युग में सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है। इसलिए ऐसे तत्वों पर नजर रखनी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इस बारे में पुलिस अथवा प्रशासन को तत्काल इत्तिला करना हमारा कर्तव्य होता है और दायित्व भी। हमारी मिसाइलों ने पाकिस्तान के परमाणु ठिकानों के इर्द-गिर्द भी अपनी धमक पहुंचा कर यह बता दिया है कि भविष्य में किसी प्रकार की हिमाकत हुई तो वहां ऐसी कोई जगह शेष है ही नहीं होगी, जहां हमारे सैन्य आयुधों की पहुंच न हो सके। प्रधानमंत्री देश के नाम संबोधन में यह स्पष्ट कर दिया है कि अब यदि पाकिस्तान के साथ कोई बात होगी तो वह केवल पीओके और आतंकवाद के बारे में ही होगी। जिंदा बचे रह गए उन आतंकवादियों के बारे में होगी, जिन्हें वहां की सरकार और सेना ने अपने दागदार दामन में छुपा रखा है। उन्होंने ताकीद किया कि अब खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते । टेरर के साथ ट्रेड और टॉक को भी एक साथ नहीं चलाया जा सकता। गाहे ब गाहे परमाणु बम चलाने की दी जाने वाली धमकियों पर अब कोई गौर नहीं होगा और ना ही भविष्य में न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग सहन की जाएगी। केवल सैनिक कार्रवाई स्थगित हुई है, पाकिस्तान पर लागू शेष बंदिशें यथावत जारी रहेंगी।

जहां तक ऑपरेशन सिंदूर की बात है तो खुद भारत सरकार और सेना स्पष्ट कर चुकी है कि यह खत्म नहीं हुआ है । अभी इसे केवल स्थगित किया गया है, यह देखने के लिए कि जान माल का भारी नुकसान उठाने के बाद भी पाकिस्तान की अकल ठिकाने आ गई है अथवा नहीं। जहां तक युद्ध के साथ बुद्ध को भी प्राथमिकता में बनाए रखने की बात है तो भारत एक जिम्मेदार देश है। पूरा विश्व भारत और भारतीय प्रधानमंत्री मोदी से काफी उम्मीद लगाए हुए है। अभी हम विश्व की पांच मुख्य अर्थ व्यवस्थाओं में से एक हैं। जल्दी ही दुनिया की तीन प्रमुख अर्थ व्यवस्थाओं में से एक का तमगा हासिल करना हमारा आगामी लक्ष्य है। विकास की इस गति ने चीन और पाकिस्तान जैसे हमारे शत्रु देशों को हलकान कर रखा है। यह दोनों कतई नहीं चाहेंगे कि भारत इसी प्रकार शांत रहते हुए विश्व स्तर पर अपनी धमक और अधिक मजबूत बना सके। संभव है पहलगाम में जो नापाक हरकत की गई, वह इसी षड्यंत्र का एक प्रमुख हिस्सा हो।

**(लेखक, स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

# भारत की वॉटर स्ट्राइक से बिलबिलाने लगा पाकिस्तान

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

बाईस अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान पोषित और प्रेषित आतंकियों ने निर्दोष नागरिकों का धर्म पूछकर नृशंस हत्या की। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने जहां पाकिस्तान को सैन्य मोर्चे पर तबाह कर दिया वहीं, उससे पहले सिंधु जल संधि को स्थगित करने के फैसले से पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसा दिया है। भारत ने सिंधु जल संधि को ऐसे समय में निलंबित किया है जब पाकिस्तान पहले से ही जल संकट का सामना कर रहा है।

पाकिस्तान के सिंध और पंजाब प्रांत में छह नई नहरें बनाने की योजना भी विवादों में फंसी है।

इतिहास के आलोक में अगर बात की जाए तो सिंधु जल संधि के अंतर्गत भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु घाटी को 6 नदियों में विभाजित करने को लेकर नौ साल तक वार्ता चली और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति अयूब खान के मध्य 19 सितंबर 1960 में सिंधु जल संधि विश्व बैंक की मध्यस्थता से कराची में समझौता हुआ। इस संधि के तहत सिंधु बेसिन की तीन पूर्वी नदियों रावी, ब्यास और सतलुज का पानी भारत को आवंटित किया गया। वहीं तीन पश्चिमी नदियों सिंधु, झेलम और चिनाब के जल का 80 फीसदी हिस्सा पाकिस्तान को आवंटित किया गया। समझौते में जिस तरह से जल का बंटवारा किया गया उससे तत्कालीन भारत के प्रधानमंत्री और सरकार की रीति-नीति का समझा जा सकता है। नेहरू ने देशहित की बजाय पाकिस्तान के हितों का अधिक ध्यान रखा। यह संधि पाकिस्तान में कृषि और हाइड्रोपॉवर प्रोजेक्ट के लिए बहुत अहम है और पाकिस्तान में 80 प्रतिशत सिंचाई के पानी की आपूर्ति इन्हीं नदियों के पानी से होती है। कई शहरों के लिए पेयजल की आपूर्ति भी इस नदी से की जाती है।

भारत और पाकिस्तान के बीच 65 साल पहले हुई इस जल संधि के तहत दोनों देशों के बीच नदियों के जल प्रबंधन को लेकर समझौता हुआ था। नदियों को बांटने का ये समझौता कई युद्धों, मतभेदों और झगड़ों के बावजूद 65 वर्षों से अपने स्थान पर यथावत रहा। लेकिन जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले में 26 लोगों के मारे जाने के बाद भारत ने जिन कड़े कदमों की घोषणा की उनमें यह सबसे बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। भारत का संधि को निलंबित करना इसकी स्थापना के बाद से पहली बार है, जो सीमा पार आतंकवाद से जुड़ी जल कूटनीति में बदलाव का संकेत है। यह भारत के दृष्टिकोण में बदलाव को दर्शाता है। 2016 में उरी में भारतीय सेना के एक शिविर पर हमले के बाद डेढ़ सप्ताह बाद हुई एक समीक्षा बैठक में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था, "खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते हैं।" मोदी के इस बयान का इशारा सिंधु जल समझौते की ही ओर था। 2019 में पुलवामा में सुरक्षा बलों पर हमले के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा था, सरकार ने पाकिस्तान को पानी के वितरण को रोकने का फैसला किया है। अगस्त 2019 में भारत के तत्कालीन जल संसाधन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा था, सिंधु जल संधि का उल्लंघन किए बिना पाकिस्तान को जाने वाले पानी को रोकने के लिए काम शुरू हो गया है।

भारतीय सेना से करारी शिकस्त के बाद पाकिस्तान अब पानी को लेकर भारत के सामने गिड़गिड़ाने लगा है।

पाकिस्तान की सरकार ने 14 मई को भारत के जल शक्ति मंत्रालय को चिट्ठी लिखकर सिंधु जल संधि को स्थगित करने को लेकर दोबारा विचार करने की अपील की है। वहीं, एक महत्वपूर्ण बात और भी है कि पाकिस्तान की ये अपील तब की गई जब भारत चिनाब नदी पर बगलिहार और सलाल जलविद्युत परियोजनाओं में फ्लशिंग और डिसिल्टिंग का काम शुरू कर दिया है।

पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सय्यद अली मुर्तजा ने भारत को लिखी चिट्ठी में कहा, सिंधु जल समझौता स्थगित होने की वजह से पाकिस्तान में खरीफ की फसल के लिए पानी का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने 13 मई को कहा कि अगर भारत सिंधु जल संधि को फिर से शुरू नहीं करता है और हमारी तरफ आने वाले पानी को मोड़ने की कोशिश करता है तो दोनों देशों के बीच लागू हुआ संघर्ष विराम खतरे में पड़ सकता है।

सिंधु जल संधि पर चर्चा के लिए पाकिस्तान की ये पेशकश उसकी छटपटाहट को साफ दिखा रही है। यह पहली बार नहीं था जब भारत सरकार ने 1960 में दोनों देशों के बीच हुई इस संधि में बदलाव की मांग की थी। दो साल पहले भारत ने पाकिस्तान को इस संबंध में नोटिस भेजा था लेकिन इस नोटिस में सिर्फ 'बदलावों' के बारे में बात की गई थी। हालांकि अगस्त 2024 में भेजे नोटिस में भारत ने बदलावों के साथ-साथ समझौते की 'समीक्षा' करने की भी बात की थी। इसमें 'सीमा पार से आतंकवादी गतिविधियों' का भी उल्लेख किया गया था। इसमें भी भारत की ओर से कहा गया था कि 'सीमा पार से आतंकवाद' इस समझौते के सुचारू रूप से संचालन में बाधा है। लेकिन पाकिस्तान ने इस पर कोई उत्तर नहीं दिया, अब जबकि भारत ने समझौते को स्थगित कर दिया है तो पाकिस्तान घुटनों पर आ गया है। 15 मई को एक कार्यक्रम में संवाददाताओं ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से जब सिंधु जल समझौते को लेकर सवाल किया, तो उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि यह संधि अभी निरस्त ही रहेगी । भारत सरकार इस पर पुनर्विचार करने के लिए तैयार नहीं है और इस मामले में पाकिस्तान के साथ बातचीत नहीं होगी। विदेश मंत्री के ताजा बयान से पहले प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्र के नाम संबोधन में साफ कर चुके हैं कि खून और पानी साथ नहीं बह सकते हैं।

सिंधु जल संधि के निलंबन से पाकिस्तान की जल सुरक्षा को खतरा है, क्योंकि इसकी 80 प्रतिशत कृषि भूमि इन नदियों पर निर्भर है। इस व्यवधान से खाद्य सुरक्षा, नगरीय जल आपूर्ति और विद्युत उत्पादन पर प्रभाव पड़ेगा र साथ ही पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद में सिंधु नदी तंत्र के 25 प्रतिशत योगदान के कारण आर्थिक अस्थिरता भी उत्पन्न होगी। नदी प्रवाह डेटा को रोकने की भारत की क्षमता से पाकिस्तान की सुभेद्यता और बढ़ जाएगी तथा बाढ़ तत्परता और जल संसाधन प्रबंधन में बाधा उत्पन्न होगी। भावार्थ यह है कि आने वाले समय में पाकिस्तान में जल संकट से सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक समस्याएं बढ़ना तय है। पाकिस्तान के पंजाब ओर सिंध प्रांत में जल बंटवारे को लेकर पुराना विवाद है। वर्तमान जल संकट ये विवाद और गहराएगा।

भारत अब अपने हिस्से की तीनों नदियों रावी, ब्यास और सतलुज के जल को अपने लिए प्रयोग करने की योजना बना रहा है। इस पर तुरंत काम शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा, मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाओं को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत के इन कदमों से पाकिस्तान को लंबे समय में नुकसान पहुंचना अवश्यम्भावी है। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने स्पष्ट तौर पर कहा कि पाकिस्तान से बात होगी तो टेरेरिज्म पर होगी पाकिस्तान से बात होगी..तो पीओके पर होगी। अब पाकिस्तान को यह तय करना है कि वो आतंकवादियों का साथ देगा या फिर अपने प्यासे खेतों और नागरिकों की प्यास बुझाने के लिए शांति और शालीनता के मार्ग का चुनाव करेगा।

**(लेखक, राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार हैं।)**

## सूडोकु नवताल- 7432

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7431 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

# नहीं भूल सकता महावीर सिंह राठौर का बलिदान

**रमेश शर्मा**



स्वाधीनता संग्राम में यदि अहिसंक आंदोलन ने पूरे देश में जाग्रति का वातावरण बनाया तो क्रांतिकारी आंदोलन ने अंग्रेजों को सर्वाधिक विचलित किया। भारत का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहां से कोई न कोई नौजवान क्रांतिकारी आंदोलन से न जुड़ा हो। कासगंज जिले के महावीर सिंह राठौर ऐसे क्रांतिकारी थे। उन्होंने सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी भगत सिंह और दुर्गा भाभी को सुरक्षित लाहौर से निकाला था। क्रांतिकारी महावीर सिंह का जन्म उत्तर प्रदेश के कासगंज जिला के ग्राम शाहपुर टहला में 16 सितम्बर, 1904 को हुआ था। उनके पिता देवी सिंह राठौर संपन्न किसान थे। इस परिवार में कभी जमींदारी भी रही थी। समय के साथ परिवार आर्य समाज से जुड़ गया था। परिवार की पृष्ठभूमि और आर्यसमाज से संबद्धता के चलते यह परिवार भारत की सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति समर्पित था और दासता से मुक्ति के अभियान में भी जुड़ गया था।


क्रांतिकारी महावीर सिंह की आरंभिक शिक्षा अपने गांव में हुई। उन्होंने कासगंज से इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण की। अपनी पढ़ाई के साथ कासगंज में ही वे क्रांतिकारी आँदोलन से जुड़ गए। यहां उन्होंने अनुकूल विचारों के किशोरों की टोली बनाई और जन जागरण में जुट गए। अंग्रेजों से भारत की मुक्ति के लिये "नौजवान सभा" की जो टोली कानपुर में बनी, उसके नायक महावीर सिंह थे। यह टोली क्रांतिकारियों के संदेश लाने ले जाने तथा अन्य सामग्री पहुंचाने का काम करती थी। इंटरमीडिएट पास करके आगे की पढ़ाई के लिये 1921 में कानपुर पहुंचे। कानपुर में पूरे देश की तरह असहयोग आंदोलन चल रहा था। क्रांतिकारी महावीर सिंह इस समय केवल सत्रह वर्ष के थे। उन्होंने अपनी इस किशोरवय में ही नौजवानों को एकत्र किया और प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी का यह क्रम कई दिन चला। वे कानपुर की लगभग हर प्रभात फेरी और स्वतंत्रता के लिए निकाए गए जुलूसों में शामिल होने लगे। इस सक्रियता से वे सबकी दृष्टि में महत्वपूर्ण हो गए।

कानपुर उन दिनों क्रांति का बड़ा केन्द्र था। क्रांति इस मिट्टी के कण-कण में रही है। 1857 में भी कानपुर की भूमिका महत्वपूर्ण रही। समय अवश्य बदला किन्तु क्रांति की चिंगारी कभी शांत नहीं हुई। कानपुर में क्रांति की इस चिंगारी को ज्वाला में बदलने में ₹प्रताप₹ समाचार पत्र की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही है। क्रांति समर्थक नौजवानों के बीच प्रताप लोकप्रिय समाचार पत्र था। उस दौर के दो बड़े क्रांतिनायकों चंद्रशेखर आजाद और सरदार भगत सिंह से इस समाचार पत्र का गहरा संबंध था और नौजवानों को क्रांति से जोड़ने का भी एक महत्वपूर्ण सूत्र। किशोर वय से क्रांतिकारी गतिविधियों से जुड़े महावीर सिंह का संपर्क चंद्रशेखर आजाद और सरदार भगत सिंह से बना और वे सोशलिस्ट रिपब्लिक एशोसिएशन के सदस्य बने। यहां भी अपनी सक्रियता से महत्वपूर्ण हो गए। काकोरी कांड, सेक्टर्स वध से लेकर असेंबली बम कांड तक क्रांति की प्रत्येक गतिविधि में महावीर सिंह सहभागी रहे। सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी भगत सिंह, बटुकेश्वर दत्त और दुर्गावती देवी को लाहौर के मौजांग हाउस से सुरक्षित निकालने में महावीर सिंह की भूमिका महत्वपूर्ण थी। महावीर सिंह ने यह योजना पहले ही बना ली थी। और उसी योजना के अंतर्गत पुलिस की आंख में धूल झोंककर उन्हें सुरक्षित निकाल ले गए। अंततः लाहौर षडयंत्र मामले में संलिप्तता में महावीर सिंह भी गिरफ्तार हुए। उन्हें आजन्म कारावास की सजा हुई। उन्हें अंडमान की सेलुलर जेल भेजा गया। जहां क्रांतिकारियों को प्रताड़ना दी जा रहीं थीं। इसके विरोध में महावीर सिंह राठौर ने भूख हड़ताल आरंभ की। इस भूख हड़ताल में उनके साथ क्रांतिकारी मोहित मोइत्रा और मोहन किशोर नामदास सहित तीस अन्य बंदियों ने साथ दिया। बंदियों की भूख हड़ताल तुड़वाने के लिए प्रताड़ना का नया दौर चला। 17 मई, 1933 को बलपूर्वक उनके मुंह में खाना ठूंसा गया। इसी प्रताड़ना के चलते उनकी मृत्यु हो गई । इसी भूख हड़ताल के चलते ही मोहित मोइत्रा और मोहन किशोर नामदास का बलिदान हुआ था। स्वतंत्रता के बाद क्रांतिकारी महावीर सिंह के सम्मान में उनकी एक प्रतिमा सेलुलर जेल में भी स्थापित की गई । एक प्रतिमा उनके गांव शाहपुर टहला में स्थापित की गई है।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## दैनिक पंचांग

**17 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | वृष | 05.10 बजे से |
| चंद्र | धनु में | मिथुन | 07.12 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 09.26 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 11.42 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 13.54 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 16.04 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.19 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 20.35 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 22.40 बजे से |
| | | कुंभ | 00.27 बजे से |
| | | मीन | 02.00 बजे से |
| | | मेष | 03.30 बजे से |

**राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक

**शनिवार** 2025 वर्ष का 137 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946
**मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** पंचमी अहोरात्र।
**नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 17.44 बजे को समाप्त।
**योग** साध्य 07.09 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 17.40 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 19.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 19° 20'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872347
**जूलियन दिन** 2460812.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्काद **तारीख** 18

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ-** शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### नगर परिषद ने शुरू किया अतिक्रमण अभियान

**झुमरी तिलैया :** नगर परिषद के द्वारा शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस अभियान के तहत कन्हैया मिष्ठान के समीप,स्टेशन रोड पर पुन: अवैध दुकानों और अतिक्रमणों को हटाया गया। अभियान के दौरान झंडा चौक से लेकर बाजार समिति मोड़ अड्डी बंगला तक सड़क किनारे दुकानों के आगे लगाए गए अवैध शेड भी हटाए गए ।अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने कहा की हमारा उद्देश्य नगर को अतिक्रमण मुक्त और व्यवस्थित बनाना है। किसी भी हाल में अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वही ब्लॉक रोड में अतिक्रमण करके रखे दुकानों अभिलंब हटाने का भी निर्देश दिया है। प्रशासन द्वारा लगातार अभियान चलाया जाएगा और इसमें किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी ।नगर प्रशासक अंकित गुप्ता ने कहा की अतिक्रमण के खिलाफ यह कार्रवाई जनता की भलाई के लिए है। ताकि शहर में यातायात की समस्या कम हो और हर कोई सुरक्षित तरीके से अपनी यात्रा कर सके। यह अभियान निरंतर चलता रहेगा। सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार ने कहा की हमने पहले भी अतिक्रमण हटाने के लिए कड़े कदम उठाए थे, लेकिन फिर से कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया। जिसे लेकर 8 लोगो पर अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा विधिसम्मत कार्यवाही की गई है। अभियान में नगर प्रबन्धक लेमांशु कुमार, सफाई निरीक्षक राजू राम, रेवेन्यू इंस्पेक्टर शम्भू कुमार रजक, अजित कुमार, अभिषेक कुमार मेहता , संतोष कुमार, मिल्टन टंडन, बिमल कुमार शर्मा, दुलारचंद्र यादव, सुदर्शन श्रीवास्तव, बलराम कुशवाहा, भोला कुमार दास, राजेश मोदी , मुकेश राणा,रौशन कुमार समेत होम गार्ड के जवान उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**कोडरमा :** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन सिविल सर्जन कोडरमा की अध्यक्षता में सदर अस्पताल के ओपीडी प्रांगण में आयोजित की गई। ओपीडी में ईलाज के लिए आए मरीजों के बीच डॉक्टर मनोज कुमार, जिला भी.बी.डी. पदाधिकारी कोडरमा द्वारा जानकारी दी गई की डेंगू एक जानलेवा बीमारी है इसके लिए कोई विशेष दवा नहीं है यह मच्छर के काटने से फैलता है और डेंगू फैलाने वाले मच्छर घरों के आसपास या घरों में बेकार पड़े टीन के डब्बे, टूटे-फूटे बर्तन, कूलर, फ्रिज इत्यादि में जमे हुए पानी में डेंगू के मच्छर पनपते हैं। डेंगू के मच्छर इतनी खतरनाक होते हैं कि इसके एक बार काटने से ही किसी भी स्वस्थ व्यक्ति को डेंगू हो सकता है यदि समय पर इलाज नहीं किया जाए तो इससे डेंगू के मरीज की मौत भी हो सकती है इसलिए किसी भी बुखार को हल्के में ना ले बुखार होने पर तुरंत डेंगू की जांच कराएं तथा समय पर इसके उपचार भी कराएं। समय रहते अगर उपचार हो जाती है तो डेंगू का खतरा समाप्त हो जाता है इसलिए लोगों में जागरूकता बहुत जरूरी है। वहीं उपस्थित सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को हाई फीवर होती है तो निश्चित रूप से डेंगू की जांच कराएं इसकी जांच सदर अस्पताल में उपलब्ध है। साथ ही लोगों से अपील है की यदि कहीं डेंगू फैलने की सूचना मिलती है तो तुरंत इसकी सूचना जिला भी0बी0डी पदाधिकारी एवं आईडीएसपी विभाग सदर अस्पताल कोडरमा को दी जाए ताकि ससमय इसकी आउट ब्रेक की स्थिति से लोगों को बचाया जा सके। वहीं उपाधीक्षक डॉ रंजीत कुमार ने बताया कि डेंगू का कोई स्पेशल दवा नहीं है इसलिए बुखार होने पर डेंगू की जांच के उपरांत डेंगू पॉजीटिव पाई जाती है तो तुरंत सदर अस्पताल में आएं।

# शैक्षणिक संस्थाओं के अनुमोदन एवं छात्रवृत्ति को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत शैक्षणिक संस्थानों के अनुमोदन एवं छात्रवृत्ति को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई कि वर्तमान में रामगढ़ जिला अंतर्गत पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत 65 संस्थान पंजीकृत है वही नए शैक्षणिक संस्थानों के पंजीकरण के लिए 10 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उपायुक्त द्वारा शैक्षणिक संस्थानों के नवीनीकरण को लेकर समिति के सदस्यों के साथ चर्चा के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए गए। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत जानकारी देने के क्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत 22653 छात्र छात्राओं ने पंजीकरण किया है वहीं आईएनओ द्वारा 18758 छात्र-छात्राओं का सत्यापन किया जा चुका है। जिसके उपरांत सभी प्रक्रियाएं पूर्ण करने के उपरांत कुल 4676 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाना है। इस संबंध में उपायुक्त द्वारा शेष छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ देने को लेकर सभी प्रक्रियाएं पूर्ण करने का निर्देश दिया गया वहीं उनके द्वारा 4676 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान कोषागार पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अग्रणी जिला प्रबंधक सहित अन्य उपस्थित थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की हुई बैठक

**रामगढ़ :** शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में आपूर्ति विभाग के जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को आपूर्ति टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। जिला आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि सरकार के निर्देशानुसार लाभुकों को 3 महीने जुन, जुलाई एवं अगस्त का राशन वितरण एक साथ किया जाना है। जिसके लिए जून एवं जुलाई का राशन 31 मई 2025 तक एवं अगस्त का 1 जून 2025 से 15 जून 2025 तक राशन वितरण कर दिया जाना है। इस संबंध में उपयुक्त में सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ समन्वय करते हुए ससमय राशन वितरण करने का निर्देश दिया गया।

## ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता पर कोडरमा में उमड़ा देशभक्ति का ज्वार

# अब देश की सुरक्षा और सम्मान से खिलवाड़ करने वालों को मिलेगा करारा जवाब : अन्नपूर्णा देवी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व और ऐतिहासिक सफलता ने देश भर में गर्व और उत्साह की लहर फैला दी है। भारत की सैन्य शक्ति और कूटनीतिक दक्षता का प्रतीक बन चुका यह ऑपरेशन न केवल रणनीतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि इसने समूचे देश को एकता और आत्मविश्वास का नया संबल भी प्रदान किया। इसी गर्व और उत्साह को साझा करने के लिए झारखंड के कोडरमा जिले में शुक्रवार को एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। यह यात्रा झुमरी तिलैया सुभाष चौक से प्रारंभ होकर स्टेशन रोड, झंडा चौक और नगर के विभिन्न हिस्सों से होते हुए महाराणा प्रताप चौक तक पहुँची । पूरे मार्ग में देशभक्ति के गीत गूंजते रहे और भारत माता की जय, वंदे मातरम जैसे नारों से आसमान गूंज उठा। इस भव्य आयोजन का नेतृत्व केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और कोडरमा की विधायक डॉ. नीरा यादव, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, एवं जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने किया। कार्यक्रम के समन्वय और मार्गदर्शन की ज़िम्मेदारी कोडरमा जिला भाजपा अध्यक्ष अनूप जोशी ने बखूबी निभाई। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने यह सिद्ध कर दिया है कि अब देश की सुरक्षा और सम्मान से खिलवाड़ करने वालों को करारा जवाब मिलेगा। यह ऑपरेशन हमारी सेना की शौर्यगाथा और सरकार की कूटनीतिक क्षमता का प्रतीक है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को इस निर्णायक और साहसिक निर्णय के लिए बधाई देती हूँ। आज हर भारतीय का मस्तक गर्व से ऊंचा हो गया है। डॉ. नीरा यादव ने ऑपरेशन सिंदूर को भारतीय सेना की वीरता और सरकार की प्रभावशाली विदेश नीति का परिणाम बताया। उन्होंने कहा आज का दिन इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। यह सफलता न केवल हमारी सेना की ताकत को दर्शाती है, बल्कि यह भी प्रमाणित करती है कि भारत अब किसी भी चुनौती से पीछे नहीं हटता। यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है, और हमें अपनी सेना तथा नेतृत्व पर गर्व है। अमित यादव जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं देश की सेना को खुली छूट देकर पाकिस्तान में सैकड़ो आतंकवादियों को 72 हुरो के पास पहुंचा दिया।

### मरकच्चो में 50 में से 12 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों का किया गया भौतिक सत्यापन

**मरकच्चो :** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की के द्वारा मरकच्चो प्रखंड के चयनित 50 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में से 12 केंद्रों का भौतिक सत्यापन शुक्रवार को किया गया। वही सत्यापन के दौरान निम्न मुख्य आधारभूत सुविधाओं का विशेष रूप से निरीक्षण किया गया। जिसमें भवन केंद्र का संरचनात्मक की स्थिति, छत, फर्श, वेंटिलेशन आदि की समीक्षा किया गया। शौचायल की स्वच्छता एवं चालू अवस्था में शौचालय की स्थिति,चापाकल से पीने योग्य जल की व्यवस्था की पुष्टि, बाल दीवार में लेखन शैक्षणिक,पोषण और जागरूकता संबंधित चित्र एवं खिलौने एवं खेल सामग्री बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु खेल सामग्री की उपलब्धता, बाल विकास चार्ट एवं पंजी संधारण, बच्चों की उपस्थिति, पोषण वितरण और पूर्व शिक्षा से संबंधित दस्तावेज देखा गया।

## बीडीओ ने चौकीदारों को करवाया परेड कर्तव्य के प्रति सजग रहने का दिया संदेश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** बीडीओ सह सीओ गौतम कुमार के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय परिसर में में शुक्रवार को तैनात चौकीदारों की विशेष प्रेड करवाई गई। इस अवसर पर बीडीओ सह सीओ सीओ ने सभी चौकीदारों को अनुशासन, समयबद्धता और सजगता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संदेश दिया। प्रेड की शुरूआत सुबह 7.00 बजे हुई, जिसमें थाना क्षेत्र के सभी चौकीदार वर्दी में शामिल हुए। सीओ ने प्रेड का निरीक्षण करते हुए उनकी वर्दी, चाल-ढाल और अनुशासन का जायजा लिया। उन्होंने चौकीदारों से संवाद भी किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। सीओ ने चौकीदारों को संबोधित करते हुए कहा, चौकीदार पुलिस व्यवस्था की जड़ हैं। गांवों से लेकर कस्बों तक की सुरक्षा व्यवस्था में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सभी चौकीदार अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बरतें, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल जानकारी पुलिस को दें। उन्होंने चौकीदारों को यह भी आश्वासन दिया कि उनके कार्यों और समस्याओं को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा और जो भी जरूरी होगा, वह किया जाएगा। सीओ ने कहा कि इससे चौकीदारों का मनोबल बढ़ेगा और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

# जमीन पर कब्जा करने को ले कर जमीन मालिक के घर में घुस कर की मारपीट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जिला के डोमचांच थाना क्षेत्र के जेरुवाडीह में एक पक्ष के लोगो के द्वारा पूर्व एवं सुनियोजित साजिश के तहत दुसरे पक्ष पर जानलेवा हमला कर दिया। जिस मामले में पीड़ित पक्ष द्वारा डोमचांच थाना में आवेदन दे कर कायार्वाही की मांग की गई है। पीड़ित पक्ष मुन्ना कुमार सिंह ने डोमचांच थाना में आवेदन दे कर बताया है कि उक्त गाँव में दबंग लोगो द्वारा काफी दिन से मेरे जमीन पर नजर बनाये हुए थे और उसे हड़पने के लिए तरह तरह का हथकंडा अपना रहे थे और धमकी चमकी दे कर माहौल गर्म कर रहे थे और जमीन समाज के नाम पर छोड़ने के लिए दबाव बना रहे थे, जब मुन्ना सिंह अपना जमीन नहीं छोड़ा तब सभी लोग पूर्व प्लानिंग के साथ गोलबंद हो कर 15 मई 2025 के शाम को जानलेवा हमला कर दिए। जिसमे मुन्ना सिंह, एवं उनके चाचा बिरेन्द्र सिंह को धारदार हथियार से मार कर माथा फाड़ दिए, जिसके बाद मुन्ना सिंह के घर में घुस कर लूट पाट किये है, जिसमे मुख्य रूप से को छोटेलाल मेहता पिता स्व0 सितो मेहता रामी मेहता उम्र दोनों के पिता कुञ्जबिहारी मेहता किशोर मेहता पिता प्रकाश मेहता विकाश मेहता तेजनारायण मेहता दोनों के पिता पिता बिनु मेहता रामी मेहता की पत्नी नीतू देवी उम्र पति विकाश मेहता मिथलेश मेहता पिता घनश्याम मेहता रामी मेहता का दामाद विजय मेहता पिता महाबीर मेहता सरिता देवी पति विजय मेहता डोमन मेहता वर्ष पिता राजकुमार मेहता रेखा देवी पति डोमन मेहता घनश्याम मेहता पिता स्व भोला मेहता गुल्ला देवी पति छोटेलाल मेहता प्रदीप मेहता दुर्गा मेहता दोनों के पिता लालजीत मेहता रंजीत मेहता पिता महाबीर मेहता ममता देवी पिता रामी मेहता घनश्याम मेहता पिता लालो मेहता महाबीर मेहता महेंद्र मेहता प्रकाश मेहता दोनों के पिता ठाकुर मेहता रिंकेश पिता भोला मेहता महेश मेहता वर्ष पिता मित्रजीत मेहता रोहित मेहता पिता लक्ष्मीकांत मेहता संजय मेहता उम्र लगभग 30 वर्ष पिता मुरली मेहता रविन्द्र मेहता पिता छोटन मेहता एवं अन्य 10 लोग सभी निवासी ग्राम जेरुवाडीह पोस्ट बेहराडीह थाना डोमचांच जिला कोडरमा के निवासी सामिल थे। मुन्ना सिंह ने अपने आवेदन में उक्त सभी लोगो पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने कहा है की उक्त सभी लोग दबंग है जब मै हॉस्पिटल में इलाज करवा रहा था तब उक्त सभी मेरे घर पर पत्थर चला रहे थे पुलिस के जाने पर भी पत्थर चलाना जारी रखा था , थाना पुलिस नेता मंत्री तक उनकी बड़ी पहुच है और ये लोग मेरे घर पर कुछ भी कर सकते है।

# भूतपूर्व सैनिक, भाजपा, आजसू सहित एनसीसी छात्रों ने तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम की दास्तान ऑपरेशन सिंदूर की गूंज के साथ रामगढ़ में निकली भव्य तिरंगा यात्रा राष्ट्रभक्ति, वीरता और सम्मान का जीवंत उत्सव है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की सैन्य शक्ति को दुनिया ने देखा। हमारी सेना ने अपने देश, ध्वज, निशान, जन और भारत भूमि की रक्षा के लिए शौर्य और वीरता का जो परिचय दिया है, वह अद्भुत और अतुलनीय है। अपने शत्रुओं और पाक समर्थित आतंकवादियों को घर में घुसकर मुंह तोड़ जवाब दिया है, जिस पर पूरा देश गौरव कर रहा है। भारत ने बता दिया है कि अगली बार कोई ऐसा दुस्साहस न करे। तिरंगा यात्रा के माध्यम से आज हम अपने वीर जवानों को सैल्यूट कर रहे हैं। भारत ने बता दिया है कि वॉर जरूर बंद हो गई है, लेकिन लड़ाई जारी रहेगी। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संदेश में स्पष्ट कहा है कि लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जब तक पाक प्रायोजित आतंकवाद और उग्रवाद जारी रहेगा। भारत अब किसी के दबाव में नहीं झुकेगा। हमारे वीर सैनिक हर परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में भव्य तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा का आयोजन आज दिनांक 16 मई को दिन के 10 बजे रामगढ़ प्रखंड कार्यालय परिसर से बिजोलिया, फुटबॉल ग्राउंड, सुभाष चौक होते हुए जैन मन्दिर तक किया गया। कार्यक्रम संयोजक राजू चतुर्वेदी ने बताया कि यह यात्रा हाल ही में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा सफलतापूर्वक चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक विजय को समर्पित रही।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रामगढ़ :** शुक्रवार को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ० महालक्ष्मी प्रसाद की अध्यक्षता में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया, जिसका उद्देश्य डेंगू के खतरे एवं डेंगू से बचाव तथा नियंत्रण संबंधी विभिन्न उपायों और तरीकों से जनसमुदाय को अवगत कराना है। डेंगू के खिलाफ लडाई में आवश्यक तथा तत्काल कार्यवाई के बारे में जन जागरुकता बढाना है। जिला भी०बी०डी० पदाधिकारी डॉ० अजय चौधरी के द्वारा बताया कि डेंगू एक विषाणु जनित रोग है जो संक्रमित मादा एडिस मच्छर के काटने से होता है तथा इस रोग से बचाव के लिए किसी प्रकार का टीका या दवा उपलब्ध नही है। ऐसी स्थिती में डेंगू से बचाव हेतु जनजागरुकता एवं मच्छरों से प्रजन्न स्थल को नष्ट करना अति आवश्यक है। सिविल सर्जन परिसर से शहरी क्षेत्र के सहियाओं के द्वारा जागरुकता रैली निकाली गयी। सिविल सर्जन के सभागार में डेंगू से बचाव एवं रोकथाम हेतु सिविल सर्जन रामगढ़ तथा उपस्थित कार्यक्रम पदाधिकारीयों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा सपथग्रहण किया गया। इस अवसर पर उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, रामगढ़ (डॉ० ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह), जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, रामगढ़ (डॉ० स्वराज), जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, रामगढ़ (डॉ० तुलिका रानी), जिला सलहाकार एन०पी०पी०सी०एफ० (डॉ० पल्लवी कौशल), जिला कार्याक्रम प्रबंधक, (बिजय प्रसाद), जिला डाटा प्रबंधक (रश्मि आनंद). जिला कार्यक्रम समन्वयक (रंजीत कुमार सिंह), जिला भी०बी०डी० सलहाकार, (संजना कुमारी), एम०पी०डब्लू (मो० मिन्हाज अन्सारी), पिरामल फाउन्डेशन के प्रतिनिधि रितेश कुमार सिंह) एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित हुए।

### जदयू ने किया धरना प्रदर्शन, सौंपा मांगपत्र



**घाटो :** जनता दल यूनाइटेड बैनर तले माननीय सांसद राज्यसभा सांसद खीरू महतो के आदेशानुसार केदला उत्खनन परियोजना कार्यालय में शुक्रवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जदयू केदला मध्य पंचायत अध्यक्ष भूदेव महतो व संचालन जदयू मांडू प्रखंड सचिव बालेश्वर तुरी ने किया। इस दौरान केओसीपी के कार्मिक पदाधिकारी को मांग पत्र देकर कहा गया कि जो कोयला केदला डिपो में वर्तमान स्टॉक है, उसे रोड सेल में शीघ्र दिया जाए। जिससे यहां के विस्थापित ग्रामीण प्रभावित लोगों को स्वरोजगार मिल सके और अगर कोयला ट्रांसपोर्टिंग के माध्यम से वाशरी भेजने का काम प्रबंधन करती है। तो एक छटाक कोयला उठाव नहीं होने दिया जाएगा एवं आगामी दिनों में जल्द से जल्द कोयला रोड सेल में नहीं दिया गया। तो आने वाले दिनों में आउटसोर्सिंग काम भी को रोका जाएगा। इसका सारा जवाबदेही प्रबंधन की लापरवाही पर होगी। इस कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप माननीय जदयू प्रदेश महा सचिव झारखंड राजू महतो, प्रमोद करमाली, लालधारी महतो, संजय कुमार मुर्मू, सोनाराम मांझ, सुरेश तुरी, सुखारी महतो, फलेंद्र महतो, रघुनाथ महतो, संजय महतो, दीपक तुरी, बालचंद महतो, कौशल महतो, सुखराम मांझी, सुड़लु घासी, राजेश कुमार, नीरज कुमार, प्रदीप महतो, नरेश महतो,रामचन्द्र राम, जितेंद्र तुरी आदि शामिल थें।

### इचाकडीह में झूलन के साथ मंडा पूजा का हुआ समापन

**घाटो :** प्रखंड के ग्राम पंचायत इचाकडीह में शुक्रवार को श्री श्री शिव पार्वती मंडा पूजा (इचाकडीह) का समापन हुआ। भोक्ताओं ने अंगारों पर नंगे पांव चलकर भक्ति दिखाया और झूलन अनुष्ठान पूरा कर क्षेत्र के लिए मनोकामना मांगी। इस अवसर पर रातभर लोगों ने आर्केस्ट्रा व मेला का लुत्फ उठाया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद खीरू महतो व विशिष्ट अतिथि मांडू विधायक निर्मल उर्फ तिवारी महतो, मांडू विधानसभा प्रभारी बिहारी महतो ने फीता काटकर मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन गुरुवार रात को किया और लोगो को मंडा पूजा के अवसर पर मंडा पूजा की बधाई दी। अतिथियों ने कहा कि इचाकडीह गांव में मंडा पूजा का आयोजन कर यहां के लोग धार्मिक अनुष्ठान व परंपरा के अनुसार श्रद्धालुओं ने आग के अंगारों में खाली पांव चलकर आस्था और विश्वास के साथ भक्ति और शक्ति का परिचय देते वर्षों से आ रहे हैं। रात भर नागपुरी गीतों पर आधारित कार्यक्रम होता रहा। मंडा पूजा को सफल बनाने में पूजा समिति के अध्यक्ष सीताराम रजवार, सचिव देवनंदन रजवार, कोषाध्यक्ष सुरेश रजवार, उपाध्यक्ष जगदीश रजवार, सह सचिव शंभू रजवार, सह कोषाध्यक्ष मनोज रजवार, मुखिया रमेश राम, मुखिया राजेश रजवार, पंसस छाया कुमारी रजवार, उप मुखिया पिंटू रजवार, पूर्व मुखिया विनोद रजवार, पूर्व मुखिया सीमा देवी रजवार, पूर्व पंसस गौरी शंकर रजवार, महेश रजवार सहित अन्य का योगदान रहा।

### कम मार्क्स का आना भविष्य निर्माण में बाधक नहीं : विवेक प्रधान

**रामगढ़ :** सीबीएसई क्लास 10 एवं 12 का रिजल्ट जारी होने के बाद सोसाइटी में अलग-अलग किस्से देखने-सुनने को मिल रहे हैं। कहीं कोई छात्र अपने प्राप्तांक से असंतुष्ट है, तो कहीं उनके अभिभावक अपने बच्चे को मिले अंक से संतुष्ट नहीं दिख रहे रहे। सभी को और ज्यादा की उम्मीद थी। स्थिति यह है कि लोग तनाव से घिरे हुए हैं। उनके चेहरे पर पास होने की खुशी के बजाय कम अंक मिलने का गम ज्यादा है। इस परिस्थिति पर श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा के प्राचार्य विवेक प्रधान ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए छात्रों और अभिभावकों से कहा है कि हमें समझना होगा कि आपके तनाव पालने से रिजल्ट बदल नहीं सकता है। जो भी आया है और जितना आया है उसे सहर्ष स्वीकार करें। भविष्य में आगे के लक्ष्य पर फोकस करें। न खुद तनाव लें, न ही बच्चे को तनाव में जाने दें। अगले कुछ दिनों तक बच्चे को ऐसे दुष्प्रभाव में आने से बचाएं। इसके उतने आए हैं, उसके उतने आए हैं, बुआ की लड़की को इतना मिला है, मामा के लड़के ने ये लाया है आदि बातों से परहेज करें। सामने वाला जितने कांफिडेंस से यह बताता है कि उसे 85 या 90 आया है, उसी कांफिडेंस से आप यह बताइए कि आपके बच्चे को 58 या 78 आया है। प्रधान ने कहा कि कम मार्क्स भविष्य निर्माण के लिए कोई बाधक नहीं है। ये बात आप भी समझें और बच्चे को भी आश्वस्त करें। मनपसंद कॉलेज में एडमिशन नहीं होगा, लेकिन उससे एक पायदान नीचे के कॉलेज में भी एडमिशन हुआ और अच्छे से पढ़-लिख लिए तो यकीन मानिए बात बराबर होगी। मार्क्स खराब आए होंगे, तो हो सकता है बच्चा लोगों से नहीं मिलना चाहेगा, लेकिन उसको सब कुछ नार्मल होने का आभास कराइये। क्योंकि आप बच्चे के माता-पिता हैं, मार्कशीट के नहीं। उन्होंने कहा कि यहां आवश्यक है कि अभिभावक आज के क्षण को अपने बच्चे के साथ मिलकर सेलिब्रेट करें। किसी सोसाइटियल प्रेसर में न आएं। क्योंकि कल को बच्चे का नंबर कोई याद नहीं रखने वाला है। परंतु, आपका बच्चे के लिए सेलिब्रेट न करना बच्चा पूरे जीवन याद रखेगा। इसलिए खुश होकर बच्चे का रिजल्ट सबको बताइए, जश्न मनाइए।

# राजमहल स्टेशन के उन्नयन कार्यों का प्रदर्शन हेतु मीडिया टूर का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** रेलवे अवसंरचना के आधुनिकीकरण और यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पूर्व रेलवे के मालदा मंडल ने आज साहिबगंज जिला के राजमहल रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे पुनर्विकास कार्यों को प्रदर्शित करने हेतु एक मीडिया टूर का आयोजन किया गया। इस मीडिया टूर का नेतृत्व मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक यतीश कुमार ने किया, जिनके साथ मंडल के सभी वरिष्ठ शाखा अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। इस दौरे का उद्देश्य मीडिया को चल रहे पुनर्विकास कार्यों की जानकारी देना, परियोजना की



प्रगति से अवगत कराना एवं भविष्य की रूपरेखा साझा करना था।

**राजमहल रेलवे स्टेशन पुनर्विकास की मुख्य विशेषताएं**

इसी प्रकार का मीडिया टूर राजमहल रेलवे स्टेशन पर आयोजित किया गया, जहाँ मीडिया प्रतिनिधियों को अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत हुए महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी दी गई। यह योजना राजमहल स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक विश्वस्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित करने की दिशा में अग्रसर है। राजमहल स्टेशन भी एनएसजी-5 श्रेणी में आता है और पूर्व रेलवे के प्रमुख स्टेशनों में शामिल है। पुनर्विकास कार्य चरणबद्ध रूप से किया जा रहा है, जिसके प्रथम चरण हेतु 7.03 करोड़ रुपए की लागत स्वीकृत की गई है। इसमें सिविल, इलेक्ट्रिकल, एसएंडटी कार्य, साइनेज शामिल हैं।

### राजमहल स्टेशन पर प्रथम चरण में पूर्ण किए गए प्रमुख कार्य

- आधुनिक अग्रभाग का निर्माण एवं सौंदर्यपूर्ण अग्रभाग लाइटिंग।
- सकुर्लेटिंग एरिया एवं पैदल मार्गों का विकास।
- लंबी ट्रेनों के लिए प्लेटफार्म का विस्तार।
- प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय, रिजर्व लाउंज, एग्जीक्यूटिव लाउंज, महिला प्रतीक्षालय तथा पे एंड यूज टॉयलेट का निर्माण।
- दिशानिर्देशन हेतु साइनेजेज कार्यों का निष्पादन।
- आकर्षक मूर्तियों की स्थापना एवं मानक इंटीरियर्स का विकास।
- स्थानीय कला और ऐतिहासिक धरोहरों से प्रेरित आंतरिक एवं बाह्य डिजाइन।
- पूर्णतः दिव्यांगजन-अनुकूल अवसंरचना।
- इंडोर बड़ी स्क्रीन वीडियो वॉल की स्थापना।
- यह समग्र उन्नयन कार्य यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के साथ-साथ क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को उजागर करने के उद्देश्य से किया गया है। यहाँ भी नियोजित कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं।

## जीसीईआरटी की टीम ने किया अदरो स्कूल का निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/बोरियो :** प्रखंड में जीसीईआरटी रांची के राज्य स्तरीय दो सदस्यीय टीम ने शुक्रवार को प्रखंड के राजकीय बुनियादी मध्य विद्यालय अदरो का निरक्षण किया। टीम में जीसीईआरटी के सलाहकार कामेश्वर सिंह व तकनीकी विशेषज्ञ श्रेयांश ओझा शामिल थे। टीम विद्यालय में 7:10 बजे पहुंची। सबसे पहले स्कूल के असेंबली प्रार्थना सभा में शामिल हुआ। इसके बाद टीम विद्यालय कार्यालय पहुंचकर 25 अप्रैल से 10 मई तक 16 दिवसीय स्कूल रु-आर 2025 के कार्यक्रम से संबंधित पंजी का निरीक्षण किया। बाल गणना पंजी एवं बाल गणना फॉर्मेट देखा, बाल गणना पंजी के बाद नामांकन पंजी का अवलोकन किया। नामांकन पंजी के अनुसार नव नामांकित बच्चों की सूची एवं ड्राप आउट व अनामांकित बच्चों के नामांकन की जांच की। विद्यालय में संचालित प्रयास कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियों की जांच की। इस मौके पर डीईओ सह क्षेत्र शिक्षा उप निदेशक डॉ. दुर्गा नंद झा, बीइइओ तरुण कुमार घाटी, बीपीओ राजेश्वरी सिन्हा, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनूप कुमार दत्ता सहायक, शिक्षिका वीणा कुमारी, सहायक अध्यापक नीरज कुमार सिंह, राजेश कुमार शर्मा, नफीसा खातून आदि उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर जब्त करने को लेकर ग्रामीणों ने बीडियो के खिलाफ सड़क जामकर किया प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/तालझारी :** प्रखंड के सगड़भंगा पंचायत में गुरुवार को मनरेगा योजना के तहत चल रहे ग्राम अयोध्या में संझली टुडु के जमीन पर मेडबंदी सह समतलीकरण योजना संख्या 115/24/25 राशि 96 हजार 98 रूपए के लागत से समतलीकरण कार्य में अनियमितता की शिकायत पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) पवन कुमार ने बड़ी कार्रवाई की। गुप्त सूचना के आधार पर बीडीओ ने मौके पर पहुंचकर नियमों के विरुद्ध चल रहे एक ट्रैक्टर को जब्त कर तीनपहाड़ थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया। वहां से ट्रैक्टर लाने के दौरान स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर को रोक बीडीओ के विरुद्ध



सड़क जाम कर विरोध करने लगे। वही बीडीओ पवन कुमार ने बताया कि मनरेगा योजना के तहत महत्वाकांक्षी योजना में पंचायत के कुछ बिचौलियों द्वारा गैरकानूनी ढंग से ट्रैक्टर चलवाया जा रहा था, जो पूरी तरह से नियमों का उल्लंघन है। जिसके विरोध में स्थानीय ग्रामीणों ने बीडीओ के खिलाफ मनमानी तरह से कारवाई करने के विरुद्ध में सड़क को जाम कर दिया। विरोध कर रहे मो हामिद, हारूण अंसारी, हबीबुद्दीन अंसारी, समशेर अंसारी, मुमताज अंसारी, मुसी हांसदा, लुथरू हेम्ब्रम, मुसी टुडु सहित ने सड़क को जाम करते हुए जिला प्रशासन से इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने मांग की है। दूसरी ओर बीडीओ ने स्पष्ट कहा कि प्रशासन की जिम्मेदारी है कि पंचायत स्तर पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं पारदर्शिता के साथ लागू हों। कुछ ग्रामीणों द्वारा सड़क जाम कर सच्चाई को दबाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन प्रशासन ऐसे दबाव में आने वाला नहीं है।

## एसडीपीआई द्वारा लीडरशिप ओरिएंटेशन प्रोग्राम का हुआ सफल आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया, पाकुड़ जिला कमिटी द्वारा आज एक दिवसीय लीडरशिप ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय नेतृत्व को जागरूक बनाना, संगठनात्मक क्षमताओं को बढ़ाना और समाज सेवा के क्षेत्र में सकारात्मक योगदान हेतु मार्गदर्शन देना था। कार्यक्रम की शुरूआत प्रदेश अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य मो0 हंजेला शेख के उद्घाटन भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने युवाओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियों को समझने और नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि "सशक्त नेतृत्व ही सामाजिक परिवर्तन का वाहक होता है"। इस ओरिएंटेशन प्रोग्राम में नेतृत्व



कौशल, संवाद क्षमता, सामुदायिक सेवा, संगठन की नीति व सिद्धांत और जनसंपर्क जैसे विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। विशेषज्ञ वक्ताओं प्रदेश उपाध्यक्ष हबीबुर रहमान, प्रदेश संगठन महासचिव शमीम अख्तर ने विचार साझा किए और प्रतिभागियों के सवालों का उत्तर भी दिया। कार्यक्रम में पाकुड़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए युवाओं ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। एसडीपीआई पाकुड़ के जिला अध्यक्ष मुबारक शेख ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, यह प्रशिक्षण हमारे कार्यकताओं को एकजुट कर, उन्हें प्रभावशाली नेतृत्व प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा। हम भविष्य में ऐसे और भी कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

## डीटीओ ने तालझारी में सघन वाहन जांच अभियान चलाया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/तालझारी :** जिला परिवहन पदाधिकारी मिथलेश चौधरी के नेतृत्व में शुक्रवार को शहीद चौक तालझारी के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान में दो पहिया वाहन सहित टोटो, ओटो एवं मोटरसाइकिल का इंश्योरेंस सहित अन्य कागजात की जांच की गई। इस दौरान बिना रजिस्ट्रेशन के कई टोटो और ओटो तथा बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल को जब्त कर थाना लाया गया। सड़क इंजीनियर अनुज परासर ने बताया कि जिला परिवहन के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान बिना हेलमेट वाहन चला रहे चालकों से, बिना रजिस्ट्रेशन, बिना लाइसेंस एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ना होने पर कुल बीस हजार पांच सौ छ रुपए का चालान काटा गया। वाहन चालकों से गाड़ी चलाते समय सभी आवश्यक कागजात एवं हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की अपील भी की गई। साथी सड़क नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें इस दौरान एसआई अनिल कुमार यादव, एएसआई दंदुराय, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर, आईटी सहायक राजहंस सहित अन्य मौजूद थे।

## सिंधीपाड़ा वासियों को पानी की समस्या से अतिशीघ्र मिलेगी राहत : वंशराज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले के वार्ड न०12 सिन्धीपाड़ा में गहराती जल समस्या को देखते हुए कांग्रेस नगर अध्यक्ष वंशराज गोप ने कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र चौधरी से मुलाकात की उन्होंने मांग रखी कि भीषण गर्मी एवं तेजी से घटते हुए जल स्तर को देखते हुए 1000 फिट की गहराई तक डीप बोरिंग कराई जाएं। चूँकि सिंधीपाड़ा अंतर्गत क्षेत्र में 300/400 फिट बोरिंग आम लोगों द्वारा कराई गई है जो तत्कालीन समय में फेल हो चुकी है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इस बोरिंग से लगभग 1500 से भी ज्यादा लोग लाभान्वित होते है रेलवे फाटक से होते हुए रेलवे कालोनी खजान सिंग गली एवं मिशन स्कूल के समीप तक का एरिया है जो घनी आबादी वाला क्षेत्र है। इसलिए



बोरिंग को 1000 फिट तक करवाया जाए। ताकि लोगों को भविष्य में बार बार इस समस्या न जूझना पड़े। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जब तक बोरिंग सुचारू रूप से संचालित न हो जाए तब तक आम लोगों को टैंक के द्वारा पानी मुहैया करवाया जाए। इसके साथ ही शहरी जलापूर्ति योजना को भी जल्द से जल्द चालू करवाया जाए। इतना ही उन्होंने नगरपालिका क्षेत्र में पानी मुहैया करवाने हेतु और अधिक टैंक एवं ट्रैक्टर खरीदने की मांग की, ताकि आम लोगों को इस जटिल समस्या से राहत मिल सके। वहीं मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि जल्द ही इन सभी समस्याओं को मूर्त रूप दिया जाएगा।जबकि वार्ड 12 सिंधीपाड़ा में बोरिंग को लेकर उन्होंने कहा कि शनिवार को बोरिंग का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसके साथ ही श्री गोप ने आम लोगों से वाटर हार्वेस्टिंग तकनीक उपयोग करने की अपील भी की ताकि भविष्य में जल संकट न हो।

## एक नजर

### यूजी सेमेस्टर वन ओल्ड कोर्स की परीक्षा 28 मई से शुरू



**साहिबगंज:** यूजी सेमेस्टर वन सीबीसीएस ओल्ड कोर्स की परीक्षा 28 मई से शुरू होगी। इसे लेकर सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका ने कार्यक्रम जारी कर दी है। यह जानकारी साहिबगंज महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एसआरआई रिजवी ने दी है। उन्होंने बताया कि परीक्षा 28 मई से 31 मई तक होगी। सभी विषयों की परीक्षाएं द्वितीय पाली में दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार 28 मई को सभी विषयों का कोर 1, 29 मई को कोर 2, 30 मई को जनरल इलेक्टिव 1 व 31 मई को एबिलिटी एनहांसमेंट कोर्स की परीक्षाएं होगी। यह परीक्षा उन विद्यार्थियों के लिए है जो सीबीसीएस प्रणाली के अंतर्गत ओल्ड कोर्स के यूजी सेमेस्टर वन में पूर्व में अनुत्तीर्ण हो चुके हैं। दरअसल ऐसे विद्यार्थियों के लंबे समय से यह मांग रही थी कि विश्वविद्यालय उनके लिए विशेष परीक्षा का आयोजन करें ताकि वह आगे की पढ़ाई जारी रख सके। इस पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है। वहीं विद्यार्थियों ने इस पर महाविद्यालय प्रशासन व विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। इस परीक्षा को लेकर साहिबगंज महाविद्यालय में तैयारी शुरू कर दी गई है।

### तेज रफ्तार हाइवा ने स्कूटी चालक को टक्कर मार किया घायल



**साहिबगंज :** राजमहल–महाराजपुर मुख्य सड़क मंगलहाट निकट मलाहिटोला गांव समीप हाईवे की चपेट में स्कूटी चालक की हाथ फैक्रर, घटनास्थल पहुंचे पुलिस। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को राजमहल थाना क्षेत्र के मुन्ना पटाल गांव निवासी स्वर्ग इंद्रदेव मंडल के 22 वर्षीय करण देव मंडल मंगलहाट की ओर से अपने घर मुन्ना पटाल जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे स्टोन चिप्स से लदे हाईवे ट्रक संख्या जेएच 18 एल 3132 की चपेट में आने से हाथ फैक्रर हो गया। राहगीर एवं घायल युवक के परिजनों के द्वारा उन्हें राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज कर रहे डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

## डीटीओ ने अवैध रूप से पार्किंग करने वाले वाहनों पर कार्रवाई कर 23,650 जुर्माना वसूला



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजुर द्वारा जिले के नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न चौक चौराहों के पास अनधिकृत रूप से पार्किंग करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई। गौरतलब है कि कई बार प्रशासनिक चेतावनी दिए जाने के बावजूद कई वाहनों शहरों में यत्र-तत्र खड़े होने से जाम की समस्या उत्पन्न होने की शिकायत लगातार प्रशासन को मिल रही थी। डीटीओ द्वारा इसी क्रम में नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांधी चौक, हरिणडंगा बाजार, अम्बेडकर चौक, नगर थाना चौक पर सड़क किनारे अनधिकृत रूप से पार्किंग किए गए कई वाहनों (कार) को टोइंग गाड़ी से टो करके नगर थाना लाया गया। साथ ही कुल 23 दो पहिया वाहनों से बिना हेलमेट ड्रंक एंड ड्राइव करने को लेकर एमबी एक्ट के अंतर्गत दंड की राशि ई पोश मशीन के माध्यम से कुल 23 हजार 650 रुपए की वसूली की गई तथा चेतावनी दी गयी कि यदि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति होती है तो वाहनों का परमिट निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मिर्जाचौकी चेक नाका पर पुलिस ने एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया



**साहिबगंज/मंडरो :** मिजाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के निर्देश पर गुरुवार की देर रात्रि मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के सब इंस्पेक्टर आफताब अंसारी के नेतृत्व में एएसआई संजय सिंह एवं पुलिस बल ने मिजाचौकी खनन चेक नाका के पास एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान दर्जनों दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की जांच की गई। सब इंस्पेक्टर आफताब अंसारी ने कहा कि सुरक्षा को देखते हुए वाहन जांच अभियान जारी रहेगा और हर आने जाने वाले लोगों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी ताकि सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक ना हो।

### उपायुक्त ने जनता दरबार मे लोगों की समस्याएं सुनी, समाधान का दिया आश्वासन



**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी–सह–उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा आयोजित जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का भरोसा दिलाया। यह जनता दरबार उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित किया गया, जहां विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं को प्रस्तुत किया। जनता दरबार में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पानी, बिजली, और सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर लोग उपायुक्त से मिले। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के पदाधिकारी को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दरबार के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को सीधे प्रशासन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है और हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। जनता दरबार में उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्राप्त शिकायतों को समयबद्ध तरीके से हल करें। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि जो शिकायतें तुरंत हल हो सकती हैं, उनका समाधान मौके पर ही किया जाए।

### मतदाता सूची सुधार को लेकर एसडीओ ने की अनुमंडल कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक



**साहिबगंज/राजमहल :** प्रखंड के अनुमंडल कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को मतदाता सूची निरंतर अध्यतन कार्यक्रम 2025 एवं प्रपत्र 9, 10, 11, और 11ए, 11बी, भी निरीक्षण को लेकर एसडीओ सदानंद महतो के नेतृत्व में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। मौके पर भाजपा, झामुमो, आजसू, आरजेडी, आदि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित आवश्यक जानकारी दिया। नए नाम जोड़ना, नाम हटाना, स्थानांतरण करना सहित उनसे जुड़े सभी विषयों को विस्तार पूर्वक बताया। साथ ही उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया गया कि अगर किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति या सुझाव दे सकते हैं। मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष अजय चौधरी, आजसू के इंद्रदेव राय, भगवान राय, भरत मंडल, आदि अन्य उपस्थित थे।

### भाजपा ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली तिरंगा यात्रा



**साहिबगंज :** शहर में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और देश की सेवा सम्मान में शुक्रवार को भाजपा की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा जिलाध्यक्ष उज्वल मंडल के नेतृत्व में स्थानीय गांधी चौक से पूर्वी रेलवे फाटक तक के लिए तिरंगा यात्रा निकाला गया। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव सहित कई अन्य भाजपा नेता शामिल थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कश्मीर के पहलगाम में कई सैलानियों की धर्म पूछ कर आतंकियों ने निर्मम हत्या कर दी। इसमें पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों का हाथ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि पाकिस्तान को उसकी इस काम की पूरी सजा व जवाब मिलेगा और फिर देश के सेना ने पाकिस्तान स्थित नौ आतंकी ठिकानों को जमीदोज कर करारा जवाब दिया। वही तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय, भारत की वीर सेना की जय की घोषणा से पूरा शहर गूंज़ उठा। तिरंगा यात्रा में लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

### बीडीओ ने निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्र एवं जलमीनार मरम्मती कार्य का किया निरीक्षण



**पाकुड़/ अमड़ापाड़ा :** ज़िले के अमड़ापाड़ा प्रखंड में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार गुप्ता ने सिंगारसी पंचायत में अधूरे पड़े आंगनबाड़ी केंद्र एवं आलुबेड़ा पंचायत में जलमीनार मरम्मति कार्य का निरीक्षण किया।आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के क्रम में सेविकाओं एवं ग्रामीणों के बीच आवश्यक जानकारी साझा किया तथा उसे शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अमड़ापाड़ा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत आलुबेड़ा में 14 एवं 15 वें वित्त आयोग से निर्मित खराब हो चुके जलमीनार के मरम्मति कार्य का निरीक्षण किया। ठीक हो चुके जलमीनारों का नियमित देखभाल एवं जल निकासी हेतु सोक पीट बनाने का निदेश दिया गया। साथ ही मरम्मति हेतु लंबित जलमीनारों को एक सप्ताह के अंदर ठीक करवाने का निर्देश संबंधित पंचायत सचिव को दिया गया।

# खेलो इंडिया में भागलपुर की खुशी को गोल्ड मेडल

## खिलाड़ी बोली- मैं 16 महीने तक बेड पर थी, छोड़ दी थी दौड़ने की उम्मीद




**भागलपुर।** की खुशी यादव ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में 2000 मीटर स्टीपलचेज दौड़ में स्वर्ण पदक जीता है। बता दें कि 2 मई को पटना में गेम था और 13 मई को खिलाड़ी ने मेडल हासिल किया है। शाहजंगी नवटोलिया की रहने वाली खुशी पहले लॉन्ग जंप की खिलाड़ी थीं। एक प्रतियोगिता में पैर फ्रैक्चर होने के बाद उन्होंने दौड़ को चुना। खुशी ने कड़ी मेहनत और अनुशासन से खुद को तैयार किया है। घंटों की प्रैक्टिस और कोच की सख्त निगरानी में उन्होंने अपना लक्ष्य हासिल किया। स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने बिहार का नाम रोशन किया है। भागलपुर रेलवे स्टेशन पर खुशी का जोरदार स्वागत हुआ। स्टेशन पर खेल प्रेमी, स्थानीय नेता, अधिकारी और आम लोग मौजूद थे। ढोल-नगाड़ों की धुन के बीच लोगों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। 'खुशी यादव जिंदाबाद' के नारे लगे। खुशी ने बताया कि मैं 16 महीने तक बेड पर पड़ी रही थी। मैं सारी आशा छोड़ दी थी कि अब मैं दौड़ भी पाऊंगी। लेकिन मैंने हिम्मत जुटाया। मेरे कोच ने मेरा साथ दिया और मेरे घर वाले मेरे साथ हुए और मैं आज एथलेटिक्स में गोल्ड मेडल दिला पाई।



खुशी के पिता सुनील यादव ने बताया कि उनकी बेटी ने हमेशा बड़े सपने देखे। पिता आगे बताते है कि मैं अपने बच्चों को वहां लिख कर ऑफिसर बनना चाहता था, लेकिन मेरी बेटी खेल में ज्यादा इच्छुक थी और उनके कोच ने मुझे बताया कि आपकी बेटी लॉन्ग जंप हाई जंप और दौड़ में बहुत अच्छा कर सकती है। मैंने कोच पर विश्वास करके उसे एथलेटिक्स की दुनिया में भेज दिया और वह अपने बिहार के साथ-साथ पूरे भारतवर्ष का नाम रोशन की है। मुझे बेहद खुशी हो रही है। कोच जितेंद्र राकेश ने जानकारी दी कि खुशी शुरू से ही अनुशासित और समर्पित एथलीट रही हैं। उनकी सफलता युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है। खुशी यादव की कहानी आज लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है।

उन्होंने यह साबित कर दिया है कि यदि हिम्मत और मेहनत साथ हो, तो कोई भी बाधा मंजिल को नहीं रोक सकती। खुशी यादव ने न सिर्फ गोल्ड मेडल जीता, बल्कि पूरे देश को ये सिखाया कि जज्बा हो तो टूटे पैर भी उड़ान भर सकते हैं।

# कार के आगे 'ॐ'लिखा झंडा, पीछे हनुमान जी का चित्र





**बक्सर।** में शुक्रवार सुबह मवेशी तस्करी का मामला सामने आया। उत्पाद विभाग ने चक्की ओपी क्षेत्र के विशेश्वर डेरा में शराब की तस्करी की आशंका में एक यूपी नंबर की स्कॉर्पियो को रोकने का प्रयास किया। इस पर अपराधी गाड़ी को तेजी से भगाने लगा। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने घेराबंदी कर गाड़ी को रोका। जब पुलिस ने स्कॉर्पियो की पिछली सीट हटाकर देखा तो एक गाय और दो बछड़ों को छिपाकर रखा गया था। गाय की मौत हो चुकी थी, जबकि दोनों बछड़े जिंदा थे। इसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने ड्राइवर को पकड़कर जमकर पिटाई कर दी। गाड़ी को धार्मिक प्रतीकों से सजाया गया था, ताकि शक न हो। आगे पीले रंग का 'ॐ' लिखा झंडा और पीछे हनुमान जी का चित्र उकेरा गया था। आरोपी चालक उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ का निवासी अशरफ खान (29) पिता मुमताज खान है। वह भोजपुर के रानीसागर जा रहा था। पुलिस कर रही तस्कर से पूछताछ चक्की ओपी थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चालक को भीड़ से छुड़ाया और थाने ले गई। डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है।

# राजनीति की आखिरी पारी खेल रहे हैं सी.एम

## AIMIM विधायक अख्तरुल इमान ने कहा- शहीद मो. इम्तियाज को नहीं मिला उचित सम्मान, बिहार में चरम पर क्राइम-करप्शन

**बक्सर।** AIMIM बिहार प्रदेश अध्यक्ष और विधायक अख्तरुल इमान ने आज अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बिहार सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने मॉब लिंचिंग, शहीद जवानों और बढ़ते अपराध को लेकर सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार अपनी राजनीति की आखिरी पारी खेल रहे हैं, अंत भला होगा तो सब भला होगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए मोहम्मद इम्तियाज को उचित सम्मान न मिलने की बात कहकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि हरियाणा के शहीद दिनेश शर्मा को न केवल मुख्यमंत्री ने 4 करोड़ रुपए की सहायता राशि दी, बल्कि उनके नाम पर गांव और पार्क तक घोषित किया गया। वहीं, बिहार के



शहीदों के लिए राज्य सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।अख्तरुल इमान ने छपरा में हुई मॉब लिंचिंग की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि ताजिक कुरैशी की निर्मम हत्या सिर्फ इसलिए की गई क्योंकि वह मुसलमान था। सरकार इस घटना पर गंभीर नहीं दिख रही है। जिन आरोपियों ने उसकी मॉब लिंचिंग की, उन पर कद्दउ की धारा 302 तक नहीं लगाई गई। उन्हें फांसी की सजा मिलनी चाहिए। विधायक अख्तरुल इमान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने वादा किया था कि करप्शन और क्राइम को बढ़ने नहीं देंगे, लेकिन आज बिहार में क्राइम चरम पर है। सरकार कम्युनल ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है। अख्तरुल इमान ने कहा कि बिहार के दो और जवान, रामबाबू सिंह और मोहम्मद इम्तियाज हाल ही में शहीद हुए, लेकिन राज्य सरकार ने उनके लिए कोई सम्मानजनक पहल नहीं की। उन्होंने मांग की कि शहीदों को 2-2 करोड़ रुपए का मुआवजा, वीर चक्र (मरणोपरांत) और उनके नाम पर कोई स्मारक या सार्वजनिक स्थल घोषित किया जाए। वहीं, उन्होंने सोशल मीडिया पर मुसलमानों के खिलाफ हो रही अभद्र टिप्पणियों पर भी चिंता जाहिर की और पूछा कि साइबर सेल कहां है ? ऐसे लोगों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही ? विपक्ष पर भी उठाबा सवाल AIMIM प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लालू यादव जो आज एक बड़े नेता हैं, उनकी राजनीति छपरा से शुरू हुई थी, लेकिन अब तक उन्होंने जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात नहीं की। विपक्ष को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए।

# गिल्ली से लगी चोट 2 महीने बाद सीने-पेट में मारी गोली

## पटना में इलाज के दौरान मौत, आरोपी फरार, मृतक के परिजनों ने घर में घुस किया तोड़फोड़

**पटना।** में गुरुवार की देर रात एक माली की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना, बिहटा थाना क्षेत्र के बाजितपुर गांव की है। मृतक की पहचान बाजितपुर गांव निवासी नरेश कुमार के बेटे राकेश कुमार (22) के रूप में हुई है। हत्या का आरोप कुणाल सिंह पर लगा है। दरअसल, मार्च 2025 में गिल्ली-डंडा खेलने के दौरान, कुणाल को गिल्ली से चोट लग गई थी। इसको लेकर राकेश और कुणाल के बीच कहासुनी भी हुई थी। वहीं गुरुवार की रात राकेश कुमार एक शादी समारोह से सजावट का काम करके घर लौट रहा था। गांव के मंदिर के पास कुणाल सिंह बैठा था। दोनों के बीच पुराने बात को लेकर विवाद होने लगा। इसके बाद कुणाल ने पिस्तौल निकालकर राकेश के सीने और पेट में गोली मार दी। घायल हालत में परिजन



राकेश को बिहटा के निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को रखकर जाम किया सड़क घटना से आक्रोशित लोगों ने बिहटा-कन्हौली-सरमेरा NH 922 पर शव को रखकर लगभग 2 घंटे से जाम कर रखा है। मृतक के परिजनों की मांग है कि घटना में शामिल मुख्य आरोपी को पुलिस गिरफ्तार करें और उसे सजा दे। फिलहाल आक्रोशित लोगों को पुलिस प्रशासन समझने में जुटी हुई है। मौके पर स्थानीय थानाध्यक्ष राजकुमार पांडे मृतक के बड़े भाई और परिवार को समझाने में जुटे हुए हैं। इधर, घटना को लेकर थानाध्यक्ष राजकुमार पांडे ने बताया कि मामले को गंभीरता से देखते हुए पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी में जुटी हुई है। SC-ST एक्ट के तहत हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा। सरकार के तरफ से सहायता राशि भी मिलेगी इधर, माली राकेश कुमार की हत्या के बाद घटना से आक्रोशित लोगों ने घटना में शामिल मुख्य आरोपी कुणाल कुमार के घर पर जमकर तोड़फोड़ किया। हालांकि घटना के बाद से बिहटा पुलिस की टीम बाजितपुर गांव में कैंप कर रही। पटना FSL टीम गांव में पहुंची है और हत्या को लेकर जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही बिहटा थानाध्यक्ष राज कुमार पांडेय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पटना ऋह्छ टीम को भी सूचित किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राकेश का एक बच्चा है और पत्नी गर्भवती है। हत्या के बाद से आरोपी कुणाल कुमार फरार है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिहटा थानाप्रभारी राजकुमार पांडे ने बताया कि सूचना मिली कि बाजितपुर गांव में बीती रात राकेश कुमार को कुणाल सिंह ने गोली मार दी।

# छापेमारी के दौरान पुलिस टीम पर हमला

**नवादा।** नवादा में शुक्रवार देर रात एक पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। इा हमले में एसआई आर. के. सिंह समेत तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस टीम इलाके में गोलीबारी से जुड़े एक वीडियो के सामने आने के सिलसिले में छापेमारी के लिए पहुंची थी। घटना के काशीचक थाना क्षेत्र के लीला बीघा गांव की है। गोलीबारी का वीडियो कार्रवाई की वजह थाना प्रभारी बसंत कुमार ने बताया कि 15 अप्रैल को सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया था। वीडियो में कुछ लोग खुलेआम हथियार लहराते और गोलीबारी करते नजर आ रहे थे। इसी मामले में छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस पर ग्रामीणों ने किया हमला जब पुलिस टीम गांव में दबिश देने पहुंची तो कुछ उपद्रवियों ने पुलिस पर हमला कर दिया। इस हमले में एसआई आर. के. सिंह को गंभीर चोटें आईं, जबकि दो अन्य



पुलिसकर्मी हल्के रूप से घायल हुए। पुलिस ने मौके से संजय यादव और भुनेश्वर यादव को गिरफ्तार कर लिया है। इलाज के बाद सभी पुलिसकर्मी स्वस्थ थाना प्रभारी के मुताबिक, सभी घायल जवानों का इलाज कराया गया है और अब उनकी स्थिति सामान्य है। घटना के संबंध में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। थाना प्रभारी ने शनिवार रात करीब 12 बजे घटना की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि मामले में शामिल अन्य हमलावरों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# दरोगा की बहन का गला काटा,सिलेंडर की गैस से जलाया

## संजना के शरीर पर कई वार किए, दोस्त ही कातिल, 15 घंटे में गिरफ्तार

**पटना।** में रहने वाली 27 साल की लड़की की उसके दोस्त ने ही निर्मम तरीके से हत्या कर दी। चाकू से गर्दन, पेट और पीठ पर कई वार किए। लड़की लहूलुहान हो गई। मरने के बाद LPG गैस के जरिए लड़की को जलाया गया। पुलिस ने 15 घंटे के अंदर आरोपी सूरज को मुजफ्फरपुर के सकरा से गिरफ्तार कर लिया है। मृतिका की बॉडी पोस्टमॉर्टम के लिए भेजी गई है। वहीं मृतिका के दरोगा भाई ने शंका जताई है कि 4 से 5 लोगों ने बहन को मारा और उसके साथ रेप भी किया है। संजना की अगले साल ही शादी होने वाली थी। दोपहर में मर्डर, CCTV में दिखा आरोपी संजना बोरिंग रोड में सिंचाई विभाग के रिटायर्ड अधिकारी राजेश्वर प्रसाद के घर में रेंट पर रहती थी। उसकी हत्या गुरुवार दोपहर 1 से 3 के बीच की गई। लेकिन पुलिस को इसकी जानकारी रात 10 बजे आसपास मिली। पुलिस के मुताबिक, आरोपी सूरज पिट्ठू बैग लेकर दोपहर 1 बजे संजना के घर पहुंचा। दोनों में विवाद हुआ। विवाद के बाद सूरज किचन से चाकू लेकर आया और संजना की गर्दन, पेट और पीठ समेत कई हिस्सों पर वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। इसके बाद वह किचन से गैस का सिलेंडर उठाकर लाया। उसका पाइप काट दिया। गैस निकलते ही संजना को फर्श पर ही जला दिया। मारने के बाद वहां से करीब 3 बजे निकल गया। संजना का मोबाइल भी साथ ले गया। पुलिस को दोनों के मोबाइल की आखिरी लोकेशन पूर्वी चंपारण में मिली। पुलिस ने सूरज की पहचान CCTV के जरिए की। पुलिस ने बताया कि सूरज संजना का दोस्त है। दोनों मुजफ्फरपुर जिले के रहने वाले हैं। सूरज का घर बाजी गांव में है हत्या वाले दिन भी दोपहर में वो सीसीटीवी में आते दिख रहा है। कुछ घंटे बाद उसने संजना की लैपटॉप का बैग लेकर भागता भी दिख रहा है गुरुवार रात पुलिस जब संजना के कमरे में पहुंची तो उसके शरीर पर चाकू से हमलों के निशान मिले। कमरे में खून बिखरा था। पास ही एक LPG गैस सिलेंडर रखा था, उसका पाइप खुला हुआ था। बगल में संजना की बॉडी पड़ी हुई थी। संजना पर पहले चाकू से हमला किया गया। वो अधमरी हो गई तो उसे जलाकर मार डाला गया संजना, मुजफ्फरपुर के सबा







गांव की रहने वाली थी। वह CGL का एग्जाम पास कर चुकी थी। फिलहाल पटना में प्राइवेट जॉब कर रही थी। वहीं पहले संजना का भाई भी साथ में रहता था, जो फिलहाल बिहार पुलिस एकेडमी में दरोगा के ट्रेनिंग पर है। घटना की जानकारी तब मिली जब उसकी दाई रात में घर आई थी। दाई ने मकान मालिक को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस और परिवार को बताया गया। भाई भी मौके पर पहुंचा। मां से कहा था- जॉइनिंग के बाद घर आऊंगी संजना 3 साल तक हॉस्टल में रही थी। जनवरी महीने में उत्र्क्ष में रिजल्ट होने के बाद भाई के साथ फ्लैट में शिफ्ट हो गई। 2 दिन पहले मां भी आई थी। भाई, मां को पहुंचाने घर गया था। इसी बीच घटना हुई। 5 जून को संजना को सचिवालय में जॉइन करना था। मां ने संजना को साथ गांव चलने के लिए कहा था, लेकिन उसने कहा कि मुझे नौकरी जॉइन करनी है। उसके बाद आ जाऊंगी संजना के भाई सौरभ कुमार ने बताया- 'शाम साढ़े 7 बजे बहन की गैस सिलेंडर से झुलसकर मौत होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचा तो देखकर लग रहा है कि बहन की हत्या की गई है। उसके गले को काटा गया है। चेहरे झुलसाया गया है।' 'बहन का CGL का रिजल्ट आ गया था। अगले महीने जॉइन करना था। गैस सिलेंडर किचन से खोलकर बेड रूम में रखा हुआ था।' 'CCTV फुटेज में एक संदिग्ध दिखा है, उसकी पहचान नहीं कर पा रहा हूं। उसकी किसी से दोस्ती नहीं थी, ना ही उसने किसी के द्वारा परेशान करने, पीछा करने की जानकारी दी थी।' रेप के बाद हत्या हुई है, वारदात में 4-5 लोग शामिलसंजना के भाई सौरभ कुमार ने पुलिस को दिए आवेदन में लिखा है- 'बहन के शव को देखकर ऐसा लग रहा है कि उसके साथ पहले रेप किया गया फिर हत्या की गई। बहन के गाल, हाथ पर चाकू के निशान हैं। शरीर पर धारदार हथियार से वार के निशान हैं। बॉडी पूरी जली हुई है। घर का सामान भी बिखरा है। इस हत्या को जिस तरह से अंजाम दिया गया है ऐसा लगता है कि इसमें 4-5 लोग शामिल हो सकते हैं। ये लोग कौन हैं। मेरी बहन की हत्या क्यों की गई। पुलिस इस मामले में तेजी से जांच कर अपराधियों को गिरफ्तार करे।' 'घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी, लैपटॉप, 25 हजार रुपए कैश, 1 लाख 50 हजार रुपए का सोने का चेन भी ले गए हैं।'

## संक्षिप्त डायरी

### मुजफ्फरपुर में पैक्स अध्यक्ष के बेटे का मर्डर



**मुजफ्फरपुर।** के सदर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात अपराधियों ने पैक्स अध्यक्ष के बेटे और पंचायत समिति सदस्य के पति की गोली मारकर हत्या कर दी। अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने मुजफ्फरपुर-छपरा हाइवे को करीब 2 घंटे तक जाम रखा। मृतक के छोटे बेटे मोहित कुमार ने बताया कि किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। पिताजी शांत स्वभाव के थे। बाजार से अपने दोस्त गुड्डू सिंह के साथ घर लौट रहे थे। दो महीने पहले मेरे चाचा की हत्या हुई थी। प्रशासन पैसा लेकर बैठ जाती है। समय पर प्रशासन ने कोई मदद नहीं किया। जिस बुलेट पर चाचा की हत्या हुई थी। पापा उसी बुलेट से घर आ रहे थे। हमें इंसाफ चाहिए पताही निवासी संजय चौधरी उर्फ रामनवमी अपने साथी गुड्डू सिंह के साथ बुलेट से खैनी खरीदने गए थे। लौटते समय एलपी शाही गेट के पास बाइक सवार अपराधियों ने पीछा करके आगे से दोनों को रोका। पहले गुड्डू सिंह के दाहिने हाथ में गोली मारी। फिर रामनवमी को गोली मार दी। कुछ दूर जाने के बाद दोनों बुलेट से गिर गए। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। घायल का चल रहा इलाज घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान रामनवमी की मौत हो गई। गुड्डू सिंह का इलाज जारी है। मृतक रामनवमी की मां पैक्स अध्यक्ष और पत्नी रेखा देवी पंचायत समिति सदस्य हैं गोलीबारी की जानकारी मिलते ही एसपी विश्वजीत दयाल अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि घटनास्थल से महज कुछ दूरी पर पुलिस की गश्ती गाड़ी खड़ी थी। थानेदार को काई बार कॉल किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। पुलिस काफी देर से मौके पर पहुंची। अस्पताल ले जाने के दौरान भी कई जगह जाम में फंस गए। पुलिस मदद करती तो शायद रामनवमी की जान बच सकती थी। दोषी पदाधिकारी के खिलाफ होगी कार्रवाई सिटी एसपी विश्वजीत दयाल ने बताया कि अस्पताल में घायल का इलाज चल रही है। एक व्यक्ति की मौत हुई है। छानबीन की जा रही है। दोषी पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले भी इस परिवार में एक शख्स की हत्या हुई थी। इस मामले में 5 अपराधियों की गिरफ्तारी हुई थी।

### नवादा में 7 साल से फरार नक्सली गिरफ्तार



**नवादा।** एसटीएफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो हार्डकोर नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं। पकड़े गए नक्सलियों की पहचान संतोष चौधरी और इंद्रदीप महतो उर्फ पंकज के रूप में हुई है। दोनों अरवल के परासी थाना क्षेत्र के परशुरामपुर और रामलखन बीघा गांव के निवासी हैं। खरौंध रेलवे स्टेशन पर हमले में शामिल दोनों नक्सली नवंबर 2016 में खरौंध रेलवे स्टेशन पर हुए हमले में शामिल थे। लेवी की मांग को लेकर नक्सलियों ने निमार्णाधीन स्टेशन पर हमला किया। इस दौरान वहां पोकलेन मशीन, मिक्सर मशीन, स्कॉर्पियो और बोलेरो को आग के हवाले कर दिया था। इसके साथ ही मजदूरों और ठेकेदार से मारपीट भी की गई थी। इस घटना में नक्सलियों ने पुलिस पर भी फायरिंग की थी। नवादा न्यायालय में किया जाएगा पेश घटना के बाद सिरदला थाने में 63 माओवादियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। तब से आरोपी फरार चल रहे थे। अब दोनों को गिरफ्तार कर नवादा न्यायालय में पेश किया जाएगा। खरौंध-कोडरमा तक रेल लाइन का काम जारी इस हमले के बाद निर्माण एजेंसी ने पुलिस सुरक्षा की मांग की थी, जिसके बाद पुलिस की निगरानी में स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा हुआ। अब यह स्टेशन पूरी तरह तैयार है। यहां से व्यापारी धान, चावल और गेहूं की ढुलाई कर रहे हैं। खरौंध से कोडरमा तक रेल लाइन का काम भी तेजी से चल रहा है।

### बोधगया में बौद्ध भिक्षु बनकर रह रहा बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार



**गया।** बोधगया के स्लीपिंग बुद्धा टेंपल से एक संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह पिछले 15 दिनों से बौध भिक्षु के वेश में रह रहा था। गिरफ्तार बांग्लादेशी की पहचान पवन कांती बरूआ (62) के रूप में हुई है, जो बांग्लादेश के इमामी जिले के काठखाली थाना क्षेत्र के जुनुमा छड़ा गांव का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध बांग्लादेशी के पास भारत में प्रवेश के लिए न वीजा था, न ही पासपोर्ट। वह अवैध दस्तावेज की मदद से एक महीने पहले भारत में घुसा था। पुलिस को बुधवार की रात गुप्त सूचना मिली। इस सूचना के आधार पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से फर्जी आधार कार्ड मिला है। जानकारी के मुताबिक, अरुणाचल प्रदेश में फर्जी तरीके से उसने आधार कार्ड बनवाया, जिसमें उसने खुद को लोहित जिले के चौखाम क्षेत्र के प्रोपुल चकमा का नागरिक बताया था। इसके बाद बुद्ध जयंती के अवसर पर बोधगया आकर स्लीपिंग बुद्धा टेंपल के कैंपस में रहने लगा था। फिलहाल पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है गया पुलिस ने गिरफ्तार बांग्लादेशी से पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपना नाम पवन कांती बरूआ और बांग्लादेश का नागरिक बताया है। यह भी बताया कि अवैध रूप से भारत में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विदेशी नागरिक अधिनियम और अन्य धाराओं में FIR दर्ज कर जेल भेज दिया है। वहीं, केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है। एजेंसियां भारत में आने की मंशा और नेटवर्क की जांच कर रही है बोधगया थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया, 'स्लीपिंग बुद्धा टेंपल के इंचार्ज आर्य पाल पर पहले से केस दर्ज है। उसपर एक स्थानीय दुकानदार अनुज कुमार गुप्ता पर जानलेवा हमला किया था।' 'इसके अलावा महाबोधि मंदिर के पास मुक्ति आंदोलन के दौरान मारपीट और गाली-गलौज के मामले में भी नामजद आरोपी है।' 'आर्य पाल आंदोलनकारियों के साथ मिलकर धर्म विशेष पर टिप्पणी कर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश कर रहा था। पुलिस उनकी भी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।'ऑपरेशन सिंदूर के बाद बिहार के मोतिहारी में 4 चीनी नागरिक पकड़े गए हैं। इनके साथ 2 महिलाओं को भी रङ्ग ने पकड़ा है। इस सभी को रङ्ग ने भारत में अवैध रूप से घुसते वक्त मैत्री पुल कस्टम हाउस के पास से अरेस्ट किया है। चर्चा है कि दोनों महिलाओं का संबंध पाकिस्तान से था। जानकारी के मुताबिक, दो नेपाली महिलाएं गाइड की भूमिका में थीं। इन चीनी नागरिकों की भारत में अवैध तरीके से एंट्री करवा रही थीं।



# मैं अभी शुरुआती दौर में हूं: पलक तिवारी

हाल ही में अभिनेत्री पलक तिवारी ने अपनी मां और टीवी की जानी-मानी अदाकारा श्वेता तिवारी से बार-बार की जाने वाली तुलना पर खुलकर बात की। 'किसी का भाई किसी की जान' और 'द भूतनी' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी पलक का मानना है कि वह अभी करियर की शुरुआत में हैं, ऐसे में उनकी तुलना अपनी मां जैसी अनुभवी और सफल अभिनेत्री से करना सही नहीं है। पलक ने कहा कि वह अपनी मां को रोल मॉडल मानती हैं और चाहती हैं कि उनके जैसी ही शालीनता और आत्मविश्वास के साथ खुद को दर्शकों के सामने पेश करें। उन्होंने साफ शब्दों में कहा, ष्ईमानदारी से कहूं तो मुझे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं इस पर चुप रहना ही बेहतर समझती हूं और मां पर ही छोड़ देती हूं। उन्होंने जो कुछ भी हासिल किया है, उसके बाद उनकी तुलना आधी उम्र के किसी व्यक्ति से करना सही नहीं है। मुझे नहीं लगता कि मैं उनकी तरह दिखती हूं, लेकिन मेरा सपना है कि एक दिन मैं भी उनके जैसी बनूं।ष 'बिजली-बिजली गर्ल' के नाम से मशहूर पलक ने यह भी बताया कि यदि वह दर्शकों से अपनी मां जितना जुड़ाव बना सकीं, तो वह खुद को सफल मानेंगी। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उनकी मां का टीवी इंडस्ट्री में बहुत लंबा और शानदार करियर रहा है, जबकि उनका सफर अभी शुरू ही हुआ है। पलक जल्द ही एक्शन-ड्रामा फिल्म 'रोमियो एस 3' में नजर आएंगी, जिसका निर्देशन गुड्डू धनोआ ने किया है। उन्होंने बताया कि शूटिंग के दौरान उन्होंने लगातार खुद को बेहतर साबित करने की कोशिश की और गुड्डू धनोआ जैसे अनुभवी निर्देशक के साथ काम करना उनके लिए सम्मान की बात रही। 'रोमियो एस 3' 16 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसमें पलक एक पत्रकार की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म की शूटिंग के दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि यह फिल्म उनके लिए एक बड़ा अवसर है।



## एकता कपूर के वीडियो ने फैंस में मचाई हलचल

हाल ही में टीवी और फिल्म इंडस्ट्री की क्वीन एकता कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अलग-अलग मूड्स में नजर आ रही हैं। इस वीडियो के बैकग्राउंड में क्यूंकि सास भी कभी बहू थी का आइकॉनिक ट्यून सुनाई दे रहा था, जिससे एकता ने शो से जुड़ी कुछ नई बातें शेयर करने का हिंट दिया। उनके इस वीडियो ने फैंस में भारी एक्साइटमेंट पैदा कर दिया है, और लोग इस बात का अनुमान लगा रहे हैं कि शायद एकता कपूर इस शो को फिर से लेकर कुछ नया करने वाली हैं। इसके अलावा, एकता कपूर को हाल ही में 51वें इंटरनेशनल एम्मी अवार्ड्स में इंटरनेशनल एम्मी डायरेक्टरेट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, उन्हें भारत सरकार द्वारा कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए चौथे सबसे बड़े नागरिक सम्मान, पद्म श्री से भी नवाजा गया है। एकता कपूर की यह सफलता साबित करती है कि उनका प्रभाव हर प्लेटफॉर्म पर बना हुआ है। हाल ही में एकता ने मुंबई में वेव्स समिट 2025 में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जहां उन्होंने मध्य प्रदेश की फिल्म टूरिज्म पॉलिसी 2025 लॉन्च की। इस समिट में उन्होंने मध्य प्रदेश की फिल्म इंडस्ट्री की संभावनाओं और वहां की खूबसूरत लोकेशंस को बढ़ावा देने की बात की। साथ ही, उन्होंने इस पहल के लिए वित्तीय मदद की जरूरत का भी जिक्र किया। एकता कपूर ने इस पहल के जरिए अपनी क्रिएटिविटी और दूरदृष्टि का एक और बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। बता दें कि एकता कपूर हमेशा अपनी नई और क्रिएटिव अप्रोच से चर्चा में रहती हैं। उन्होंने न सिर्फ टीवी शोज में बदलाव किए हैं, बल्कि ओटीटी और फिल्म्स में भी अपनी पकड़ मजबूत बनाई है। उनका सबसे प्रसिद्ध और यादगार शो क्यूंकि सास भी कभी बहू थी आज भी भारतीय टेलीविजन का लीजेंडरी शो माना जाता है। इस शो के जरिए एकता कपूर ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई थी, और दशकों बाद भी यह शो भारतीय टेलीविजन की यादों में बसा हुआ है।

## 'हाउसफुल 5' के नए गाने का जादू, 'दिल ए नादान' में मस्ती और ठुमकों का संगम

फिल्म 'हाउसफुल 5' का एक और गाना 'दिल ए नादान' रिलीज हो चुका है। गाने में स्टार्स के शानदार मूव्स ने फैंस का दिल जीत लिया है। गाने को नरगिस फाकरी, सोनम बाजवा, जैकलीन फर्नांडिस, अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन और रितेश देशमुख पर फिल्माया गया है। गाना पार्टी थीम पर आधारित है, इसमें डांस के साथ-साथ मस्ती का भी तड़का है।

यह गाना टी-सीरीज के यूट्यूब और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है।

इस गाने को मधुबंती बागची और सुमंतो मुखर्जी ने मिलकर गाया है। वहीं बोल कुमार ने लिखे हैं। इसके अलावा, कोरियोग्राफ आदिल शेख ने किया है। गाने को लोग काफी पसंद कर रहे हैं।

यह गाना फिल्म का दूसरा म्यूजिक ट्रैक है, इससे पहले फिल्म का 'लाल परी' गाना रिलीज किया गया था। इस गाने को सिमर कौर और यो यो हनी सिंह ने गाया, जबकि कोरियोग्राफ रेमो डिसूजा ने किया। गाने में हनी सिंह और अक्षय कुमार की जोड़ी फिर से साथ देखने को मिली। इससे पहले ये दोनों कई हिट गानों में काम कर चुके हैं, जिसमें 'पार्टी ऑल नाइट', 'कुड़ी चमकीली', 'बॉस' जैसे गाने शामिल हैं। गाने में सभी कलाकार क्रूज पर नाचते-उछलते देखे जा सकते हैं। इसमें पूरा स्टारकास्ट नजर आ रहा है। संजय दत्त, जैकी श्रॉफ और अक्षय कुमार भी एक फ्रेम में देखे जा सकते हैं।

फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, सौंदर्या शर्मा, चित्रांगदा सिंह, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, जैकलीन फर्नांडिस, सोनम बाजवा, नरगिस फाखरी, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े, डीनो मोरिया, निकितेन धीर, रंजीत, जैकी श्रॉफ, संजय दत्त और नाना पाटेकर लीड रोल में नजर आएंगे। अक्षय कुमार और रितेश देशमुख शुरू से ही इस फैंचाइजी का हिस्सा रहे हैं। बाकी कलाकार बाद में जुड़ते गए।

'हाउसफुल' फैंचाइजी की पहली कॉमेडी फिल्म साल 2010 में आई थी। दो साल बाद 'हाउसफुल 2' आई। इन दोनों फिल्मों को साजिद खान ने डायरेक्ट किया था। 2016 में 'हाउसफुल 3' रिलीज हुई, जिसे साजिद और फरहाद ने निर्देशित किया। 2019 में 'हाउसफुल 4' पर्दे पर रिलीज हुई। इसे फरहाद सामजी ने डायरेक्ट किया। अब 'हाउसफुल 5' का निर्देशन तरुण मनसुखानी कर रहे हैं। वहीं साजिद नाडियाडवाला इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं।



## द रॉयल्स में निभाए किरदार को लेकर नोरा फतेही की हो रही तारीफ



बालीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही द्वारा ओटीटी सीरीज़ द रॉयल्स में निभाए गए किरदार को लेकर उनकी तारीफ हो रही है। ओटीटी सीरीज में नोरा ने आयशा ढोंडी का किरदार निभाया है, अपने प्रदर्शन के लिए मिल रही तारीफों का भरपूर आनंद ले रही हैं।

इस सराहना के बीच, नोरा ने अपने प्रशंसकों के साथ एक खास पर्दे के पीछे की झलक साझा की। इन बीटीएस तस्वीरों में नोरा गुलाबी रंग की भव्य साड़ी में नजर आ रही हैं, जो शाही गरिमा और शांत शक्ति का प्रतीक बनती हैं। उनके सॉफ्ट-ग्लैम मेकअप और बारीकी से चुनी गई ज्वेलरी ने फैशन प्रेमियों और प्रशंसकों दोनों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। इन तस्वीरों के साथ नोरा ने दर्शकों को उनके अभिनय और किरदार को इतना अपनापन देने के लिए धन्यवाद कहा। नोरा ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'द बैडी, प्रिंसेस आयेशाज आइकॉनिक और खतरनाक इस मौके पर मैं उन सभी को दिल से धन्यवाद कहना चाहती हूं, जिन्होंने द रॉयल्स में आयशा के रूप में मेरे प्रदर्शन को इतना प्यार और सराहना दी-यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।' हालांकि नोरा की स्टाइलिंग लाजवाब थी, असली ध्यान उनके ऑन-स्क्रीन अभिनय पर था। आयशा ढोंडी के रूप में नोरा ने बेहद नियंत्रित और प्रभावशाली भावनाओं के साथ अभिनय किया। उनके हाव-भाव, बॉडी लैंग्वेज और स्क्रीन प्रेज़ेंस ने उन्हें सीरीज़ की सबसे दमदार झलकियों में से एक बना दिया। फैन-फेवरिट म्यूज़िकल सीक्वेंस 'अदाएं तेरी' को महज 45 मिनट में शूट किया गया, जिसमें नोरा और ईशान खट्टर के बीच बेहतरीन केमिस्ट्री को बखूबी दर्शाया गया, जिसे दर्शक प्योर स्क्रीन मैजिक मान रहे हैं। नोरा इस समय एक बड़ी ग्लोबल स्टार पावर के रूप में धूम मचा रही हैं। उनका हिट सिंगल स्नेक, जो जेसन डेरुलो के साथ है, 130 मिलियन व्यूज पार कर चुका है। अभिनय के मोर्चे पर, नोरा ने हाल ही में बी हैप्पी में अपनी भूमिका के लिए प्रशंसा प्राप्त की और अब वह कंचना 4 में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही हैं।

## आशुतोष राणा बोले-'पृथ्वीराज चौहान' में मेरी भूमिका मेरे लिए बहुत खास है

दिग्गज अभिनेता आशुतोष राणा ने ऐतिहासिक महाकाव्य 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' का हिस्सा बनने पर गर्व जताया। दरअसल, राणा पृथ्वीराज चौहान के भरोसेमंद दोस्त चंद बरदाई के किरदार को अपनी आवाज दे रहे हैं। वह इस महाकाव्य गाथा के जरिए दर्शकों का मार्गदर्शन करेंगे। शो का हिस्सा बनने पर अपने विचार साझा करते हुए, आशुतोष राणा ने कहा, 'मैं बचपन में पृथ्वीराज चौहान की कहानियां सुनता था, जो मेरे दिल में गहराई तक बस गईं। अब जब उन्हें इन्हीं



कहानियों का हिस्सा बनने का मौका मिला है, तो यह मेरे लिए एक भावनात्मक रूप से बहुत खास अनुभव है। एक अभिनेता के रूप में, मैंने हमेशा माना है कि आवाज में बहुत ताकत होती है। इस नैरेशन के जरिए, मैं कहानी में गहराई और गरिमा लाना चाहता हूं। जो भावनाएं मैं लेकर चल रहा हूं, वो ताकत, जुनून और सम्मान से जुड़ी हैं और ये इस शो की आत्मा से मेल खाती है।' 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' एक ऐतिहासिक धारावाहिक है, जो महान योद्धा राजा पृथ्वीराज चौहान के जीवन पर आधारित है। यह पृथ्वीराज चौहान के जीवन के सफर को दिखाती है कि कैसे एक मासूम, युवा राजकुमार धीरे-धीरे एक महान और सम्मानित सम्राट बनता है। कहानी दिखाती है कि कैसे पृथ्वीराज चौहान ने खुद को एक शक्तिशाली योद्धा और सम्राट में बदला। शो में उन महत्वपूर्ण घटनाओं को दिखाया गया है जो पृथ्वीराज को इतिहास में अमर बनाते हैं, जैसे युद्ध, राजनीतिक निर्णय और बलिदान। यह सिर्फ एक राजा की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस यात्रा की गाथा है जिसमें एक युवा बालक संघर्षों, वीरता और निर्णयों के जरिए एक ऐसा सम्राट बनता है, जिसकी विरासत आज भी भारतीय इतिहास में चमकती है। यह सीरीज प्रेरणा, शौर्य और नेतृत्व की जीवंत झलक है। इस शो में अनुजा साठे, रोनित रॉय, रूमी खान और पद्मिनी कोल्हापुरी अहम किरदार में हैं। दिग्गज एक्ट्रेस पद्मिनी कोल्हापुरी 11 साल बाद टीवी पर शानदार वापसी कर रही हैं। वह राजमाता की शक्तिशाली भूमिका में नजर आएंगी। टीवी पर वापसी को लेकर पद्मिनी कोल्हापुरी ने पहले कहा था, 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान की दुनिया में कदम रखना मेरे लिए बेहद खास है, न केवल इसलिए कि मैं शक्तिशाली भूमिका निभा रही हूं, बल्कि इसलिए भी कि यह लगभग 11 सालों के बाद टेलीविजन पर मेरी वापसी का प्रतीक है। टीवी पर मेरी यात्रा सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के साथ शुरू हुई, और अब इतने सालों के बाद, मैं उसी चैनल पर एक ऐसी भूमिका के साथ लौट रही हूं, जो चुनौतीपूर्ण और संतोषजनक दोनों है।' यह शो 4 जून को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रीमियर के लिए तैयार है।



## मुंबई छोड़कर बीकानेर में शिफ्ट हुई चारू असोपा

हाल ही में एक्ट्रेस चारू असोपा ने अपनी नाखुश शादी को खत्म कर, सिंगल मदर के तौर पर अपनी बेटी जियाना के साथ नई जिंदगी की शुरुआत की। वह मुंबई छोड़कर राजस्थान के बीकानेर में शिफ्ट हो गई, जिससे सभी हैरान रह गए। वहीं, राजीव सेन ने अपनी नई तस्वीरों से इंटरनेट पर हलचल मचा दी है। राजीव की तस्वीरों में वह एक खूबसूरत हसीना के साथ नजर आ रहे हैं, और उनकी कैमिस्ट्री को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इन तस्वीरों और वीडियो के वायरल होते ही अफवाहें फैलने लगीं कि राजीव का नई लड़की के साथ अफेयर चल रहा है। हालांकि, इन तस्वीरों का राजीव की पर्सनल लाइफ से कोई संबंध नहीं है। दरअसल, ये तस्वीरें उनके किसी प्रोफेशनल प्रोजेक्ट से जुड़ी हैं, जिसमें उन्होंने प्रोजेक्ट से संबंधित लोगों को टैग किया है। बीते दिनों राजीव ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि उन्होंने अपनी एक्स-वाइफ चारू असोपा को अपने सबसे अच्छे दोस्त से बात करते हुए पकड़ा था। राजीव ने बताया कि वे दुबई में छुट्टियां मना रहे थे, जब उन्होंने चारू को अपने दोस्त से बात करते हुए देखा। इसके बाद चारू ने राजीव को इंस्टाग्राम पर फॉलो करना शुरू कर दिया, और जब राजीव ने इस बारे में पूछा, तो चारू चुप हो गई। इस पर चारू ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर राजीव ने उन्हें अपने दोस्त से बात करते हुए देखा होता, तो वह जान पाते कि वे किस बारे में बात कर रहे थे। चारू ने यह भी कहा कि राजीव को अपने दोस्त का नाम बताना चाहिए, और सिर्फ झूठे आरोप नहीं लगाने चाहिए। बता दें कि सुष्मिता सेन के भाई राजीव सेन और एक्ट्रेस चारू असोपा की निजी जिंदगी में हमेशा कुछ न कुछ हंगामा बना रहता है। राजीव और चारू का रिश्ता हमेशा उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। तलाक के बाद, दोनों अपनी बेटी जियाना के लिए फिर से साथ आए थे, और लोग यह सोचने लगे थे कि शायद वे फिर से एक साथ हो जाएंगे।

## फिल्म जेलर 2 रजकांत और राम्या निभाएगी भूमिका




अपकमिंग फिल्म जेलर 2 इन दिनों खूब चर्चा बटोर रही है। जेलर 2 में जहां रजनी और राम्या कृष्णन अपनी भूमिकाओं को फिर से निभाने के लिए तैयार हैं, वहीं सीक्वल में शिव राजकुमार और मोहनलाल सहित विभिन्न क्षेत्रीय उद्योगों के सुपरस्टार कैमियो करेंगे। हाल ही में ऐसी खबरें आई थीं कि डाकू महाराज फेम नंदमुरी बालकृष्ण कैमियो के रूप में सबसे नए जोड़े जा रहे हैं। रिपोर्ट्स बताती हैं कि बालकृष्ण एक पुलिस वाले की भूमिका निभाएंगे, कथित तौर पर उन्हें बहुत बड़ी रकम दी जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बालकृष्ण जेलर 2 में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। चौंकाने वाली बात यह है कि फिल्म के निर्माता, सन पिक्चर्स ने उन्हें एक छोटे शेड्यूल के लिए मोटी रकम देने पर सहमति जताई है। एक सूत्र ने बताया कि नंदमुरी बालकृष्ण ने जेलर 2 के लिए 20 दिन का शेड्यूल तय किया है। रिपोर्ट के अनुसार, बालकृष्ण ने 20 दिन के शेड्यूल के लिए 50 करोड़ रुपये मांगे और निर्माता बिना किसी हिचकिचाहट के इसके लिए राजी हो गए। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म की यूनिट के एक करीबी सूत्र ने पुष्टि की है कि बालकृष्ण कैमियो के लिए आ रहे हैं। कथित तौर पर, उनकी भूमिका एक शक्तिशाली होगी। हालांकि, बालकृष्ण की भूमिका कैमियो से ज्यादा एक गेस्ट के तौर पर होगी, सूत्र ने ये भी दावा किया है कि फिल्म में प्रशंसकों को उनका किरदार पसंद आएगा। वहीं अगर रिपोर्ट्स की मानें तो बालकृष्ण कैमियो रोल के लिए सबसे ज्यादा पैसे लेने वाले अभिनेता बन गए हैं। गौरतलब है कि कई प्रसिद्ध अभिनेता हैं जिन्होंने फिल्मों में कैमियो के लिए एक पैसा भी नहीं लिया। चाहे पहेली में अमिताभ बच्चन हों, रॉकेट्री में शाहरुख खान, पठान में सलमान खान या किसी का भाई किसी की जान में रामचरम, इन अभिनेताओं ने बिना एक भी पैसा लिए कैमियो किया। हालांकि, सभी अभिनेता मुफ्त में कैमियो नहीं करते हैं। कथित तौर पर, अजय देवगन ने एसएस राजामौली की शानदार फिल्म आरआरआर में अपनी भूमिका के लिए 35 करोड़ रुपये लिए थे। इसके साथ ही, वो कैमियो भूमिका के लिए सबसे अधिक भुगतान पाने वाले अभिनेता बने हुए हैं। वहीं आलिया भट्ट ने भी 15 मिनट के लिए राजामौली की फिल्म से 9 करोड़ लिए थे। दूसरी ओर, हुमा कुरैशी ने संजय लीला भंसाली की गंगूबाई काठियावाड़ी में अपनी भूमिका के लिए 2 करोड़ रुपये लिए थे। दिलचस्प बात यह है कि उर्वशी रौतेला ने मेगास्टार चिरंजीवी की वाल्टेयर वीरैया में अपने कैमियो के लिए 3 करोड़ रुपये की भारी भरकम फीस ली थी।

# आईपीएल में आज केकेआर को हराकर प्लेऑफ में पहुंचने उतरेगी आरसीबी



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले शनिवार से फिर शुरु हो रहे है। इसमें पहले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के बीच टक्कर होगी। इस मैच में आरसीबी जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है क्योंकि उसका प्रदर्शन इस सत्र में काफी अच्छा रहा है। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज लय में हैं जिसका लाभ भी उसे मिलेगा। आरसीबी 11 मैचों में 16 अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है और इस मैच को जीतकर प्लेऑफ में जगह बनाने उतरेगी। वहीं दूसरी ओर गत विजेता केकेआर के 12 मैचों में 11 अंक हैं और वह छठे स्थान पर है और ऐसे में अगर ये मुकाबला वह हारती है या बारिश के कारण ये रद्द होता है तो वह प्लेऑफ से बाहर हो जाएगी।

आरसीबी के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर भी इस मैच में सभी की नजरें रहेंगी। विराट ने इसी सप्ताह टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। विराट ने 9 मई को इस सत्र के स्थगित होने से पहले काफी अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 500 से अधिक रन बनाये हैं और वह ऑरेंज कैप के प्रबल दावेदार हैं। ऐसे में प्रशंसक चाहेंगे कि वह इस मैच में भी अच्छी बल्लेबाजी करें। केकेआर की टीम लगातार दो जीत के साथ इस मैच में उतरेगी। ऐसे में उसका लक्ष्य इस सिलसिले को बनाये रखना होगा। दोनों टीमों पर नजर डालें तो आरसीबी के जीतने की अधिक संभावना है। इस मैच के पहले कप्तान रजत पाटीदार के फिट होने से आरसीबी प्रबंधन ने राहत की सांस ली है। आरसीबी के अधिकतर विदेशी खिलाड़ी भी उससे जुड़ गये हैं। फिल साल्ट, लुंगी एनगिडी, टिम डेविड, लियाम लिविंगस्टन और रोमारियो शेफर्ड जैसे खिलाड़ी टीम के लिए उपलब्ध हैं हालांकि। देवदत्त पडिक्कल और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के चोटिल होने के कारण बाहर होने से उसे झटका लगा है।

आरसीबी ने पडिक्कल की जगह मयंक अग्रवाल को शामिल किया है। वहीं मैच में हालांकि सबकी नजरें कोहली पर होंगी। स्टेडियम में भी दर्शक उन्हें खेलते हुए देखना चाहेंगे। ऐसे में इस मैच में विराट के प्रशंसक आरसीबी की जगह टेस्ट की सफेद जर्सी में नजर आयेंगे। दूसरी ओर केकेआर की राह बेहद कठिन है। कप्तान आजिंक्य रहाणे की टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी में कमजोर नजर आयी है। कप्तान रहाणे और अंगकृष रघुवंशी के अलावा को भी बल्लेबाज सत्र में लगातार रन नहीं बना पाया है। टीम के लिए ये मैच इस पार या उस पार वाला है इसलिए उसके सभी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह अब तक विफल रहें हैं और अब इन्हें इस मैच में रन बनाने होंगे। टीम को मोईन अली की कमी खलेगी। मोईन बीमार होने के कारण लीग से बाहर हैं।

### दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं

**आरसीबी** = फिल साल्ट, विराट कोहली, रजत पाटीदार (कप्तान), मयंक अग्रवाल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, जोश हेजलवुड, यश दयाल, रसिख दार सलाम, मनोज भंडगे, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा, अभिनंदन सिंह।

**केकेआर**=अजिंक्य रहाणे (कप्तान), मनीष पांडे, अंगकृष रघुवंशी, रिंकू सिंह, लवनिथ सिसोदिया, क्विंटन डिकॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज, सुनील नारायण, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, उमरान मलिक, एनरिक नॉर्किया, स्पेंसर जॉनसन।

# आईपीएल 2025 शुरू होने से पहले तिरुपति मंदिर पहुंचे संजीव गोयनका, मांगीं मन्नतें



**तिरुमाला (आंध्र प्रदेश) (एजेंसी)।** आरपी-संजीव गोयनका ग्रुप के चेयरमैन और लखनऊ सुपर जायंट्स आईपीएल टीम के मालिक संजीव गोयनका और उनके परिवार ने तिरुपति तिरुमाला मंदिर में दर्शन किए और प्रार्थना की। भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित यह मंदिर, जो भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है, भारत के सबसे अधिक दर्शन किए जाने वाले धार्मिक स्थलों में से एक है, जो हर साल लाखों भक्तों को आकर्षित करता है। संजीव गोयनका और उनके परिवार का मंदिर दर्शन भारतीय प्रीमियर लीग के इस सीजन के फिर से शुरू होने से एक दिन पहले हुआ। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण आईपीएल को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया था। इससे पहले गुरुवार को, लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज मयंक यादव को चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शेष सीजन से बाहर कर दिया गया। आईपीएल ने एक बयान जारी कर इस फैसले की घोषणा की। 22 वर्षीय यादव को न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विल ओ%राउरके ने रिप्लेस किया है। उन्हें पीठ की चोट है।

बयान में कहा गया कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विलियम ओ%राउरके को मयंक यादव के लिए चोट के प्रतिस्थापन के रूप में शामिल किया है। यादव को पीठ की चोट हुई है और वे सीजन के शेष भाग के लिए बाहर हो गए हैं। ओ%राउरके उन्हें 3 करोड़ रुपये की रिजर्व कीमत पर रिप्लेस करेंगे। राउरके ने न्यूजीलैंड के लिए 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हिस्सा लिया है, जिसमें 28.60 की औसत से 5 विकेट लिए हैं। 38 टी20 मैचों में, उन्होंने 26.05 की औसत से 37 विकेट लिए हैं।

# इस बार आरसीबी जीतेगी आईपीएल 2025 का खिताब: कैफ



**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है कि इस बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आसीबी) की टीम आईपीएल खिताब जीतेगी। कैफ का मानना है कि इस बार आरसीबी का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। ऐसे में टीम के पास अपना पहला खिताब जीतने का सुनहरा अवसर है। आरसीबी के सभी खिलाड़ियों विशेषकर स्टार खिलाड़ी विराट कोहली का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है जिसका लाभ भी टीम को मिलेगा।

इस सत्र में शुरुआत से ही आरसीबी ने जीत का सिलसिला बनाये रखा है जिससे वह 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है और प्ले ऑफ में अपनी जगह पक्की करने से एक जीत दूर है। कोहली वर्तमान में 505 रनों के साथ इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में शामिल हैं। कैफ ने कहा कि, अगर हम एक टीम के तौर पर आरसीबी की बात करें तो वे बेहतरीन रहे हैं। मैं टीम शब्द पर जोर दे रहा हूं क्योंकि वे हमेशा से बल्लेबाजी से भारी रहे हैं। इस बार कप्तान रजत पाटीदार ने अपने गेंदबाजों का इस्तेमाल बेहतरीन तरीके से किया है। इससे टीम 170-180 के स्कोर का भी बचाव करने में सफल रही है। कोहली ने वही करना जारी रखा है जो वह सबसे अच्छा करते हैं। आईपीएल के दौरान उनका बल्ला कभी खामोश नहीं रहता है लेकिन गेंदबाजों ने उन्हें ये विश्वास दिलाया है कि वे जीत सकते हैं।

# रोहित शर्मा ने मां-बाप से करवाया वानखेड़े स्टेडियम में अपने नाम के स्टैंड का उद्घाटन




**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा स्टैंड का उद्घाटन किया, जो भारत के वनडे कप्तान और मुंबई इंडियंस के दिग्गज खिलाड़ी को क्रिकेट में उनके विशाल योगदान के लिए सम्मानित करता है। डिवेचा पवेलियन लेवल 3 को अब रोहित शर्मा के नाम से जाना जाएगा, जिससे वह सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर और विजय मर्चेंट जैसे क्रिकेट दिग्गजों की श्रेणी में शामिल हो गए हैं, जिनके नाम पर इस स्टेडियम में स्टैंड हैं। रोहित के साथ-साथ पूर्व भारतीय कप्तान अजीत वाडेकर (ग्रैंड स्टैंड लेवल 4) और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष शरद पवार (ग्रैंड स्टैंड लेवल 3) के नाम पर भी स्टैंड समर्पित किए गए। एमसीए ने अपनी 86वीं वार्षिक आम बैठक में यह तय किया था।

पहले यह समारोह 13 मई को होना था लेकिन भारत-पाकिस्तान सीमा तनाव के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। युद्धविराम लागू होने और आईपीएल के 17 मई को फिर से शुरू होने के साथ, यह आयोजन रोहित की विरासत के भव्य उत्सव के रूप में संपन्न हुआ। स्टैंड की पहली झलक, जो स्टेडियम के पूर्वी हिस्से में स्थापित की गई थी, औपचारिक अनावरण से पहले सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी। रोहित, जिन्होंने 7 मई 2025 को 67 टेस्ट मैचों में 4,301 रन बनाने के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया, ने इस सम्मान पर गहरी भावना व्यक्त की और इसे 'अवास्तविक अनुभव' बताया। उन्होंने अपने बचपन के संघर्षों को याद किया, जब वह अंडर-16 क्रिकेटर के रूप में वानखेड़े में प्रवेश नहीं कर पाते थे, जिससे एमसीए अधिकारियों और उनके परिवार की उपस्थिति में यह श्रद्धांजलि और भी मार्मिक बन गई।

रोहित का वानखेड़े से गहरा नाता है: उन्होंने इस मैदान पर 11 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 402 रन बनाए हैं और टी20 में 2,543 रन बनाए हैं, जिनमें से ज्यादातर मुंबई इंडियंस के लिए हैं, जहां उन्होंने फ्रेंचाइजी को 5 आईपीएल खिताब दिलाए। टी20 विश्व कप 2024 और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में उनकी कप्तानी में मिली जीत ने उनकी विरासत को और मजबूत किया, जिसके चलते एमसीए ने उन्हें उनके घरेलू मैदान पर अमर कर दिया। प्रशंसक 21 मई 2025 को वानखेड़े में मुंबई इंडियंस के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान रोहित शर्मा स्टैंड से उनके लिए उत्साहवर्धन करने की उम्मीद कर रहे हैं।

## अपने नाम का स्टैंड बनने के बाद वानखेड़े पर खेलना खास होगा : रोहित शर्मा



मुम्बई । वानखेड़े स्टेडियम पर अपने नाम के स्टैंड के उद्घाटन के बाद भारत के सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा कि भारत की जर्सी में अब इस मैदान पर एक दिवसीय क्रिकेट खेलने का अनुभव खास होगा। मुंबई क्रिकेट संघ ने वानखेड़े स्टेडियम पर रोहित, भारत के पूर्व कप्तान अजित वाडेकर और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष शरद पवार के नाम के स्टैंड का उद्घाटन किया। सात मई को टेस्ट क्रिकेट से विदा लेने वाले रोहित ने कहा कि जो आज हो रहा है, वह मैंने कभी सोचा भी नहीं था। आप कई उपलब्धियां हासिल करने की कोशिश करते हैं लेकिन यह कुछ खास है क्योंकि वानखेड़े स्टेडियम अलग है और यहां कई यादें बनी हैं। उन्होंने कहा कि यहां खेल के दिग्गजों और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ राजनेता के बीच मेरा नाम होना, मैं अपने जज्बात व्यक्त नहीं कर सकता। मैं बहुत आभारी हूं। पिछले साल भारत को विश्व कप दिलाने के बाद टी20 क्रिकेट से विदा ले चुके रोहित ने कहा कि मैं अभी भी खेल रहा हूं और दो प्रारूप से विदा ली है। जब 21 तारीख को (मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल) यहां खेलूंगा और मेरे नाम का स्टैंड होगा तो खास होगा। भारत के लिए यहां खेलना काफी खास होगा। उन्होंने अपने पूरे कैरियर में उनके लिये कई बलिदान देने वाले परिजनों को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मेरा परिवार, माता पिता, भाई और पत्नी यहां हैं।

## इस कारण विराट ने लिया होगा संन्यास : नासिर हुसैन



लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनका प्रदर्शन हमेशा शीर्ष स्तर का रहा है। इसलिए जब उन्हें लगा कि अब वह सौ फीसदी नही दे सकते तो उन्होंने खेल को अलविदा कह दिया। हुसैन के अनुसार किसी भी सामान्य चीज से संतुष्ट न होने की भावना ने ही शायद उन्हें संन्यास के लिये प्रेरित किया होगा। हुसैन ने कहा, 'वह चैम्पियन है। वह जीत का लक्ष्य लेकर ही खेलता है और उसके लिए बेचैन रहता है। कोहली के लिए सब कुछ जीतने के बारे में ही है। इसलिए तो लक्ष्य का पीछा करने में वह माहिर है। अगर वह 100 फीसदी नही दे सकता होगा तो मैदान पर नहीं उतरेगा। वह हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने ही उतरता है। हुसैन ने कहा, 'हो सकता है कि उसने संन्यास का फैसला भी इसलिए ही लिया हो। वह आम क्रिकेटर नहीं बनना चाहता। वह कुछ खास करना चाहता है। उसने भारत को वह ताकत बनाया जो वह आज है। उन्होंने कहा, 'मैं पिछले 14 साल से कोहली का बड़ा प्रशंसक रहा हूं। उसके आंकड़े स्वयं उनके बारे में कहते हैं पर वह आंकड़ों से बहुत आगे कुछ है। उसकी शख्सियत, स्वैग और जुनून है। हम भारतीय क्रिकेटप्रेमियों को जानते हैं और क्रिकेट उनके लिए बहुत मायने रखता है।

# न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर हेसन बने पाक टीम के कोच



लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर माइक हेसन को अपनी सीमित ओवरों की टीम का नया कोच बनाया है। पीसीबी ने कहा है की कि हेसन पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) समाप्त होने के बाद 26 मई को टीम से जुड़ेंगे। इस वर्ष की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन से भी पीसीबी पर बेहतर कोच रखने का दबाव था। इस पद के लिए कुल सात उम्मीदवारों ने आवेदन प्रस्तुत किए थे, जिनमें चार विदेशी कोच शामिल थे। हेसन अभी पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के गत विजेता इस्लामाबाद यूनाइटेड के मुख्य कोच हैं। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी कोच रहे हैं। पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने कहा कि हेसन अपने साथ अंतरराष्ट्रीय अनुभव लेकर आए हैं और प्रतिस्पर्धी टीमों को बेहतर तरीके से विकसित करने का उनका एक अच्छा रिकॉर्ड है। नकवी ने कहा, हम पाकिस्तान के सफेद गेंद वाले क्रिकेट के भविष्य को आकार देने में उनकी विशेषज्ञता और नेतृत्व की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हेसन 2023 के बाद से पाकिस्तान टीम के कोच बनने वाले पांचवें विदेशी हैं। उनसे पहले ग्रांट ब्रैडबर्न, मिकी आर्थर, साइमन हेलमेट, गैरी कर्स्टन और गिलेस्पी भी कोच रहे थे पर इन्हें बीच में ही कामकाज छोड़ना पड़ा था। अन्य लोगों ने इस बात के संकेत देते हुए इस्तीफा दे दिया कि वे पीसीबी की कार्यप्रणाली और उनके साथ संबंधों से खुश नही थे। पीसीबी ने पुरुष टीम के साथ अपनी सहायक टीम में लगातार बदलाव किए हैं, जिसमें मुख्य कोच का अहम पद भी शामिल है।

# शुभमन गिल को अभी समय चाहिए, रविंद्र जडेजा बना सकते हैं कप्तान: अश्विन



**चेन्नई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद भारतीय टेस्ट कप्तानी के लिए अपने लंबे समय के स्पिन जोड़ीदार रवींद्र जडेजा का नाम सुझाया। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर गुरुवार को यह राय जाहिर की।

अश्विन ने कप्तानी के दावेदारों पर चर्चा करते हुए कहा कि कुछ स्पष्ट विकल्प हैं, लेकिन मैं रवींद्र जडेजा का नाम भी जोड़ना चाहूंगा। कप्तान या उप-कप्तान की चर्चा से पहले खिलाड़ी का प्लेइंग इलेवन में होना जरूरी है। जडेजा एक स्वाभाविक चयन हैं। उन्होंने आगे कहा कि जडेजा टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। अगर नए खिलाड़ी को दो साल तक तैयार कर कप्तान बनाया जा सकता है, तो जडेजा भी दो साल तक यह भूमिका निभा सकते हैं। उन्हें उप-कप्तान के रूप में भी आजमाया जा सकता है।

36 वर्षीय जडेजा ने 80 टेस्ट में 3,370 रन (34.74 की औसत, 4 शतक, 22 अर्धशतक) और 323 विकेट लिए हैं। हालांकि, जडेजा ने भारत के लिए किसी भी प्रारूप में कप्तानी नहीं की है। उन्होंने 2022 आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी की थी, लेकिन 8 में से केवल 2 मैच जीतने के बाद बीच सीजन में एमएस धोनी को कप्तानी सौंप दी थी।

अश्विन ने शुभमन गिल को कप्तानी के लिए लोकप्रिय नाम बताया और उनकी तुलना 2003 में 22 साल की उम्र में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान बने ग्रीम स्मिथ से की। उन्होंने कहा, 'अगर गिल गुजरात टाइटंस को आईपीएल प्लेऑफ में ले जाते हैं, तो उनकी कप्तानी में बदलाव आसान हो सकता है।' गिल की अगुआई में गुजरात टाइटंस 8 जीत और 3 हार के साथ 16 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है।

जसप्रीत बुमराह की कप्तानी पर अश्विन ने कहा कि मुझे निराशा है कि बुमराह को कप्तानी नहीं मिली। वह राष्ट्रीय संपत्ति हैं। उनकी एक बड़ी सर्जरी हो चुकी है। मुझे आश्चर्य होगा अगर वह पांच टेस्ट लगातार खेलें। उन्हें रिकवरी के लिए ब्रेक चाहिए। बुमराह ने भारत के लिए 3 मैचों में कप्तानी की है, जिसमें 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में पर्थ में 295 रनों की जीत उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

# प्लेऑफ में बटलर की जगह मेंडिस गुजरात टाइटंस की ओर से खेलेंगे



मुम्बई। आईपीएल के बचे हुए सत्र में गुजरात टाइटंस की टीम को आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर के बिना ही खेलना होगा। बटलर ने इस सत्र में अब तक टीम की ओर से करीब 500 रन बनाये हैं और ऐसे में उनका प्लेऑफ के लिए नहीं होना टीम के लिए बड़ा झटका होगा। उनके नहीं होने से टीम को एक शीर्ष स्तर के विकेटकीपर के बिना ही खेलना होगा। अब श्रीलंका के विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस उनकी जगह लेंगे। मेंडिस को सीधे ही अंतिम 11 में जगह मिलना तय है, क्योंकि गुजरात के पास अन्य विकेटकीपर नहीं हैं। टीम के पास अन्य विकेटकीपर के तौर पर अनकैप्ड अनुज रावत ही हैं। आईपीएल 2025 के 17 मैच 17 मई से 3 जून के बीच खेला जाएगा। इस बीच इंग्लैंड को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज खेलनी है। जोस बटलर को दोनों सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम में चुना गया है। यही कारण है कि वह आईपीएल 2025 के प्लेऑफ में नही खेल पाएंगे। गुजरात टाइटंस 11 मैचों में 16 अंकों के साथ मौजूदा अंक तालिका में टॉप पर है और क्वालिफिकेशन हासिल करने से एक जीत दूर है।

# मिचेल स्टार्क देश भक्ति सबसे ऊपर, दिया आईपीएल 2025 को कोरा जवाब, एक तिहाई वेतन भी छोड़ेंगे



**सिडनी (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स की उम्मीदों को लगा बड़ा झटका, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मिचेल स्टार्क ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल को देखते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में फिर से खेलने से इनकार करते हुए भारत नहीं लौटने का फैसला किया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सूत्रों ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और स्टार बल्लेबाज ट्रैविस हेड दोनों आईपीएल में अपने शेष मैच खेलने के लिए वापस भारत जाएंगे। सनराइजर्स हैदराबाद फाइनल की रेस से बाहर हो चुकी है। इसलिए हैदराबाद की टीम के खिलाड़ियों की समय सीमा 25 मई को पूरी हो जाएगी।

वहीं, ऑस्ट्रेलिया के अन्य खिलाड़ियों की बात की जाए तो जॉश हेजलवुड रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिताबी मुकाबले में वापसी करने से पहले कंधे की चोट का आकलन करेंगे। जॉश इंगलिस ने पंजाब किंग्स के लिए वापसी की अपनी योजना पर फैसला टाल दिया है, जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क के साथी जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने भी आईपीएल टूर्नामेंट से बाहर होने का विकल्प चुना है।

उल्लेखनीय है कि मिचेल स्टार्क दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल के लिए घोषित की गई ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा है। ऐसा माना जा रहा है कि अगर दिल्ली की टीम मौजूदा सीजन के फाइनल में पहुंचती है तो स्टार्क को आईपीएल 2025 के अपने वेतन का एक तिहाई हिस्सा छोड़ना होगा। मिचेल स्टार्क ने टूर्नामेंट में अभी तक खेले 11 मैचों में 14 विकेट लिए हैं। अगर दिल्ली कैपिटल्स की टीम प्लेऑफ में पहुंचती है तो उन्हें स्टार्क की कमी महसूस होगी।

# रोहित-कोहली के संन्यास के बाद भी भारतीय टीम वापसी करेगी : मांजरेकर

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने कहा है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास को लेकर ज्यादा परेशान होने की जरुरत नहीं है। मांजरेकर के अनुसार टीम में कई युवा प्रतिभाएं हैं जो इनकी जगह ले सकती हैं। उन्होंने कहा कि जब सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण और सौरव गांगुली जैसे खिलाड़ियों के अलविदा कहने का समय आया तब इसी प्रकार की चिन्ता जतायी जा रही थी पर युवाओं ने अपने प्रदर्शन से उनकी कमी पूरी की जिससे भारतीय क्रिकेट ने शानदार वापसी की। मांजरेकर ने काह, 'मैं जानता हू कि प्रशंसक चिंतित होंगे। फैब फोर के संन्यास के बाद भी ऐसी ही चिंता थी। लेकिन कुछ साल बाद भारत दुनिया की नंबर एक टेस्ट टीम बना। उन्होंने लिखा, 'जब तक भारत में खेल लोकप्रिय हैं और कई प्रतिभाशाली युवा खेलने के लिए सामने आ रहे हैं तो टीम को अच्छे खिलाड़ी मिलते रहेंगे।



भारतीय टीम में जगह हासिल करना आसान नहीं होता और जो भी यहां तक पहुंचता है उसमें प्रतिभा होती ही है। मांजरेकर ने कहा, 'इसमें समय लगेगा पर डरने की जरूरत नहीं है। पहले स्टार खिलाड़ियों के जाने के बाद हमारी गेंदबाजी बेहतर हुई। यहां भी ऐसा हो सकता है। नए सितारे आएंगे और नये गेंदबाज भी। भारतीय टीम दुनिया की शीर्ष टीमों में बनी रहेगी। उन्होंने कहा, ' भारतीय टीम को इस नजरिये से भी देखा जा सकता है जिसमें विराट और रोहित टीम के होते हुए भी टीम को न्यूजीलैंड से 3-0 से और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। युवाओं से भरी होने वाली टीम के मारे पास खोने के लिए कुछ नहीं है इसलिए वह निडर होकर खेलेगी।

# हमने ट्रेनिंग नहीं रोकी क्योंकि जानते थे आईपीएल दोबारा शुरू हो जाएगा : मनीष पांडे



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बल्लेबाज मनीष पांडे ने कहा कि भारत-पाकिस्तान सैन्य तनाव के कारण आईपीएल के रुकने के दौरान भी टीम ने प्रशिक्षण और मैच की तैयारियों को नहीं रोका, क्योंकि उन्हें लीग के फिर से शुरू होने का पूरा भरोसा था। उन्होंने बताया कि यह छोटा ब्रेक केकेआर को अपनी लय दोबारा हासिल करने में मदद कर सकता है। केकेआर शनिवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए करो-या-मरो का मुकाबला खेलेगी।

पांडे ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह ब्रेक ज्यादा फर्क नहीं डालता, क्योंकि पेशेवर क्रिकेटरों के तौर पर हम जानते हैं कि क्या करना है। हमें यकीन था कि टूर्नामेंट फिर शुरू होगा, भले ही समय का पता नहीं था। अच्छा रहा कि लंबा ब्रेक नहीं हुआ। हम जिम में थे, अपने खेल पर काम कर रहे थे। पूरी टीम तैयार है और हम एक शानदार मैच की उम्मीद कर रहे हैं।

आरसीबी के खिलाफ हार केकेआर की नॉकआउट की राह को बंद कर सकती है, लेकिन पांडे इसे दबाव नहीं मानते। उन्होंने कहा कि अब खोने को कुछ नहीं है। हमने सोचा था कि हम बेहतर टूर्नामेंट खेल सकते थे, लेकिन बीच में कुछ मैच हार गए। उन अहम मैचों को याद करके लगता है कि काश हमने उन्हें जीता होता। फिर भी, 2 मैच बाकी हैं और हर खिलाड़ी प्रदर्शन के लिए बेताब है।

केकेआर की इस सीजन में असंगत प्रदर्शन की वजह पिछले साल की तरह लगातार जीत न हासिल कर पाना रहा। पांडे ने कहा कि पिछले साल हम लगातार मैच जीत रहे थे, जो आईपीएल में जरूरी है। इस बार एक जीत के बाद हार का सिलसिला रहा। बल्लेबाजी ठीक रही, गेंदबाजी शानदार थी, लेकिन दोनों में थोड़ी असमानता रही। उम्मीद है, अगले साल मजबूत कोर के साथ हम फिर जीत की लय पकड़ेंगे।

पांडे ने इस ब्रेक को सकारात्मक माना, जो आखिरी दो मैचों में मददगार हो सकता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने घर जाकर अपने वीडियो देखे और कमियों पर काम किया। यह ब्रेक फायदेमंद रहा। हमारी उम्मीद है कि बचे हुए दोनों मैच जीतकर हम टूर्नामेंट को शानदार अंदाज में खत्म करें।

## जिस विमान में बैठने वाले थे राहुल गांधी उस विमान में शख्स के पास मिला जिंदा कारतूस, एयरपोर्ट पर मचा हड़कंप

पटना (एजेंसी)। गुरुवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एक दिवसीय बिहार दौरे पर आए थे। शाम साढ़े पांच बजे अपने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत वे दिल्ली लौट गए। लेकिन इससे पहले पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तब हड़कंप मच गया, जब सुरक्षा जांच के दौरान एक यात्री के हैंडबैग से दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। यह यात्री उसी फ्लाइट से दिल्ली जा रहा था, जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी सवार होने वाले थे। यात्री का नाम मोहम्मद इम्तियाज है जो गोपालगंज का रहने वाला है। हालांकि जांच में कारतूस का लाइसेंस वैध पाया गया, लेकिन इस घटना ने सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट मोड पर ला दिया था। जानकारी के अनुसार पटना एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ कर्मियों ने एक यात्री, मोहम्मद इम्तियाज के हैंडबैग से दो जिंदा कारतूस बरामद किए। इम्तियाज इंडिगो की फ्लाइट 6ई-245 से दिल्ली के लिए यात्रा करने वाला था, जिसमें राहुल गांधी भी सवार होने वाले थे। राहुल गांधी पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के बाद दिल्ली लौट रहे थे। जब इम्तियाज की जांच हुई तो पता चला कि इम्तियाज के पास कारतूस का वैध लाइसेंस था जो उसने अपने पिता के नाम पर जारी हथियार के लिए दिखाया। उसने बताया कि उसने जल्दबाजी में कारतूस को अपने बैग में रख लिया था। पुलिस ने प्राथमिक जांच के बाद उसे चेतावनी देकर छोड़ दिया क्योंकि उसकी कोई आपराधिक मंशा नहीं पाई गई। उधर कारतूस मिलने की खबर के बाद एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई तथा फ्लाइट को 30 मिनट की देरी से रवाना किया गया।

## एसएससी भर्ती मामला : शिक्षकों ने किया विरोध प्रदर्शन, पुलिस से झड़प में कई घायल

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में एसएससी भर्ती मामले में सीएम ममता बनर्जी की सरकार के खिलाफ शिक्षकों ने विकास भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक पूरी नियुक्ति प्रक्रिया में गड़बड़ी की गई है। गुरुवार रात, विकास भवन के सामने प्रदर्शन कर रहे एसएससी शिक्षकों और पुलिस कर्मियों के बीच झड़प हो गई जिसके बाद पुलिस ने भारी भीड़ को तितर-बितर करने लाठीचार्ज किया जिसमें कई शिक्षक घायल हो गए। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बेरोजगार हुए शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने गुरुवार को साल्ट लेक में राज्य शिक्षा विभाग के मुख्यालय की घेराबंदी करने के लिए रेलिंग के घेरे को तोड़ दिया और लोहे के गेट तोड़ दिए। उन्होंने विकास भवन के सैकड़ों कर्मचारियों को 8 घंटे से ज्यादा समय तक बंधक बनाए रखा, जब तक कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए रात 8 बजे से बल प्रयोग करना शुरू नहीं कर दिया। कई प्रदर्शनकारियों को खून से लथपथ देखा गया और उन्होंने शिकायत की कि पुलिस ने उन्हें डंडों से मारा, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि पुलिस ने सुबह से ही उल्लेखनीय फ्रसंयमफ्र दिखाया और सबसे पहले उन पर ईंटों से हमला किया गया। हालांकि कुछ बंधकों को समूहों में निकाल लिया गया, लेकिन प्रदर्शनकारियों के वापस लौटने के कारण कई लोग इमारत में ही फंस गए। प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार दोपहर 3 बजे विकास भवन के सामने एक सामूहिक सम्मेलन की घोषणा की। कुछ आंदोलनकारी अभी भी परिसर के अंदर थे। पुलिस तैनात है।

## मुंबई क्राइम ब्रांच ने पकड़ी 4 करोड़ की ड्रग्स, दो सप्लायर दबोचे

मुंबई, (एजेंसी)। मुंबई क्राइम ब्रांच ने नशे के सौदागरों के खिलाफ कड़ा कदम उठाते हुए एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। क्राइम ब्रांच की यूनिट 5 ने जोगेश्वरी इलाके में दो ड्रग्स सप्लायरों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 2 किलोग्राम एमडी ड्रग्स बरामद किया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस ड्रग्स की कीमत लगभग 4 करोड़ रुपये आंकी गई है। जानकारी के अनुसार, क्राइम ब्रांच की टीम को जोगेश्वरी बस डिपो के पास दो संदिग्ध व्यक्तियों पर शक हुआ। तलाशी लेने पर उनके पास से भारी मात्रा में एमडी ड्रग्स मिला। दोनों आरोपियों के खिलाफ अंबोली पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया गया। मुंबई क्राइम ब्रांच अब इस बात की गहन जांच कर रही है कि यह ड्रग्स कहां से लाया गया था और इसे किन-किन लोगों तक पहुंचाने की योजना थी। पुलिस को शक है कि यह एक बड़े ड्रग्स रैकेट का हिस्सा हो सकता है। बता दें कि पिछले माह अप्रैल में भी क्राइम ब्रांच को मुंबई से सटे मीरा-भायंदर इलाके में एक बड़ी सफलता हाथ लगी थी। तब 'ड्रग्स क्वीन' के नाम से कुख्यात सबीना शेख को भारी मात्रा में कोकीन और नकदी के साथ गिरफ्तार किया गया। मीरा-भायंदर-वसई विरार पुलिस आयुक्तालय की क्राइम ब्रांच यूनिट-1 (काशीमीरा) की इस कार्रवाई में कुल 14.868 किलोग्राम कोकीन बरामद की गई थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 22.33 करोड़ रुपए आंकी गई थी।

## राजद के पोस्ट पर बीजेपी की पलटवार, अनपढ़ तेजस्वी के पूरे वंश को ट्यूशन पढ़ा सकते विजय सिन्हा

पटना (एजेंसी)। राष्ट्रीय जनता दल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा पर तीखा हमला बोला है। राजद ने उन्हें बुड़बक और बैल से भी कम बुद्धि वाला जैसे शब्दों से संबोधित कर आलोचना की है। वहीं बीजेपी ने पलटवार कर कहा है कि सिन्हा की शैक्षणिक योग्यता इतनी उच्च है कि वे तेजस्वी यादव के पूरे वंश को ट्यूशन पढ़ा सकते हैं। राजद की ओर पोस्ट में लिखा गया है, जो पार्टी इसतरह के मंदबुद्धि बकैतों के भरोसे हो, उस पार्टी में सचमुच ढंग के नेताओं का अकाल पड़ गया होगा! ये महाशय बिहार के उपमुख्यमंत्री हैं, पर ये भी तेजस्वी के ही भरोसे हैं। बीजेपी-जेडीयू में निर्बुद्धि नेता भरे पड़े हैं। बिहार के नेता हैं तो बस तेजस्वी।

फोटो में कहा गया है कि घोंचू सिन्हा शहीद को सम्मान देने नहीं पहुंचे और पूछने पर कहा कि तेजस्वी ने बताया नहीं। राजद के इस पोस्ट को लेकर राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज है।

# जम्मू-कश्मीर में सेना और पुलिस ने मिलकर 6 आतंकवादियों को मार गिराया



श्रीनगर (एजेंसी)। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों ने शुक्रवार को यहां एक संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि दो अलग-अलग ऑपरेशन में महज 48 घंटों में संयुक्त बलों ने छह आतंकवादियों को मार गिराया।

संयुक्त प्रेस वार्ता को आईजीपी (कश्मीर) वी.के. बिरदी कुमार, मेजर जनरल धनंजय जोशी (जीओसी, विक्टर फ़ोर्स) और आईजी सीआरपीएफ मितेश जैन ने संबोधित किया।

आईजीपी (कश्मीर) कुमार ने कहा कि सेना द्वारा जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के समन्वय से केलर, शोपियां और त्राल में चलाए गए दो अलग-अलग अभियानों के तहत घाटी में 6 आतंकवादियों को मार गिराया गया।

उन्होंने कहा, 'कश्मीर घाटी में आतंकी गतिविधियों में वृद्धि के मद्देनजर यहां तैनात सभी सुरक्षा बलों ने अपनी रणनीतियों की समीक्षा की। इस समीक्षा के बाद, ऑपरेशन पर गहन ध्यान केंद्रित किया गया। इस गहन ध्यान और समन्वय के आधार पर, हमने पिछले 48 घंटों में दो सफल ऑपरेशन किए, जिसके दौरान हमें महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली।'

शोपियां और त्राल इलाकों में केलार में ये दोनों ऑपरेशन किए गए, जिसके परिणामस्वरूप कुल छह आतंकवादी मारे गए।

आईजीपी कश्मीर ने कहा, 'हम कश्मीर घाटी में आतंकी इको सिस्टम को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

मेजर जनरल धनंजय जोशी (जीओसी, विक्टर फ़ोर्स) ने केलार और त्राल इलाकों में आतंकवाद विरोधी अभियानों के बारे में विस्तार से बताया और इन दो ऑपरेशनों के दौरान संयुक्त बलों के सामने आई चुनौतियों के बारे में बताया।

उन्होंने कहा, '12 मई को, हमें केलार के ऊंचे इलाकों में एक आतंकवादी समूह की संभावित मौजूदगी की सूचना मिली। 13 मई की सुबह, कुछ हलचल का पता चलने पर हम वहां पहुंचे। हमने उन्हें ललकारा जिसके बाद वहां से जवाबी गोलीबारी की गई। इसके बाद हमारी सेना ने उन्हें मार गिराया। त्राल इलाके में दूसरा ऑपरेशन एक गांव में किया गया। जब हम इस गांव की घेराबंदी कर रहे थे, तो आतंकवादी अलग-अलग घरों में छिप गए और हम पर गोलीबारी की। इस समय, हमारे सामने चुनौती नागरिक ग्रामीणों को बचाने की थी।'

उन्होंने आगे कहा, 'इसके बाद, तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया। मारे गए छह आतंकवादियों में से एक, शाहिद कुट्टय, दो बड़े हमलों में शामिल था, जिसमें एक जर्मन पर्यटक पर हमला भी शामिल था।' मेजर जनरल धनंजय जोशी ने कहा, 'उसका फंडिंग गतिविधियों में भी हाथ था।'

पहलगाम आतंकी हमले के बाद, संयुक्त बलों ने जम्मू और कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ अपने अभियान को तेज कर दिया है। आतंकी हमले के बाद, भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जिसमें सटीक हमलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में 9 आतंकी ढांचों को नष्ट कर दिया और पाकिस्तान में प्रमुख ठिकानों पर लगभग 100 आतंकी गुर्गों को मार गिराया।

इसमें जैश का मुख्यालय बहावलपुर और लश्कर का प्रमुख प्रशिक्षण अड्डा मुरीदके शामिल थे। इसके बाद पाकिस्तान की ओर से आम नागरिकों को निशाना बनाकर हमले किए गए। तनाव काफी बढ़ गया था इस बीच दोनों देशों ने युद्ध विराम की घोषणा की।

## जबरन वसूली मामले में अरुण गवली बरी

मुंबई। अंडरवर्ल्ड डान अरुण गवली को 2008 के जबरन वसूली मामले में बरी कर दिया गया है। सरकारी पक्ष गवली के खिलाफ आरोप साबित करने में असमर्थ रहा, उसे विशेष मकोका अदालत ने बरी कर दिया, लेकिन अरुण गवली फ़िलहाल जेल में ही रहेगा। दरअसल अरुण गवली शिवसेना के नगरसेवक कमलाकर जामसांडेकर की हत्या के मामले में सजा काट रहा है। शिवसेना नेता कमलाकर जामसांडेकर की हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा काट रहे कुख्यात गैंगस्टर अरुण गवली को विशेष मकोका अदालत ने 2008 के जबरन वसूली मामले में बरी कर दिया। हालांकि, अरुण गवली कमलाकर जामसांडेकर की हत्या के मामले में नागपुर सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। इसलिए, भले ही जबरन वसूली के मामले में उसे बरी कर दिया गया हो, फिर भी गवली को जेल में ही रहना होगा। मुंबई की विशेष मकोका अदालत ने जबरन वसूली के मामले में अरुण गवली, उसके छोटे भाई विजय अहीर और टीम के पांच सदस्यों को भी बरी कर दिया। इस मामले में कुल नौ आरोपी शामिल थे। हालांकि, उनमें से एक की मुकदमे के दौरान मृत्यु हो गई, जबकि दूसरा निर्दोष साबित होने वाला गवाह बन गया। महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (एमओसीसीए) के तहत गठित विशेष अदालत के न्यायाधीश बी.डी. शेल्के ने कहा कि सरकारी पक्ष अरुण गवली और अन्य आरोपियों के खिलाफ जबरन वसूली का आरोप साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है। इसलिए उन्होंने अभियुक्त को बरी करने का आदेश दिया। अदालत ने आदेश में यह भी कहा कि गवली और अन्य आरोपियों को अधिनियम के तहत अपराधों के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता। इसलिए, अरुण गवली और अन्य आरोपियों को जबरन वसूली के मामले में बरी कर दिया गया। हालांकि, जामसांडेकर हत्या मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद गवली को अपना बाकी जीवन जेल में ही बिताना होगा।



## ऋतिक रोशन एनटीआर के लिए 'वॉर 2' के साथ ला रहे हैं धमाकेदार बर्थडे सरप्राइज



एजेंसी

मुबंई : बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। उन्होंने खुलासा किया है कि वह एनटीआर के जन्मदिन के मौके पर वॉर 2 के जरिए एक धमाकेदार सरप्राइज देने वाले हैं। ऋतिक ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखाःहे एनटीआर, लगता है तुम्हें पता है 20 मई को क्या होने वाला है यकीन मानो, तुम्हें बिल्कुल भी अंदाजा नहीं है कि क्या आने वाला है। तैयार हो इस पोस्ट ने इंटरनेट पर आग लगा दी। फैंस के बीच वॉर 2 से जुड़ी किसी बड़ी घोषणा की चर्चा शुरू हो गई है। वॉर 2 में ऋतिक रोशन फिर एक बार 'कबीर' के रूप में लौट रहे हैं, और इस बार उनके साथ होंगे पैन इंडिया सुपरस्टार एनटीआर। इस हाई-ऑक्टेन फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं अयान मुखर्जी, जिन्हें युवा और प्रतिभाशाली निर्देशक के रूप में जाना जाता है। फिल्म 14 अगस्त 2025 को हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषाओं में रिलीज होगी। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स आज भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी और सफल फ्रेंचाइजी है, जिसमें अब तक सिर्फ ब्लॉकबस्टर फिल्में ही आई हैं—जैसे एक था टाइगर, टाइगर ज़िंदा है, वॉर, पठान और टाइगर 3। वॉर 2 इस यूनिवर्स की छठी फिल्म होगी। अब सभी का ध्यान इस बात पर है कि 20 मई को क्या होगा। तैयार हो जाइए, क्योंकि ऋतिक और एनटीआर का एक साथ आना निश्चित रूप से कुछ अद्भुत होगा।

## अब थरुर के राह पर चल पड़े वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम!

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरुर पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ करने का कोई भी मौका नहीं छोड़ते हैं। थरुर के बाद अब कांग्रेस के एक और दिग्गज नेता पी चिदंबरम ने भी थरुर के रास्ते पर चल पड़े हैं। चिदंबरम ने हाल ही में एक अंग्रेजी अखबार में लेख लिखकर ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाकिस्तान सीजफायर को लेकर केंद्र सरकार के फैसलों की सराहना की है। इससे एक कदम और आगे बढ़ते हुए उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ तैयार विपक्षी एकजुटता (इंडिया गठबंधन) के अस्तित्व पर सवाल खड़ा कर दिया। उनके इस कदम के बाद सियासी गलियारे में अटकलों का बाजार गर्म हो गया है।

चिदंबरम ने गुरुवार को इंडिया गठबंधन की स्थिरता पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे पूरी तरह आश्वस्त नहीं हैं कि यह गठबंधन अभी भी बरकरार है। उन्होंने यह टिप्पणी दिल्ली के



इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में एक पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में की।चिदंबरम ने कहा, इस किताब के लेखर मृत्युंजय सिंह यादव का मानना है कि इंडिया गठबंधन अब भी कायम है। इस बात पर मुझे यकीन नहीं है। शायद सलमान खुर्शीद इसका जवाब दे सकते हैं, क्योंकि वह इंडिया गठबंधन की बातचीत टीम का हिस्सा थे। अगर गठबंधन पूरी तरह कायम है तो मुझे बहुत खुशी है, लेकिन यह बहुत मजबूत नहीं लगता। हालांकि इसे अभी भी जोड़ा जा सकता है, समय है, घटनाएं अभी और घटेंगी।अपने लंबे राजनीतिक अनुभव को साझा करते हुए चिदंबरम ने कहा कि गठबंधन केवल चुनावी वक्त पर नहीं बनाए जा सकते। उन्होंने कहा, मेरा गठबंधनों को लेकर नजरिया अलग है। तमिलनाडु में लंबे अनुभव से मैंने सीखा है कि गठबंधन चुनाव के समय नहीं बनते, उन्हें पांच साल तक पोषित करना पड़ता है। देश में केवल दो राज्य हैं जहां यह मॉडल सफल रहा है वे हैं केरल और तमिलनाडु। वहां गठबंधन हार और जीत दोनों में एक साथ रहे हैं। इस मौके पर पुस्तक के सह-लेखक और पूर्व मंत्री सलमान खुर्शीद ने कहा कि इंडिया गठबंधन को बरकरार रखना सभी दलों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, अगर आप किसी पार्टी के साथ गठबंधन करना चाहते हैं, तो उसे बार-बार अपमानित या दबाव में नहीं डाल सकते। किताब में कई उदाहरण दिए गए हैं, जहां हमारी संवेदनाओं को नजरअंदाज किया गया।

## काला हिरण शिकार केस में सैफ, नीलम, तब्बू, सोनाली की मुश्किलें बढ़ीं

जोधपुर। राजस्थान सरकार ने शुक्रवार को हाईकोर्ट में काले हिरण के शिकार मामले में लीव-टू-अपील दाखिल की। इसमें एक्टर सैफ अली खान, एक्ट्रेस तब्बू, नीलम और सोनाली बेंद्रे को बरी किए जाने के फैसले को चुनौती दी है। जस्टिस मनोज कुमार गर्ग की अदालत ने मामले को अन्य संबंधित केसों के साथ सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। एडवोकेट महिपाल विश्नोई के अनुसार, 1 अक्टूबर 1998 को जोधपुर के कांकाणी गांव में फिल्म हम साथ-साथ हैं की शूटिंग के दौरान काले हिरण का शिकार किया गया था। प्रकरण में ट्रायल कोर्ट ने 5 अप्रैल 2018 को अभिनेता सलमान खान को दोषी करार देते हुए पांच साल की सजा सुनाई थी। इस मामले में सह आरोपी फिल्म अभिनेता सैफ अली खान, अभिनेत्री नीलम, तब्बू, सोनाली बेंद्रे और दुष्यंत सिंह को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया था। अब सरकार की लीव-टू-अपील स्वीकार होने पर इन सभी के खिलाफ मामले में फिर से सुनवाई होगी। राज्य सरकार की अपील में ट्रांसफर पिटीशन की अनुमति और एक्टर सलमान खान की सजा से जुड़े मामले को भी शामिल किया जाएगा। मामले की सुनवाई 28 जुलाई को होगी, जिसमें सभी संबंधित केसों पर एक साथ सुनवाई होगी।

## गौरव भाटिया ने सपा नेता के बयान को बताया निंदनीय, कहा- सेना का अपमान सहन नहीं होगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने समाजवादी पार्टी पर देश विरोधी और जातिवादी बयानों का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सपा का रवैया न केवल राष्ट्रहित के खिलाफ है, बल्कि यह समाज को बांटने और जातिगत विषैलापन फैलाने का भी प्रयास कर रहा है।

गौरव भाटिया ने विंग कमांडर व्योमिका सिंह के अपमान का मुद्दा उठाते हुए सपा नेतृत्व से जवाब मांगा और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

भाटिया ने कहा, 'पाकिस्तान को हमने सबक सिखाया है, लेकिन दूसरी ओर समाजवादी पार्टी लगातार देश विरोधी बयानबाजी और अब जातिगत टिप्पणियों में लिप्त है। सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव को हमारी बहन, देश की शान विंग कमांडर व्योमिका सिंह का नाम तक नहीं पता। वे उन्हें 'दिव्या सिंह' कह रहे हैं। यह हमारी सेना और उसकी वीरांगना का अपमान है। सेना का कोई धर्म या जाति नहीं होती, केवल एक धर्म




होता है और वह है भारत। फिर भी सपा बार-बार जाति की बात उठाकर समाज को विभाजित करने का प्रयास कर रही है।'

भाटिया ने सवाल उठाते हुए कहा, 'क्या अखिलेश यादव रामगोपाल यादव के खिलाफ कोई कार्रवाई करेंगे? मुझे इसकी कोई उम्मीद नहीं है, क्योंकि सपा की मानसिकता ही देश विरोधी और समाज को तोड़ने वाली है। सपा का यह रवैया इसलिए है, क्योंकि वे नहीं चाहते कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति करे।'

उन्होंने इंडिया ब्लॉक पर भी तीखा हमला बोला। भाटिया ने कहा, 'यह गठबंधन वास्तव में एक 'ठगबंधन' था, जो भारत विरोधी मानसिकता की प्रयोगशाला में तैयार हुआ। इसका एकमात्र उद्देश्य पीएम मोदी को गाली देना और देश को कमजोर करना था। इसमें न नीति थी, न नेतृत्व, न ही देशहित का कोई विजन।'

उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कर्नाटक के विधायक मंजुना के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर सवाल उठाने को सेना के शौर्य का अपमान बताया। भाटिया ने कहा, 'कांग्रेस और उसके नेताओं को भारतीय सेना पर भरोसा नहीं है। यह उनकी देश विरोधी मुहिम का हिस्सा है।'

भाटिया ने विपक्ष से अपील की कि वे अपना 'भारत विरोधी चश्मा' उतारें और समाज को बांटने वाली राजनीति छोड़ें। उन्होंने कहा, 'देश की सेना, उसकी वीरांगनाएं और हमारी एकता हमारी ताकत हैं। इनका अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विपक्ष के नेताओं को इस तरह के बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए, अन्यथा जनता इसका जवाब देगी।'

## एसबीआई कार्ड और अपोलो हेल्थको ने की साझेदारी अपोलो एसबीआई कार्ड सेलेक्ट कार्ड किया पेश

एजेंसी

रांची : एसबीआई कार्ड, भारत के सबसे बड़े प्योर-प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता और अपोलो हेल्थको, जो अपोलो फामेर्सी - भारत का सबसे बड़ा खुदरा फामेर्सी नेटवर्क और अपोलो 247- देश का अग्रणी ओमिनी-चैनल डिजिटल स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म संचालित करता है, ने आज एक अद्वितीय, स्वास्थ्य और वेलनेस पर केंद्रित को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड - अपोलो एसबीआई कार्ड सेलेक्ट कार्ड पेश करने के लिए अपनी रणनीतिक साझेदारी का विस्तार किया है। यह अपनी तरह का प्रीमियम क्रेडिट कार्ड आज के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए सोच-समझकर डिजाइन किया गया है, जो स्वास्थ्य सेवा बचत और वित्तीय रिवाड्र्स का एक आकर्षक मिश्रण पेश करता है। ग्राहक अपोलो 247 ऐप पर डिजिटल रूप से इस कार्ड के लिए आसानी से आवेदन कर सकते हैं और एसबीआई कार्ड वेबसाइट स्इक उंश्ूङ्कि पर जाकर एसबीआई कार्ड स्प्रिंट के माध्यम से आवेदन करने का विकल्प चुन सकते हैं। ग्राहक चुनिंदा अपोलो फामेर्सी स्टोर पर भी कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। अपोलो एसबीआई कार्ड सेलेक्ट कार्डधारक अपोलो 247 ऐप और अपोलो फामेर्सी स्टोर के माध्यम से फामेर्सी उत्पादों, स्वास्थ्य जांच पैकेजों, रक्त परीक्षणों और अन्य सहित लेनदेन पर एक रिवार्डिंग खरीदारी अनुभव का आनंद लेते हैं। कार्डधारकों को रिवॉर्ड पॉइंट के रूप में 10% वापस मिलता है, और इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य क्रेडिट के रूप में 15% तक वापस मिलता है, जिससे उन्हें कुल 25% तक का मूल्य वापस मिलता है। रिवॉर्ड पॉइंट्स को हेल्थ क्रेडिट में बदला जा सकता है, जिसे अपोलो 247 ऐप और अपोलो फामेर्सी स्टोर की संपूर्ण उत्पाद श्रृंखला में भुनाया जा सकता है।अपोलो एसबीआई कार्ड सेलेक्ट कार्ड ग्राहकों को वेलकम बेनिफिट के रूप में ?1,500 का ई-गिफ्ट वाउचर मिलता है, जिसे अपोलो 247 ऐप और अपोलो फामेर्सी स्टोर पर भुनाया जा सकता है। वे अपोलो सर्कल बेनिफिट्स का भी आनंद लेते हैं जो अपोलो प्लेटफॉर्म पर डॉक्टर परामर्श, डॉयग्नॉस्टिक परीक्षण और फामेर्सी ऑर्डर पर सेवाओं और विशेष छूटों तक प्राथमिकता पहुंच प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, अपोलो एसबीआई कार्ड सेलेक्ट कार्ड ग्राहकों को पूरे भारत में जिम, फिटनेस कक्षाओं और कल्याण कार्यक्रमों के एक विस्तृत नेटवर्क तक पहुंच प्रदान करने वाली एक कांप्लीमेंट्री 1-वर्षीय फिटपास प्रो सदस्यता भी मिलती है।

## शिकार और जंगलों की कटाई बनी काल- हिम तेंदुआ से बंगाल टाइगर तक, खतरे में हैं भारत की दुर्लभ प्रजातियां

नई दिल्ली (एजेंसी)। मानव की बढ़ती और घनी होती आबादी, तेजी से भूमि विकास, घटते जंगल, अवैध शिकार और जलवायु परिवर्तन के साथ विज्ञान का प्रकृति के बीच बढ़ता हस्तक्षेप कई समस्याओं का जन्मदाता है। परिणामस्वरूप कई जानवरों की प्रजातियां हैं जो विलुप्त होने के खतरे का सामना कर रही हैं। भारत में हिम तेंदुआ, बंगाल टाइगर से लेकर और भी प्रजातियां हैं, जो लुप्तप्राय की सूची में शामिल हैं।

आज विलुप्तप्राय प्रजाति दिवस है। ऐसे में आइए जानते हैं उन प्रजातियों का हाल, जो संकटग्रस्त हैं। अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ ने साल 2020 में रेड लिस्ट जारी कर बताया था कि भूमि पर रहने वाले जानवरों की 500 से अधिक प्रजातियां संकटग्रस्त हैं। इनमें से कई प्रजातियों को संघ ने विलुप्तप्राय घोषित कर दिया।

भारत में कई प्रजातियां हैं, जो विलुप्त होने के खतरे का सामना कर रही हैं।

लुप्तप्राय प्रजातियों के बारे में जानकारी से पहले बता दें कि विलुप्तप्राय का अर्थ क्या है? यह वह प्रजाति है जो किसी समय किसी क्षेत्र में पाई जाती थी। लेकिन, अब इसकी जनसंख्या 50 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत से भी कम हो गई है। रेड डेटा बुक में इनका नाम शामिल है।

विलुप्तप्राय लिस्ट में एशियाई हाथी, गंगा नदी डॉल्फिन, एक सींग वाला गैंडा, हिम तेंदुआ और बंगाल टाइगर के साथ अन्य प्रजातियों के नाम शामिल हैं।

**एशियाई हाथी**- एशिया में पाए जाने वाले सबसे बड़े स्तनपायी में शामिल एशियाई हाथी महत्वपूर्ण सांस्कृतिक महत्व रखता है। भारत के साथ ही कई देशों में इनका धार्मिक महत्व भी है। यह जंगलों और घास के मैदानों के पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कभी यह भारत के पंजाब और गुजरात जैसे क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पाए जाते थे। हालांकि, दांतों के लिए उनका बड़ी संख्या में शिकार होता है, जिस वजह से वे खतरे का सामना कर रहे हैं।

**गंगा नदी डॉल्फिन**- दुनिया में मानव जनसंख्या के हिसाब से सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्र में रहने वाली गंगा नदी की डॉल्फिन भी अपने अस्तित्व के लिए खतरे का सामना कर रही है। जल प्रदूषण, नदियों में रासायनिक तत्वों की अधिकता के साथ ही यह कई बार मछली पकड़ने के जाल में उलझ जाती हैं और इन्हीं चीजों ने इन्हें खतरे में डाल दिया है। डॉल्फिन भारत के साथ ही नेपाल और बांग्लादेश में गंगा-ब्रह्मपुत्र और कर्णफुली-सांगू नदी में पाई जाती है।

**एक सींग वाला गैंडा**- भारतीय एक सिंग वाले गैंडे भारत और हिमालय की तलहटी में पाए जाते हैं। अपनी कीमती चमड़ी और सिंग की वजह से यह प्रजाति हमेशा से शिकारियों के निशाने पर रही है। फलस्वरूप ये भी विलुप्तप्राय की सूची में शामिल हो चुके हैं। यही नहीं, नदियों में बाढ़ आने की वजह से भी गैंडों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

**हिम तेंदुआ**- दुखद, लेकिन सत्य है कि भारत में हिम तेंदुओं की संख्या मात्र 500 रह गई है। यह प्रजाति भारत के साथ चीन, नेपाल, भूटान, रूस, पाकिस्तान, अफगानिस्तान के साथ ही मंगोलिया में भी पाई जाती है। गैंडों की तरह हिम तेंदुओं को भी अपनी खाल, हड्डियों और शरीर के अन्य अंगों की वजह से संकट का सामना करना पड़ रहा है। अवैध व्यापार या शिकार इनके लिए और भी खतरनाक है।



बंगाल टाइगर को भी अपनी खाल और शरीर के अन्य अंगों के लिए अवैध शिकार का सामना करना पड़ा है। शहरी विस्तार और तेजी से घटते जंगल इनके लिए और भी नुकसानदायी साबित हुए हैं। खतरों की वजह से इन प्रजातियों के जानवरों पर अस्तित्व का खतरा मंडरा रहा है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9386895799, 9507466535, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902